राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 25 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 86, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

न्यायालय परिसर से बंदी फरार, लापरवाही पर कांस्टेबल सस्पेंड, पांच टीमें तलाश में जुटी...03

हमीरपुर डिपो में भुगतान अनियमितताओं के आरोप, जांच की मांग...12

## शाहीन मलिक एसिड अटैक केस के सभी आरोपी बरी, 16 साल पहले हुई थी दिल दहला देने वाली वारदात

**● पानीपत के शाहीन मलिक एसिड अटैक मामले में रोहिणी कोर्ट ने 16 साल बाद सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया. कोर्ट ने पुलिस जांच में गंभीर खामियां बताईं. शाहीन मलिक ने न्याय न मिलने पर निराशा जाहिर की**

हरियाणा के पानीपत में MBA स्टूडेंट शाहीन मलिक के ऊपर हुए एसिड अटैक मामले में दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने बुधवार (24 दिसंबर) को फैसला सुना दिया. कोर्ट ने इस मामले में सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है. एडिशनल सेशन जज जगमोहन सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पुलिस की जांच में कई गंभीर खामियां रहीं, जिसके चलते आरोप साबित नहीं हो सके।

एडिशनल सेशन जज जगमोहन सिंह ने सबूतों के अभाव में यह फैसला सुनाया. तीन लोगों पर शाहीन मलिक पर तेजाब फेंकने का आरोप था. साल 2009 में शाहीन मलिक हरियाणा के पानीपत स्थित पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से MBA की पढ़ाई कर रही थीं. उस दौरान छात्रा पर तेजाब से हमला किया गया था. इस घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया था।

### 16 साल बाद आया फैसला

16 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया और सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया. इस फैसले ने सभी को चौंका दिया. पुलिस आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत पेश करने में नाकाम रही, जिसके चलते अदालत ने उन्हें दोषमुक्त करार दिया।

### शाहीन मलिक ने जाहिर की निराशा

बुधवार को जब कोर्ट में फैसला सुनाया जा रहा था उस समय शाहीन मलिक भी कोर्ट परिसर में मौजूद थीं. फैसला आने के बाद वो काफी भावुक हो गई. उन्होंने नम आंखों से कहा कि 16 साल तक कानूनी लड़ाई लड़ी और कोर्ट के चक्कर लगाए लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला. उन्होंने कहा कि अगर यही नतीजा आना तो था इससे अच्छा होता कि उसी वक्त हाथों-हाथ बदला ले लेना चाहिए था।

### क्या है मामला



जानकारी के मुताबिक घटना के समय शाहीन मलिक हरियाणा के पानीपत स्थित पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से MBA की पढ़ाई कर रही थीं.आरोप है कि उनके तत्कालीन बॉस, जो पहले से शादीशुदा थे, उन्होंने शाहीन को कथित तौर पर लगातार परेशान करना शुरू कर दिया. लंबे समय तक बॉस ने उनका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया। यह प्रताड़ना कई हफ्तों तक चलती रही. पुलिस जांच में सामने आया था कि बॉस की पत्नी ने यूनिवर्सिटी के एक छात्र के साथ मिलकर शाहीन पर एसिड अटैक की साजिश रची. इस हमले ने शाहीन का चेहरा बुरी तरह से झुलक गया था. इस एक पल ने उसकी पूरी दुनिया बदल दी।

### घटना से देशभर में आक्रोश

शाहीन मलिक पर हुए इस जघन्य हमले ने देशभर में आक्रोश पैदा कर दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए साल 2013 में निष्पक्ष सुनवाई के लिए ट्रायल को हरियाणा से दिल्ली ट्रांसफर कर दिया गया. इसी केस की वजह से एसिड अटैक का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में तेजाब की खुलेआम बिक्री पर सख्त प्रतिबंध और गाइडलाइंस लागू करने के निर्देश दिए. इस हादसे से के बाद से भले ही शाहीन की जिंदगी बदल गई लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी उन्होंने एक NGO की स्थापना की जो आज देशभर में एसिड अटैक सर्वाइवर्स को मेडिकल सहायता और स्किल ट्रेनिंग प्रदान करता है।

## नेशनल चैंपियनशिप, यूपी से ओडिशा वापसी से लौटते वक्त ट्रेन के टॉयलेट के पास बैठे 18 पहलवान

**● नंदनकानन एक्सप्रेस में टॉयलेट के पास फर्श पर बैठकर सफर करने को मजबूर इन खिलाड़ियों का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है**



**ब्यूरो प्रयागराज।** देश में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के दावे अक्सर किए जाते हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कई बार इन दावों के बिल्कुल उलट तस्वीर दिखाती है। ओडिशा के 18 स्कूली पहलवानों के साथ हुई एक घटना ने खेल व्यवस्था और प्रशासनिक तालमेल पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ओडिशा के अलग-अलग स्कूलों से चुने गए 18 प्रतिभाशाली पहलवान और उनके साथ गए 4 शिक्षक 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने उत्तर प्रदेश के बलिया पहुंचे थे। यह प्रतियोगिता अंडर-17 बालक-बालिका फ्री स्टाइल कुश्ती के लिए आयोजित की गई थी, जहां इन खिलाड़ियों ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। 20 नवंबर को जब टीम भुवनेश्वर से बलिया के लिए रवाना हुई, तब सभी के लिए 3-टियर एसी कोच में टिकट बुक कराए गए थे। उस समय यात्रा में कोई परेशानी नहीं हुई। लेकिन समस्या वापसी के दौरान सामने आई।

वापसी की यात्रा के लिए जिन टिकटों की बुकिंग की गई थी, वे कंफर्म नहीं हो पाए और खिलाड़ियों को कोई बर्थ आवंटित नहीं हुई। रेलवे और खेल विभाग के बीच तालमेल की कमी का सीधा असर इन बच्चों पर पड़ा। मजबूरी में सभी 18 खिलाड़ी नंदनकानन एक्सप्रेस के गेट और शौचालय के पास फर्श पर बैठकर घंटों का सफर करने को मजबूर हुए।

राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले ये युवा पहलवान ट्रेन के टॉयलेट के पास बैठे रहे, जबकि उनके लिए पहले से एसी कोच की टिकट बुक की गई थी। यह हालात न सिर्फ असहज थे, बल्कि खिलाड़ियों की गरिमा पर भी सवाल खड़े करते हैं।

इस पूरी घटना का खुलासा तब हुआ जब ट्रेन में सफर कर रहे इन खिलाड़ियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे बच्चे और किशोर खिलाड़ी बेहद खराब हालात में यात्रा कर रहे हैं। वीडियो सामने आते ही मामला तूल पकड़ गया और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया।

मामला सामने आने के बाद ओडिशा विद्यालय एवं जन शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक से इस पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत और स्पष्ट रिपोर्ट तलब की है। अब यह जांच की जा रही है कि जब 3-टियर एसी के टिकट बुक थे, तो वे कंफर्म क्यों नहीं हुए और बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी लिपिक गिरफ्तार



शादी का लालच देकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाये और काम का बहाना बनाकर सात लाख रुपये ऐंठ लिये। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि आशीष ने पीड़िता को धोखे में रखकर इसी साल नवंबर में दूसरी युवती से शादी कर ली। गोंडा जिले में एक किशोरी को शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करने, उससे सात लाख रुपये ऐंठने और धोखा देकर दूसरी युवती से शादी करने के आरोप में पुलिस ने कोषागार में तैनात एक लिपिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की एक किशोरी को शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करने, उससे सात लाख रुपये ऐंठने और फिर दूसरी युवती से शादी करने के आरोप में पुलिस ने कोषागार में तैनात लिपिक आशीष सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने दर्ज मुकदमे के हवाले से बुधवार को बताया कि पेंशन के काम लिए कोषागार कार्यालय में जाने के दौरान लड़की की आशीष सिंह से मुलाकात हुई थी। आशीष ने पेंशन भत्ते में सहायता का आश्वासन देकर पीड़िता का विश्वास जीता और उसके करीब आ गया सूत्रों ने बताया कि इसी दौरान उसने शादी का लालच देकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाये और काम का बहाना बनाकर सात लाख रुपये ऐंठ लिये। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि आशीष ने पीड़िता को धोखे में रखकर इसी साल नवंबर में दूसरी युवती से शादी कर ली। इसकी जानकारी मिलने पर पीड़िता ने नगर कोतवाली में आशीष सिंह के खिलाफ तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। सूत्रों ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद आरोपी आशीष सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पत्थर रखकर बना डाला नाला, मसाला भरना भूला ठेकेदार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**हमीरपुरः-** मुस्करा विकासखण्ड के बिवांर कस्बा में हीरानन्द महाविद्यालय के सामने रोड के दूसरी तरफ बन रहे नाला में भृष्टाचार की तस्वीर साफ-साफ दिखाई दे रही है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नाला निर्माण में बेहद घटिया सामग्री प्रयोग की जा रही है, साथ ही पत्थरों से बनाए जा रहे इस नाला में ठेकेदार, पत्थरों को सिर्फ रखकर बाहर से मिट्टी भरने में जुटा है। नाला किनारे रहने वाले जागेश्वर श्रीवास ने बताया कि नाला के बॉटम से ही पत्थरों को सिर्फ जमा- जमाकर रखा गया है और नाला के अन्दर के हिस्से में मसाला लगाया गया है। चंद्रपाल श्रीवास ने बताया बाहर से खोखले दिख रहे पत्थरों में मिट्टी भरी जा रही है, जो बेहद कमजोर है। कहा कि मिट्टी भराई के बाद अगर कोई भी साधन चढ़ेगा तो यह नाला उसी समय भरभराकर गिर जाएगा। वहीं इंद्रेश कुमार द्विवेदी का कहना था कि नाला के अंदर छपाई भी नहीं की जा रही है, कहा जैसे ही नाला से पानी निकासी होगी तो छपाई के बिना पानी का रिसाव होगा और नाला बैठ जाएगा। वहीं मौजूद मेट शिवकुमार ने कहा कि उसे ठेकेदार से जैसे निर्देश मिले हैं वैसा ही काम करवा रहा है। मेट से ठेकेदार ब्रेजेश शिवहरे का फोन नम्बर लेकर बात की तो उसने बताया कि नाला की लंबाई 206 मीटर है और चौड़ाई 6 फुट टॉप है।बताया कार्यदायी संस्था आरईएस है, जिसका स्टीमेट 12 लाख 40 हजार है। ठेकेदार ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि अगर मसाला नहीं भरा गया तो भरवाया जाएगा।वहीं स्थानीय लोगों की मांग है कि नाला निर्माण अच्छे ढंग से करवाया जाए ताकि टिकाऊ बन सके।

## रात 11 बजे तक मिल सकेगी मदिरा





**ललितपुर।** क्रिसमस के उत्सव व नया वर्ष मनाये जाने के अवसर पर मदिरा, बीयर और मॉडल शॉप की फुटकर दुकानें सुबह 10 से रात 11 बजे तक खोलने के निर्देश शासन से मिले हैं। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शासनादेशों की जानकारी देते हुये बताया कि 25 दिस बर को मनाये जाने वाले क्रिसमस की पूर्व संध्या पर और नया साल 1 जनवरी 2026 की पूर्व संध्या पर 31 दिस बर 2025 को मदिरा की सभी फुटकर दुकानों पर मदिरा की बिक्री रात 11 बजे तक होगी। इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जारी हुये हैं।

## पैसों के लालच में कलयुगी बेटे ने मां को लाठी- डंडों से कुचल डाला





**● अस्पतालों की चौखट पर तड़पती रही महिला, 5 दिन बाद मौत।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**घूरपुर, प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के बूंदावा गांव में रिश्तों को तार-तार कर देने वाली दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। पैसों के विवाद में एक बेटे ने अपनी ही मां को बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के मुंह में धकेल दिया। आरोप है कि 6 दिसंबर 2025 को धीरज पटेल ने पिता से पैसे की मांग को लेकर हुए विवाद के दौरान लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचीं मां रीता देवी पर भी आरोपी ने लाठी से ताबड़तोड़ वार किया और जमीन पर गिरने के बाद सीने पर लात मार दी, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गई।परिजन घायल रीता देवी को तत्काल इलाज के लिए रस्तोगी हॉस्पिटल जसरा ले गए, जहां मारपीट का मामला होने और हालत गंभीर बताकर भर्ती करने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद उन्हें स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर नैनी क्षेत्र के मेवालाल बगिया के पास स्थित एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। कई दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जूझती रही महिला की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। अंततः उन्हें पुनः स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां कोमा की अवस्था में इलाज के दौरान 11 दिसंबर 2025 को रीता देवी की मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी धीरज पटेल ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो पूरे परिवार को जान से मार देगा। मृतका के सौतेले बेटे गोविंद प्रसाद सिंह ने आरोप लगाया कि आरोपी ने फोन पर मां की हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए पिता गनेश सिंह और सौतेले भाई को भी जान से मारने की धमकी दी। परिजनों के पास आरोपी की ऑडियो कॉल रिकॉर्डिंग मौजूद होने का दावा किया गया है। इस मामले में गोविंद प्रसाद सिंह ने थाना प्रभारी घूरपुर को लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में जबरदस्त आक्रोश

**● प्रदर्शन कर, यूनुस सरकार का पुतला फूंका**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







**हमीरपुरः-** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों तथा दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जिला मुख्यालय के बस स्टैंड पर जबरदस्त आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति एवं अन्य हिंदूवादी संगठनों से जुड़े आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता और नागरिक एकत्रित हुए। आक्रोशित जनसमूह ने बांग्लादेश की यूनुस सरकार का पुतला फूंककर कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामदत्त पांडे ने कहा कि बांग्लादेश में सुनियोजित ढंग से हिंदू धर्म, सनातन संस्कृति, हिंदुओं के घरों, दुकानों, संस्थानों, पूजा स्थलों और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। यह कुकर्म न केवल मानवता के विरुद्ध है, बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की।

पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील पाठक ने कहा कि भारत ने बांग्ला मुक्ति वाहिनी के साथ मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध लड़ा, हजारों सैनिकों का बलिदान देकर बांग्लादेश को आज़ादी दिलाई, लेकिन आज वही बांग्लादेश हिंदुओं के खून का प्यासा बन गया है।

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। जिला मंत्री अवधेश शर्मा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है जब हिंदू समाज को संगठित और जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि अब सामान्य नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व और धर्म की रक्षा के लिए सजग और दृढ़ हिंदू बनने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में सह जिला मंत्री अजय हिगवासिया एवं सरस्वती शरण द्विवेदी ने जाति-पात, ऊंच-नीच के भेदभाव को भुलाकर सभी हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एकता ही सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर अत्याचारों का मुकाबला किया जा सकता है।

प्रदर्शन में भुवनेश शुक्ला, सुशील सोनी, सुनील त्रिपाठी, कौशलेंद्र, बजरंग दल प्रमुख सचिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की महिलाएं एवं हिंदूवादी विचारधारा से जुड़े लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार बंद करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण लेकिन अत्यंत आक्रोशपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां 'हिंदू एकता ज़िंदाबाद' और 'अत्याचार बंद करो' जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

### लखनऊ और आसपास के जिलों में रहेगा घना कोहरा, तापमान में आएगी गिरावट

**लखनऊ।** गुरुवार को सर्द और सितम ढा सकती है। गुरुवार को सुबह लखनऊ और आसपास के जिलों में घना कोहरा रहेगा। दोपहर बाद आसमान साफ हो सकता है। वहीं, बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा , दोपहर में धूप निकली लेकिन शाम होते ही लोग गलन के कारण ठिठुरते रहे। बुधवार को अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि 4.8 डिग्री अधिक रहा। गुरुवार को अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस से कम होकर 19 और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस की जगह 11 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।



## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बहन की मौत, हेलमेट से बंची भाई की जान

**बस्ती।** जिले के रुधौली थाना क्षेत्र में कोहरे के कारण अठदमा स्कूल के पास सोमवार रात हुए एक सड़क हादसे में घायल भाई बहन मे बहन की मौत हो गई जबकि जबकि भाई हेलमेट पहने होने के कारण सुरक्षित बच गया। एक युवती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 10 बालेश्वरी नगर निवासी 22 वर्षीय प्रेमलता अपने भाई राहुल के साथ दोपहिया वाहन से घर लौट रही थी। इसी दौरान अठदमा स्कूल के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में प्रेमलता के सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी रुधौली पहंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रेमलता को मृत घोषित कर दिया। हेलमेट की वजह से राहुल की जान बंच गई। घटना के बाद परिजनों ने प्रेमलता का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने उन्होंने बताया कि थाने में इस घटना की कोई सूचना दर्ज नहीं की गई है।

### गेहूँ की फसल को लेकर किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन




**बलरामपुर।** जनपद में गेहूँ की फसल के लिए खाद की कमी से परेशान किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र खाद आपूर्ति की मांग की है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूँ की फसल की बढ़वार के लिए खाद की अत्यंत आवश्यकता है, लेकिन सहकारी समितियों एवं खाद बिक्री केंद्रों पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि समय पर खाद न मिलने से गेहूँ की फसल प्रभावित हो रही है और उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है। यदि जल्द ही खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जनपद की सभी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति कराई जाए और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गेहूँ की फसल को नुकसान से बचाया जा सके। प्रशासन की ओर से किसानों को शीघ्र समस्या समाधान का आश्वासन दिए जाने की बात कही गई है।

### मां को लेकर लौट रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम भारौनी में रहने वाली राजकुमारी पत्नी राघवेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे उसके पति पल्सर मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 एन 3735 पर अपनी मां केसरबाई को बैठाकर बानपुर ललितपुर रोड पर भौरानी तिराहा से घर लौट रहे थे। वह जैसे ही गांव में रब्बू बुनकर के मकान से थोड़े आगे पहुंचे कि सामने से गांव के राजकुमार पुत्र रामसिंह ने अपनी मोटर साइकिल हीरो डीलक्स नं. यू.पी.94 एल 0841 से उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति को चेहरे में गंभीर चोटें आयीं और मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। तभी पीछे से आ रही ग्राम मसौराकलां निवासी अजय पुत्र हरीसिंह अहिरवार ने उसे व परिजनों को सूचित किया। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से पति को उपचार के लिए मुख्यालय के एक प्राईवेट अस्पताल पहुंची, जहां से घायल पति को झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर डीलक्स बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से बच्ची घायल

**ललितपुर।** थाना बार के ग्राम धोवनखेरी निवासी राजकुमारी पत्नी अरविन्द ने पुलिस को बताया कि बीती 20 अगस्त 2024 को अपराह्न 3 बजे वह अपने पति अरविन्द के साथ मैनवार से घर ललितपुर मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 वी 6053 से आ रही थी। तभी ग्राम चढ़रऊ तिराहा पर मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.एच. 1357 के चालक ने तेजी व लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बकाया रकम के विवाद में व्यापारी की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में 10 दिसंबर को गल्ला व्यापारी नीरज सिंह की हुई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना वाल्टरगंज पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में इस हत्याकांड की साजिश का पर्दाफाश किया गया।पुलिस के अनुसार नीरज सिंह की हत्या को पहले सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई थी, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और परिस्थितिजन्य प्रमाणों के आधार पर मामला हत्या का पाया गया। जांच के दौरान लालजी चौधरी और संजय सिंह की भूमिका सामने आई, जिसके बाद दोनों को 24 दिसंबर की शाम गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त मारुति सुजुकी डिजायर कार और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।पूछताछ में आरोपी लालजी चौधरी ने बताया कि नीरज सिंह उसके परिचित थे और गांव-गांव घूमकर किसानों से गल्ला खरीदकर उसे बेचते थे। इस वर्ष नीरज सिंह ने करीब 18 लाख 20 हजार रुपये का धान लालजी को बेचा था, जिसमें से लगभग नौ लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका था, जबकि करीब नौ लाख बीस हजार रुपये बकाया रह गए थे। बकाया रकम को लेकर नीरज सिंह लगातार दबाव बना रहे थे, जिससे परेशान होकर लालजी ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

10 दिसंबर को नीरज सिंह को रुपये देने के बहाने कार में बैठाया गया और उसके साथ संजय सिंह को भी लिया गया। रास्ते में नीरज को शराब पिलाई गई और नशे की हालत में उसके साथ मारपीट कर उसे अचेत कर दिया गया। इसके बाद उसकी मोटरसाइकिल को सड़क किनारे पुलिया के पास गिराकर उसका शव वहीं छोड़ दिया गया ताकि यह दुर्घटना लगे। आरोपियों ने घटना को पुख्ता करने के लिए कार का पिछला पहिया उसके शरीर पर चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों की योजना वारदात के बाद फरार होने की थी, लेकिन उससे पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल दोनों से पूछताछ जारी है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## बस स्टैण्ड के यात्री प्रतिक्षालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**ललितपुर।** यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैण्ड में शासन के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा बसों में कार्यरत चालक, परिचालक एवं अन्य सहयोगी स्टाफ की सामान्य स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 लोगों की एच.आई.वी., सिफलिस, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी जांच तथा 16 व्यक्तियों की क्षय रोग की स्क्रीनिंग की गयी, जिसमें सभी लोग निगेटिव पाए गए। शिविर में 105 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से तीन व्यक्ति निकट दृष्टि दोष से एवं 52 लोग दूर दृष्टि दोष से ग्रसित पाए गए जिन्हें चश्में की सलाह दी गयी। नेत्र परीक्षण में 50 व्यक्तियों की दृष्टि सामान्य पायी गयी। शिविर में राजकुमारी, अतुल, अरविन्द एल.टी., मनीष, नवीन सोनी एसटीएस, आदेश श्रीवास्तव पीपीएमसी, अमित पुरोहित एसटीएलएस द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## कुदरहा विकास खंड मंझरिया में जिले में सबसे ज्यादा 215 मनरेगा मजदूरों की लग रही हाजिरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकासखण्ड कुदरहा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मंझरिया में जिले में सबसे ज्यादा मनरेगा मजदूरों की लग रही हाजिरी से जुड़ा मामला ग्राम पंचायत मंझरिया में जिले में सबसे ज्यादा 215 मनरेगा मजदूरों की लग रही हाजिरी ग्राम पंचायत मंझरिया में 217 मनरेगा मजदूरों का जारी है आनलाइन मस्टर रोल, फर्जी फोटो के सहारे लग रही आनलाइन हाजिरीग्राम पंचायत मंझरिया में सबसे ज्यादा मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाना जिले में बना चर्चा का विषयडीएम व सीडीओ के कड़े निर्देश के बाद भी इतने बड़े पैमाने पर मनरेगा मजदूरों का मस्टर रोल जारी होना व मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगना बना जांच का विषयसूत्रों की माने तो डीएम व सीडीओ ने एक ग्राम पंचायत में अधिकतम 50 मनरेगा मजदूरों का आनलाइन मस्टर रोल जारी करने का दिया है निर्देश किस तकनीक व जुगाड़ से प्रतिदिन 215 मनरेगा मजदूरों की आनलाइन लग रही हाजिरी उस तकनीक व जुगाड़ को जानने के लिए अन्य ग्राम प्रधान है लाला यातित ग्राम पंचायत मंझरिया में 217 मनरेगा मजदूरों की आनलाइन मस्टर रोल जारी होने पर बीडीओ आलोक कुमार पंकज पर खड़ा हो रहा बड़ा सवालबस्ती जिले के विकासखण्ड कुदरहा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मंझरिया में जिले में सबसे ज्यादा मनरेगा मजदूरों की लग रही हाजिरी से जुड़ा मामला ।

## मंगेतर की साजिशन हत्या का खुलासा, 24 घंटे में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** थाना रेहरा बाजार क्षेत्र में मंगेतर की साजिशन हत्या के मामले में बलरामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को शहजाद उर्फ मोहम्मद शफीक पुत्र फकीर मोहम्मद निवासी ग्राम लालाडीह हुसैनाबाद ग्रिंट ने थाना रेहरा बाजार में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी भतीजी, जिसका विवाह इमरान से तय था, की साजिशन हत्या कर दी गई। आरोप है कि सकीना पुत्री लाल मोहम्मद ने मृतका को अपने घर बुलाया, जहां पहले से मौजूद मंगेतर इमरान के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए सकीना की मां जैनब ने पड़ोसियों में यह अफवाह फैलाई कि मृतका ने मिट्टी का तेल डालकर खुद को आग लगा ली है।

सूचना मिलने पर परिजन मृतका को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में थाना रेहरा बाजार पर मु0अ0सं0 248/25 धारा 103(1), 238(ड्), 61(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सकीना, जैनब तथा इमरान को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इमरान का सोशल मीडिया के माध्यम से सकीना से संपर्क हो गया था और दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जब मृतका को इसकी जानकारी हुई तो उसने इसका विरोध किया। इसी से नाराज होकर तीनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और घटना को आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक आशीष कुमार सिंह, राहुल यादव, महिला उपनिरीक्षक दिव्या सिंह, हेड कांस्टेबल आदित्य राय, सुरेश कुमार, अनिल सिंह, कांस्टेबल सुशील सिंह सहित महिला कांस्टेबल आरती वर्मा, रिचा अग्निहोत्री एवं अर्चना शामिल रहीं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## कोहरे में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, हाईवे पर बढ़ी पेट्रोलिंग, 5.75 लाख की वसूली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी एवं प्रशासनशीत ऋतु में घने कोहरे के कारण घटती दृश्यता को देखते हुए आमजन की सुरक्षा और जनहानि रोकने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। परियोजना निदेशक एनएचएआई, परिवहन विभाग, यातायात विभाग और लोक निर्माण विभाग को कोहरा प्रभावित कॉरिडोर और दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाने, एम्बुलेंस, क्रेन और फायर टेंडर की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर हाई मास्ट लाइट और एंटी-फॉग लाइट लगाने, लेन मार्किंग, रिफ्लेक्टर-डेलिनेटर, कैट आई और रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनेज की समुचित व्यवस्था करने को कहा है। सड़क किनारे खड़े या खराब वाहनों को तत्काल हटाने के लिए प्रभावी पेट्रोलिंग और क्रेन के माध्यम से सुरक्षित स्थलों पर खड़ा कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में शत-प्रतिशत रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाने और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए वाहन चालकों को कोहरे को लेकर लगातार चेतावनी देने पर जोर दिया गया है।

इन निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध पार्किंग और गन्ना लदे ओवरहाइट ट्रकों के खिलाफ सात वाहनों का चालान किया गया। हाईवे किनारे स्थित यूरिया पंप मालिकों को भी अपने टैंक और संबंधित उपकरण तत्काल राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाने के निर्देश दिए गए प्रशासन के अनुसार दिसंबर माह में 23 दिसंबर 2025 तक ओवरलोड में 29 वाहन, बिना रिफ्लेक्टर 58 वाहन, गन्ना लदे/ओवरहाइट 67 वाहन और अवैध पार्किंग में 91 वाहनों के खिलाफ चालान या निरुद्धीकरण की कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत कुल 5.75 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क वसूल किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आगे भी सघन कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्रधानाचार्य परिषद का 47 वां प्रान्तीय अधिवेशन 26, 27 को

**●अधिवेशन में प्रधनाचार्यो की लम्बित समस्याओं के निस्तारण के लिए तय होगी रणनीति**

**विद्यालयों की शैक्षिक स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार पर भी होगा व्यापक विचार-विमर्श**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** प्रधानाचार्य परिषद का 47 वां प्रान्तीय अधिवेशन 26, 27 दिसम्बर को है। जिसमें प्रधानाचार्यों की लम्बित समस्याओं के निस्तारण के लिए रणनीति तय होगी। साथ ही विद्यालयों की शैक्षिक स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।अधिवेशन में जनपद के अधिकाधिक प्रधानाचार्यों की सहभागिता को लेकर स्काउट भवन में परिषद की जनपदीय इकाई की बैठक आयोजित की गयी। संरक्षक मार्कण्डेय सिंह, डा संजय सिंह, अध्यक्ष योगेश कुमार शुक्ल व मंत्री डा हरेंद्र प्रताप सिंह ने आह्वान किया कि 26, 27 दिसम्बर को अधिक से अधिक संख्या में अयोध्या स्थित महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय पहुंचकर अधिवेशन में जनपद की दमदार सहभागिता सुनिश्चित कराएं।बताया कि संगठन का शीर्ष नेतृत्व निरंतर प्रधानाचार्यों की समस्याओं के समाधान की दिशा में तत्परतापूर्वक कार्य कर रहा है। ऐसे में संगठन की शक्ति बढ़ाने में हर संभव सहयोग देना हम सबकी जिम्मेदारी है।

कार्यकारी अध्यक्ष आज्ञाराम चौधरी, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,डा के0डी0द्विवेदी,डा मनोज सिंह, डा बृजेश कुमार पासवान, डा सुरभि सिंह, धर्मेन्द्र कुमार ,संजय द्विवेदी, संयुक्त मंत्री डा प्रमोद उपाध्याय,विजय कुमार, डा0अरुण मिश्र ने सुझाव दिया कि जनपदीय टीम एक साथ अधिवेशन में ससमय उपस्थित हो। निर्णय यह भी हुआ कि जिन कार्यरत प्रधानाचार्यो को अब पद का समान वेतन नहीं मिला है, उनके लिए निर्णायक प्रयास किया जाए। यह भी तय किया गया कि खैर इंटर कॉलेज बस्ती के प्रकरण में प्रधानाचार्य फैज आलम के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जनपद की ऐसी समस्याओं की ओर शीर्ष नेतृत्व का ध्यान फिर से आकृष्ट कराया जाय,जिनका समाधान प्रादेशिक स्तर से होना है। बैठक में वीरेंद्र सिंह कौशलेंद्र मिश्र, रामप्रीत यादव, सर्वेन्द्र नारायण द्विवेदी, विनोद प्रकाश वर्मा संतोष कुमार पाण्डेय, सुधीर कुमार, विजयसेन सिंह, महेश सिंह,राजितराम वर्मा राकेश शर्मा,रामबचन, रामसहाय, अरुण कुमार श्रीवास्तव, आलोक कुमार, इन्द्र कुमार समेत कई प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## कोहरा व खराब मौसम के मद्देनजर 108 व 102 एम्बुलेंस सेवाओं का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा कोहरा, खराब मौसम एवं संभावित सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत जनपद बलरामपुर में संचालित 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एम्बुलेंस में उपलब्ध जीवन रक्षक उपकरणों, दवाओं, ऑक्सीजन, स्ट्रेचर, फर्स्ट एड किट, कम्यूनिकेशन सिस्टम तथा स्टाफ की तत्परता एवं सजगता की जांच की गई। सीएमओ ने संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल रिस्पॉन्स टाइम सुनिश्चित करते हुए मरीजों को समय से उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के समय जनपद की एम्बुलेंस सेवाएं संतोषजनक पाई गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि कोहरे एवं खराब मौसम के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में एम्बुलेंस सेवाओं की सक्रियता और तत्परता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी एम्बुलेंस कर्मी सतर्क रहें, वाहनों की नियमित जांच करें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे अलर्ट मोड में कार्य करें, ताकि आमजन को त्वरित एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## कुल्हाड़ी से पैर पर किया प्रहार, मामला दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट अंतर्गत ग्राम हर्षपुर मजरा साठिया में रहने वाले पहलवान पुत्र कमल कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 22 दिसम्बर की शाम करीब 7 बजे उसका भाई जशरथ गांव में दयाराम की दुकान से सामान लेने गया था। तभी गांव के बलराम पुत्र राजेन्द्र सिंह ठाकुर आया और बिना कारण उसके भाई को गालियां देने लगा। मना करने पर बलराम ठाकुर ने उस पर हाथ में लिये कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया, जिससे कुल्हाड़ी जशरथ के पैर में जाकर लगी और वह घायल हो गया। शोरगुल होने पर बलराम उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बलराम के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 118 (1), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मां की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर, जीवन रक्षा का संकल्प

**●36 लोगों ने रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**संग्रामपुर, अमेठी।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (एम.डब्ल्यू.ओ.) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने अपनी दिवंगत मां सोना देवी की पुण्यतिथि पर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। मां की स्मृतियों को अमर करने के लिए उन्होंने संग्रामपुर ब्लॉक के करनाईपुर ग्राम पंचायत के रानीपुर गांव स्थित अपने आवास पर भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस नेक पहल से न केवल मां को भावपूर्ण श्रद्धांजलि मिली, बल्कि जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी रक्त बूंदें भी उपलब्ध हुई। शिविर कुल 36 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जो समाज सेवा की मिसाल है। रक्तदाताओं में घनश्याम शर्मा, शिवम शर्मा, श्रीकांत शर्मा, उदय राज शर्मा, उमेश मौर्य, नितीश कुमार शर्मा, राम अवध विश्वकर्मा, अरविंद कुमार शर्मा, सुरेश कुमार सिंह, घनश्याम सिंह, चित्रसेन सिंह, कीर्ति मिश्रा, मोहम्मद फैसल, चंद्र प्रकाश, हंसराज गुप्ता, सुभाष पाल, राजेश शर्मा, बृजेश कुमार मौर्य, मुकेश शर्मा देवेंद्र कुमार मौर्य नीतीश कुमार शर्मा, उमेश कुमार मौर्य, सरवन शर्मा, देव बक्श सिंह, शिव प्रकाश मौर्य, अजीत सिंह, प्रदीप सिंह, शीतला प्रसाद प्रजापति, अर्जुन शर्मा, रंजीत कुमार शर्मा, अनीश कुमार शर्मा योगेंद्र, अंबिका प्रसाद मौर्या, अंसार अली, अजय कुमार शर्मा, कुलदीप शर्मा, अमरजीत शर्मा, पवन कुमार शर्मा, बीडीसी करुणा शंकर शुक्ला आदि शामिल रहे। इस पावन अवसर पर एम डब्ल्यू ओ की प्रान्तीय एवं जिला (अमेठी) कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित होकर घनश्याम शर्मा के संकल्प की सराहना की। घनश्याम शर्मा ने कहा, 'मां की पुण्य आत्मा को यह रक्तदान ही सच्ची श्रद्धांजलि है। आइए, हम सब मिलकर ऐसे आयोजनों से समाज को मजबूत बनाएं।' यह शिविर न केवल भावुक क्षणों से भरा था, बल्कि सेवा और समर्पण का प्रेरक संदेश भी दे गया।

इस अवसर पर राजमणि शर्मा शिवदयाल शर्मा सचिन शर्मा हरिश्चंद्र शर्मा छेदीलाल शर्मा अजीत शर्मा संतोष शर्मा सुरेश शर्मा दूधनाथ शर्मा मुकेश शर्मा डॉक्टर सनत कुमार बंगाली आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

रक्त संग्रह करने का कार्य सुल्तानपुर के गोमती ब्लड बैंक के डॉक्टर सौरभ सिंह व उनके स्टाफ सतीश जायसवाल आदि ने बहुत ही कुशलतापूर्वक किया।

## अमेठी के चौमुखी विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली रानी शाम्भवी सिंह

**●पूर्व विधायक महारानी गरिमा सिंह व उनके बेटे अनंत विक्रम सिंह ने अमेठी के सर्वांगीण विकास को लेकर की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात**

**अमेठी में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण एवं युवा अवसरों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** अमेठी की पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी की मजबूत स्तंभ अमेठी महारानी गरिमा सिंह , उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह तथा उनकी बहु रानी शाम्भवी सिंह ने उत्तर प्रदेश में सुशासन, सुरक्षा और विकास के प्रतीक बने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर अमेठी के सर्वांगीण विकास को लेकर ठोस एवं निर्णायक चर्चा की।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ इच्छाशक्ति से उत्तर प्रदेश आज विकास, कानून-व्यवस्था और सुशासन के नए युग में प्रवेश कर चुका है।अब भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और नेतृत्व में विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।प्रतिनिधिमंडल ने अमेठी में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण एवं युवा अवसरों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँच रही हैं और अमेठी इसका सशक्त उदाहरण बनने की क्षमता रखता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के विकास को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर कार्य कर रही है और किसी भी क्षेत्र के साथ अन्याय या भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि अमेठी को भी प्रदेश के अग्रणी विकासशील जनपदों की श्रेणी में लाने के लिए सरकार हरसंभव कदम उठाएगी।यह भेंट स्पष्ट संदेश देती है कि अमेठी अब खोखले वादों की राजनीति से बाहर निकलकर भाजपा के विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन के मॉडल के साथ मजबूती से खड़ा है। यह संवाद अमेठी में भाजपा की सशक्त उपस्थिति और जनविश्वास को और अधिक मजबूत करने वाला सिद्ध होगा।

## शीतलहर के दृष्टिगत एसडीएम मुसाफिरखाना ने गो आश्रय स्थल मंगरौरा का किया निरीक्षण

**● केयरटेकरों को वितरित किए कंबल, ठंड से बचाव में सहायक सिद्ध होंगे कंबल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** शीत लहर के दृष्टिगत जनपद में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया द्वारा तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत गो आश्रय स्थल मंगरौरा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने गौशाला में शीतलहर से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निराश्रित गोवंश के लिए चारे, पेयजल, साफ-सफाई, ठहराव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ठंड के मौसम को देखते हुए गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में तैनात केयरटेकरों को शीतलहर से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए गए। उन्होंने केयरटेकरों से गोवंश की नियमित देखरेख, समय पर चारा-पानी उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## चंचल नायक ने बुन्देलखण्ड की शौर्य गाथा को बुन्देली भाषा में किया प्रस्तुत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद से नेमवि इकाई अध्यक्ष चंचल नायक ने अभाविप कानपुर प्रांत द्वारा वीर अभई के नगर उरई में आयोजित हो रहे 65 वे प्रांत अधिवेशन मे बुंदेलखंड की शौर्य गाथा को बुंदेली भाषा मे प्रस्तुत किया। चंचल नायक ने मंच पर बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दी। बुंदेलखंड की धरती पर जन्मी चंचल नायक ने अपनी अंतिम कविता मे चंचल जी ने कहा है सबसे पहले आज़ादी का हमने विगुल बजाया था, रानी झांसी के चरणों में गोरों ने शीश झुकाया था। आल्हा- ऊदल की गाथा सुन तलवारें नाचने लगती हैं, मर्दन सिंह, राजा खेत सिंह की कथा बचाने लगती हैं। बुंदेल केसरी छत्रसाल से मौत स्वयं घबराती है, बुंदेलखंड की माटी दुनिया भर में पूजी जाती है। हम तूफ़ानों से लड़ते हैं, हम जुगनू के रखवाले हैं, हम मधुकर साह बुंदेला का विद्रोह जगाने वाले हैं। हरदौल लल्ला, आल्हा- ऊदल, लक्ष्मीबाई मर्दानी को सौ-सौ बार नमन मेरा, बुंदेलखंड के पानी उठो बुंदेलखंड के शेरा जागो मां ने तुम्हे बुलाया है कहो गर्व से हम बुंदेलखंडी और बुंदेलखंड हमारा है।

## संक्षिप्त खबरें

### साहित्यिक कृति 'वातायनी' का राज्यपाल के हाथों लोकार्पण



**बिसवां सीतापुर** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वरिष्ठ साहित्यकार पद्म कांत शर्मा संपादित कृति वातायनी सफरनामा का विमोचन राजभवन में किया। सीतापुर के मोहल्ला खूबपुर नवीन गल्ला मंडी निवासी पुस्तक कवियत्री लेखक डॉ.छाया त्यागी की साहित्यिक सृजन यात्रा पर केंद्रित है। जिसमें विविध विधाओं की रचनाएं समाहित हैं। वातायनी का पुस्तक लोकार्पण राजभवन लखनऊ मे किया गया, जिसका संपादन वरिष्ठ साहित्यकार संपादक पद्म कांत शर्मा प्रभात निवासी बिसवां ने किया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन में वातायनी पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में लेखिका डॉ. छाया त्यागी के व्यक्तित्व, विचार-जगत और साहित्यिक यात्रा पर विषद् विवेचन की गई है।वातायनी पुस्तक की सामग्री चयन डॉ. नीलम सेठी एवं प्रो. सुधीर बावेजा द्वारा किया गया है। विमोचन के समय कृति संपादक वरिष्ठ साहित्यकार पद्मकांत शर्मा 'प्रभात' ने कृति पर प्रकाश डाला। पुस्तक सप्तरिषी पब्लिकेशन चंडीगढ़ द्वारा प्रकाशित की गई है। कृति डॉ. छाया त्यागी के जीवन, अनुभवों और विचारों की वैचारिक खिड़की है। डॉ, त्यागी ने राज्यपाल महोदया के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर अधिवक्ता सवितुर त्यागी जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए मुकाबले मे शिवगढ़ लखीमपुर और बलरामपुर की टीमों ने शानदार दर्ज की जीत



**बिसवां सीतापुर:** हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में बुधवार को प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए मुकाबलों में शिवगढ़, लखीमपुर और बलरामपुर की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। दिन का पहला मुकाबला शाहजहांपुर और शिवगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें शिवगढ़ की टीम ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत हासिल की। शिवगढ़ के लवकुश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मुकाबले में लखीमपुर ने बाराबंकी को 5-0 से पराजित किया। लखीमपुर की टीम ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा, जबकि बाराबंकी की टीम गोल करने में असफल रही। लखीमपुर के शैजल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में बलरामपुर ने लखनऊ को 3-1 से शिकस्त दी। बलरामपुर की ओर से प्रहलाद के शानदार खेल के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका परवेज अख्तर, मनीष द्विवेदी, खुर्शीद अहमद, फहद खान और दुर्गा प्रसाद ने निभाई। आयोजन के दौरान हॉकी कन्वीनर मास्टर असलम, शाह आलम खान राणा, इशरत अली, हाजी इसरार खां, मो. शुएब, जैनुल आबदीन, मो. कलीम, राजकुमार रस्तोगी, नुसरत अली, रेहान कादरी, बदर हयात खान व अन्नू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।


### आवश्यक सूचना

आधार हाऊसिंग फाइनेंस लि0 की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्रीमती सरोज देवी पाल ऊर्फ सरोजा पत्नी श्री राम विलास पाल ऊर्फ राम विलास, निवासिनी- ग्राम नीवा बरौली परगना बिजनौर तहसील-सरोजनी नगरग लखनऊ व श्रीमती चन्द्रावती उर्फ चन्दावती पत्नी शिव बालक, निवासिनी-ग्राम नीवा बरौली परगना बिजनौर तहसील-सरोजनी नगरग लखनऊ ने अपना भूखण्ड, जो खसरा सं0-834 रकबा 1200 वर्गफीटग स्थित-हरिहरपुर (आशिंक) वार्ड-इब्राहिमपुर, तहसील-सरोजनी नगर, जिला-लखनऊ पर स्थित है जिसकी चौहद्दी पूरब-भूमि सन्तोष सिंहग पश्चिम- रास्ता 20 फिट चौड़ा, उत्तर- विक्रेता का शेष भागग दक्षिण- रास्ता 20 फिट चौड़ा को श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी श्री जितेन्द्र गुप्ता को विक्रय का प्रस्ताव किया है उपरोक्त भूखण्ड आधार हाऊसिंग फाइनेंस लि0 में श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी श्री जितेन्द्र गुप्ता द्वारा बंधक किया जा रहा है उपरोक्त भूखंड विक्रेतागण की पैतृक सम्पत्ति है।

यदि उपरोक्त खसरे के सह खातेदार श्रीमती श्यामकुमारी पत्नी स्व. राममिलन, इजहार अहमद पुत्र शराफत उल्ला, पुत्तीलाल पुत्र भुलईरामग बिपिन कुमार सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह, महेश चन्द्र पुत्र राम स्वरूप, राम सरीख पुत्र सुमेर राम या किसी अन्य व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था को इस क्रय विक्रय अथवा बंधक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अंदर आपत्ति दर्ज कराने का कष्ट करे उपरोक्त समयावधि के बाद किसी प्रकार का दावा विचार योग्य नही माना जायेगा

**आपत्ति हेतु संपर्क करे**
**ललित मोहन जोशी एडवोकेट**
**एमजी- 87 अलीगंज लखनऊ**
**मों- 95658 81290**


# न्यायालय परिसर से बंदी फरार, लापरवाही पर कांस्टेबल सस्पेंड, पांच टीमें तलाश में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में मंगलवार को न्यायालय परिसर से एक बंदी के फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को सख्त कार्रवाई की पुलिस अभिरक्षा में लापरवाही सामने आने पर बंदी की सुरक्षा में तैनात मुख्य आरक्षी दफेराज सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार बंदी लवकुश मिश्रा के विरुद्ध भी अलग से अभियोग पंजीकृत किया गया है। यह मुकदमा न्यायालय सुरक्षा प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक वर्मा की तहरीर पर दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार, बंदी लवकुश मिश्रा को जेल से न्यायालय परिसर में पेशी के लिए लाया गया था। पेशी के दौरान वह सेशन कोर्ट परिसर में स्थित लॉकअप से पुलिस आरक्षी को चकमा देकर फरार हो गया इस घटना के बाद न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। फरार बंदी की तलाश में तत्काल पुलिस की चार टीमें गठित कर सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया पुलिस जांच में सामने आया कि बंदी की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही बरती गई थी। इसके बाद सुरक्षा ड्यूटी में तैनात मुख्य आरक्षी दफेराज सिंह के खिलाफ लापरवाही बरतने और बंदी को भगाने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। फरार बंदी लवकुश मिश्रा के खिलाफ भी पुलिस अभिरक्षा से भागने का मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक ने बंदी की सुरक्षा में तैनात मुख्य आरक्षी दफेराज सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच सीओ सिटी को सौंपी गई है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बंदी किन परिस्थितियों में फरार हुआ और इसमें कौन-कौन जिम्मेदार हैं। सीओ सिटी विनायक भोसले ने बताया कि जांच के आधार पर यदि अन्य पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है!!

## चार चक्का वाहन से बाइक सवार को लगा धक्का

### प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेण्टर रेफर

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा ब्लॉक रोड पर मंगलवार को देर रात बाइक से घर वापस जा रहे युवक को ब्रेजा चार चक्का वाहन से धक्का लगने पर बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी श्याम किशोर का 27 वर्षीय पुत्र मंगल पटेल बाइक से हलिया बाजार से घर वापस जा रहे थे कि जैसे ही हलिया ब्लाक रोड पर साधन सहकारी समिति के सामने पहुंचे की ब्रेजा वाहन से आमने सामने से टक्कर हो गया जिससे सड़क पर गिरकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया । इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि युवक के सर पैर एवं हाथ में गंभीर चोट होने के कारण मंडली चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

## ग्रीन बेल्ट की अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर, 20 करोड़ की 23 बीघा जमीन कब्ज़ा मुक्त



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओम सिटी नाम से की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देश पर खैराबाद थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के समीप की गई। बताया गया कि यहां महायोजना 2031 के तहत ग्रीन बेल्ट घोषित भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग कराई जा रही थी, जिसे प्रशासन ने कब्जामुक्त करा लिया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार करीब 23 बीघा ग्रीन बेल्ट की सरकारी जमीन पर ओम सिटी का बोर्ड लगाकर प्लाट काटे जा रहे थे इस जमीन की बाजार कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। जांच में सामने आया कि नियमों को दरकिनार कर तहसील प्रशासन से कथित सांठगांठ के जरिए ग्रीन बेल्ट की भूमि पर धारा 80 दर्ज कराकर प्लाटिंग शुरू कर दी गई थी, जो पूरी तरह अवैध पाई गई। डीएम के आदेश पर तहसील प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर कार्रवाई की गई। बुलडोजर की मदद से प्लाटिंग के लिए किए गए चिन्हांकन, कच्चे रास्ते और अन्य निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। तहसीलदार अतुल सेन सिंह ने बताया कि ग्रीन बेल्ट की जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लाटिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है इसके बावजूद भू-माफियाओं द्वारा लोगों को गुमराह कर प्लाट बेचे जा रहे थे प्रशासन ने ऐसे लोगों को चेतावनी दी है कि अवैध प्लाटिंग में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में अवैध प्लाटिंग और सरकारी जमीन पर कब्जे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा किसी भी कीमत पर ग्रीन बेल्ट और सरकारी भूमि को नुकसान नहीं पहुंचाने दिया जाएगा!!

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन, बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में फूंका पुतला



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त आह्वान पर बुधवार दोपहर बाद शहर में विराट प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिन्दू युवक दीपू दास की कथित निर्मम हत्या के विरोध में पुतला दहन किया और घटना की कड़ी निंदा की इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश सहित पड़ोसी देशों में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाएं चिंता का विषय हैं। प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख विपुल जी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1947 के विभाजन के बाद से भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदू आबादी के आंकड़ों में लगातार गिरावट आई है। उन्होंने इसे सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों से जोड़ते हुए केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस कदम उठाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हुई यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है और वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की अपील की प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध दर्ज कराया और शांतिपूर्ण तरीके से पुतला दहन किया। कार्यक्रम में जिला कार्याध्यक्ष प्रमोद सिंह, विभाग मंत्री उत्तम सिंह, सह मंत्री चंद्रकांत जी एवं कुमुद जी, जिला उपाध्यक्ष अभिनव मिश्रा व सुशील श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री अरविंद, जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदोरिया, सह संयोजक शिवम अर्कवंशी, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख विवेक, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, नगर मंत्री रामनरेश मौर्य, नगर उपाध्यक्ष श्याम बाबा सहित विभिन्न प्रखंडों से आए पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे!!

## अदालत ने बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई



**गाजियाबाद** की एक अदालत ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी व्यक्ति को मंगलवार को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई और एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक संजीव बखरवा ने बताया कि 24 जुलाई 2018 को गुलाब नामक व्यक्ति ने रात करीब डेढ़ बजे अपने पड़ोस में रहने वाली पांच साल की एक बच्ची को उठा कर एक मैदान में ले गया और उससे दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि कुछ पड़ोसियों ने गुलाब को बच्ची से दुष्कर्म करते हुए देखा तो उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। गाजियाबाद की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपिका तिवारी ने मंगलवार को गुलाब को दोषी करार दिया और उसे 20 साल कैद की सजा सुनाई तथा उसपर एक लाख 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

## अवैध अस्पताल में प्रसूता की मौत, डीएम के निर्देश पर संचालक, मकान मालिक पर ग़ैर इरादतन हत्या का केस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सीतापुर** जनपद सीतापुर के बिसवां थाना इलाके में एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर अस्पताल संचालक, मकान मालिक और स्टाफ के अन्य लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम पटना निवासी शाहनूर बानो को शनिवार रात प्रसव पीड़ा होने पर सांडा स्थित आयुष्मान अस्पताल में भर्ती कराया गया था परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में लापरवाही बरती गई और उपचार के दौरान ही प्रसूता की मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और मामला रविवार को प्रशासन के संज्ञान में आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने सोमवार को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। जांच टीम ने अस्पताल पहुंचकर दस्तावेजों की पड़ताल की और मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए। जांच में सामने आया कि प्रसूता की मौत ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक खून बह जाने के कारण हुई। जांच रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि आयुष्मान अस्पताल बिना किसी वैध पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। न तो अस्पताल के पास जरूरी अनुमति थी और न ही मानक के अनुरूप व्यवस्थाएं पाई गईं। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम के आदेश पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद कुमार मिश्रा की तहरीर पर बिसवां थाने में अस्पताल संचालक, मकान मालिक और अस्पताल स्टाफ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और लापरवाह चिकित्सकीय कार्यप्रणाली के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा!

# किसानों की मेहनत ही भारत की रीढ़ः अरुण राय

### ● चिनहट में किसान दिवस पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट नहट स्थित राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो की जलकृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण इकाई में मंगलवार को किसान दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत (ग्रामीण) रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन -2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम में 117 प्रगतिशील किसानों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद अरुण कुमार राय थे। उस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव किसानों की मेहनत पर टिकी है। अन्नदाताओं के योगदान, मेहनत और संघर्ष को हमेशा सम्मान मिलना चाहिए। उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना कृषि क्षेत्र में सुधार संभव नहीं है।

उन्होंने किसानों से नवीन तकनीकों व वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों की आय बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन, जलकृषि, जैविक खेती और बहु-आयामी कृषि योजनाओं को बढ़ावा दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के वैज्ञानिकों ने किसानों को मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीक, जल की गुणवत्ता प्रबंधन, और मछली प्रजनन से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ दीं। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को मिशन-2025 के तहत मिल रही सहायता योजनाओं, ऋण सुविधाओं और रोजगार अवसरों के बारे में भी अवगत कराया। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कृषको को सम्मान और प्रमाण पत्र और तालाब जल परिक्षण किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक एवं प्रभारी प्रो0 के0एन0 तिवारी अधिकारी एआरटीयू चिनहट डॉ0 शरद कुमार सिंह प्रधान, संजय कुमार सिंह चिनहट मंडल अध्यक्ष कमल पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## बांग्लादेश में हिंदुओं पर रहे अत्याचार के खिलाफ विहिप कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मलिहाबाद।** विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार और नरसंहार के विरोध में जन आक्रोश यात्रा निकाली। यह यात्रा मलिहाबाद कस्बे के परम शिवाला परिसर में स्थित विहिप प्रखंड कार्यालय, मोहान रोड से शुरू हुई। यह यात्रा मिर्जागंज डाकघर होते हुए मुख्य चौराहे पर पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की। उन्होंने बांग्लादेश सरकार और आतंकवाद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू दीपू चंद्रदास की हत्या को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर पहुंचकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री भूपेंद्र अर्कवंशी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मानवता के खिलाफ हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका संज्ञान लिया जाना चाहिए।उन्होंने भारत सरकार से पीड़ित हिंदुओं की सुरक्षा और न्याय के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। जन आक्रोश यात्रा में जिला सह मंत्री विहिप सुशील कुमार जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, गौशाला प्रमुख उमाकांत गुप्ता, संस्कृतिक गौरव संस्थान जिलाध्यक्ष संतोष सिंह तिलन, गुलजारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, जय गोविंद अवस्थी, भोला, सुनील, हरिशंकर शुक्ला, सूरज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पर 10 फीट घिसटा बाइक सवार, डिवाइडर से टकराने से मौत

**लखनऊ।** सरोजनी नगर में मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मैकेनिक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार सड़क पर घिसट गया और डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। राहगीरों के मुताबिक, सुलतानपुर के फरीदपुर निवासी 45 वर्षीय सरबजीत विश्वकर्मा बंथरा के चनखरा में पत्नी संगीता और दो बेटियों के साथ रहते थे। वह ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग नंबर आठ के पास वाहन मरम्मत करने की दुकान चलाते थे। मंगलवार की रात वह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। कानपुर रोड पर एक निजी स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सरबजीत बाइक समेत लगभग 10 फीट घिसट गए और सड़क पर बने डिवाइडर से जा टकराए। उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया जहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## मलिहाबाद कंबल वितरण के लिए तहसील पहुंचे दिव्यांगजनों ने लगाया अभद्रता का आरोप



### ● नाराज दिव्यांगों ने तहसील सड़क पर दिया धरना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मलिहाबाद।** तहसील में कंबल वितरण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। दिव्यांग विकास सोसाइटी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में सैकड़ों दिव्यांगजन कंबल लेने तहसील पहुंचे थे, लेकिन आरोप है कि एसडीएम अंकित मौर्या ने न केवल कंबल देने से इनकार कर दिया, बल्कि उनके साथ अभद्रता भी की। इससे नाराज दिव्यांगजनों ने तहसील रोड पर धरना देकर प्रदर्शन किया।

सोसाइटी के सचिव अनिल कनौजिया के अनुसार, पूर्व में सोसाइटी ने ज्ञापन देकर दिव्यांगजनों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरण की गुहार लगाई थी। इस पर प्रशासन ने बुधवार का समय निर्धारित किया था। अनिल कनौजिया के नेतृत्व में सैकड़ों दिव्यांगजन जब तहसील पहुंचे, तो एसडीएम ने कंबल वितरण से मना कर दिया। इससे नोकझोंक शुरू हो गई। आरोप है कि जब अनिल कनौजिया ने बातचीत को रिकॉर्ड करने के लिए मोबाइल निकाला, तो एसडीएम ने उनका फोन छीनवा लिया और जेल भेज देने की धमकी देते गए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इससे दिव्यांगजन आक्रोशित हो गए और तहसील रोड पर धरना देकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कड़ाके की ठंड में बिना कंबल के जीवित रहना मुश्किल हो रहा है। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सुरेंद्र भाटी ने दिव्यांगजनो को समझाबुझा के शांत कराया। इस सम्बंध में एसडीएम अंकित मौर्या से बात करने का प्रयास किया गया मगर उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

## निर्माणाधीन भव्य परशुराम मंदिर के लिए छत की स्लेप का विधिवत पूजन कार्यक्रम हुआ संपन्न



**बिसवां (सीतापुर)** बिसवां नगर में बाबा मंशाराम मंदिर के निकट निर्माणाधीन भव्य परशुराम मंदिर के लिए छत की स्लेप का विधिवत पूजन कार्यक्रम श्रद्धा व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अखाड़ा परिषद पीठाधीश्वर महंत संतोष दास खाकी महाराज, पहला आश्रम के महंत नारायण दास, स्वामी विमलानंद सरस्वती महाराज एवं महंत प्रीतमदास की गरिमामयी उपस्थिति में विधिविधान से पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभी संत- महात्माओं ने भव्य परशुराम मंदिर के निर्माण हेतु समस्त सनातन समाज से तन- मन- धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के उपरांत समरसता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सनातन भाई- बंधुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालु, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित अन्तर्महाविद्यालयी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखनऊ।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी जयन्ती के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज, सुरेन्द्र नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित अन्तर्महाविद्यालयी भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज सहित लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, रामस्वरूप विश्वविद्यालय सहित नवयुग कन्या महाविद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, नर्मदेश्वर विधि महाविद्यालय से 12 -12 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों महाविद्यालय में अटल जी की प्रतिमा के अनावरण के मुख्य आयोजन में सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का आरम्भ माँ सरस्वती की अराधना एवं अतिथि स्वागत गीत से हुआ। इस सत्र में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित अन्तर्महाविद्यालयी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 7-छात्र एवं 16- छात्रायें सहित कुल 23 लोगों ने प्रतिभाग किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि अटल जी की प्रतिछाया की अनुभूति निरन्तर होते रहने एवं उनके साहित्यिक अवदान एवं कुशल प्रशासनिक क्षमता पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि रिश्ते निभाना कोई अटल जी से सीखे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 उपेन्द्र कुमार, सहायक आचार्य हिन्दी विभाग एवं डॉ0 सादिया सहायक आचार्य उर्दू विभाग द्वारा किया गया।

# तुलसी पूजन दिवसः दैनिक आराधना से पर्यावरण रक्षा तक

भारतीय संस्कृति में तुलसी का स्थान अत्यंत विशिष्ट और बहुआयामी रहा है। यह केवल एक औषधीय पौधा या घर के आंगन की शोभा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और जीवन-दर्शन का जीवंत प्रतीक है। तुलसी को 'वृंदा' और 'हरिप्रिया' के रूप में साक्षात देवी का स्वरूप माना गया है। विष्णु और श्रीकृष्ण की प्रिय होने के कारण इसका पूजन भारतीय जनमानस में आध्यात्मिक शांति, सुख-समृद्धि और नकारात्मक शक्तियों के शमन का माध्यम रहा है। घर के मध्य या आंगन में स्थापित तुलसी चौरा केवल पूजा का स्थान नहीं होता, बल्कि वह परिवार के नैतिक और मानसिक अनुशासन का केंद्र बन जाता है। प्रातःकाल तुलसी के सम्मुख दीप प्रज्वलन, जल अर्पण और परिक्रमा मनुष्य को प्रकृति और परम चेतना से जोड़ने का एक सहज उपाय है। तुलसी पूजन दिवस का महत्व इसी सांस्कृतिक दृष्टि से और अधिक स्पष्ट होता है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि भारतीय परंपरा में प्रकृति और ईश्वर को कभी अलग नहीं माना गया। वृक्षों, नदियों, पर्वतों और वनस्पतियों में देवत्व की कल्पना दरअसल मनुष्य को प्रकृति के प्रति कृतज्ञ और उत्तरदायी बनाने का एक सूक्ष्म तरीका रहा है। जब हम तुलसी की पूजा करते हैं, तो वह मात्र कर्मकांड नहीं रह जाता, बल्कि जीवनदायिनी प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने की चेतना बन जाता है। यह आध्यात्मिक पक्ष व्यक्ति को अपनी जड़ों से जोड़ता है और यह बोध कराता है कि उसकी पहचान उन वैदिक परंपराओं में निहित है, जिन्होंने सहस्राब्दियों तक मानव और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखा है। धार्मिक आस्था के साथ-साथ तुलसी पूजन दिवस का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष स्वास्थ्य और आयुर्वेद से जुड़ा हुआ है। आयुर्वेद में तुलसी को 'अमृततुल्य' माना गया है और उसे 'औषधियों की रानी' कहा गया है। तुलसी के पत्ते श्वसन तंत्र, पाचन, प्रतिरक्षा प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माने जाते हैं। आज जब आधुनिक जीवनशैली, प्रदूषण और तनाव के कारण मनुष्य अनेक रोगों से ग्रस्त है, तब तुलसी का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। घर में तुलसी का पौधा होना मानो एक प्राकृतिक औषधालय का होना है, जहाँ बिना किसी दुष्प्रभाव के स्वास्थ्य संरक्षण संभव है। तुलसी पूजन दिवस का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को इस प्राचीन औषधीय ज्ञान के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी है। आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ यदि हम अपनी पारंपरिक जड़ी-बूटियों के विज्ञान को समझें और अपनाएं, तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता संभव है। तुलसी के पत्तों का नियमित सेवन मानसिक शांति प्रदान करता है और शरीर को शुद्ध करता है। 'हर घर तुलसी, स्वस्थ घर' का संकल्प इस बात का प्रतीक है कि भारतीय समाज फिर से अपने आयुर्वेदिक ज्ञान को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह आंदोलन तुलसी को केवल पूजा का विषय न बनाकर दैनिक जीवन की आवश्यकता के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है। तुलसी पूजन दिवस का आधुनिक स्वरूप वर्ष 2014 के बाद सामने आया, जब इसे 25 दिसंबर को एक संगठित सांस्कृतिक अभियान के रूप में मनाने का आह्वान किया गया। इस तिथि का चयन प्रतीकात्मक महत्व रखता है। जिस दिन विश्व का एक बड़ा हिस्सा क्रिसमस को उपभोक्तावादी और बाजार-आधारित उत्सव के रूप में मनाता है, उसी दिन तुलसी पूजन के माध्यम से एक वैकल्पिक उत्सव दृष्टि प्रस्तुत की गई। यह संदेश स्पष्ट है कि उत्सव केवल उपहारों, सजावट और उपभोग तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे आत्मसंयम, प्रकृति-संरक्षण और आंतरिक संतुलन का भी माध्यम हो सकते हैं। यह किसी अन्य संस्कृति के विरोध का प्रयास नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक दृष्टि को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने का एक तरीका है। पर्यावरणीय दृष्टिकोण से तुलसी पूजन दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वायु प्रदूषण और घटता हरित क्षेत्र आज की सबसे बड़ी चुनौतियाँ हैं। ऐसे समय में तुलसी जैसे छोटे पौधे का महत्व असाधारण हो जाता है। तुलसी वातावरण को शुद्ध करने, ऑक्सीजन उत्सर्जन और कीटाणुनाशक गुणों के लिए जानी जाती है। इस दिवस पर होने वाले सामूहिक पौधारोपण अभियान शहरी जीवन में हरियाली लौटाने की प्रेरणा देते हैं। बालकनी, छत या घर के छोटे से कोने में लगाया गया तुलसी का पौधा एक 'मिनी ग्रीन ज़ोन' का निर्माण करता है। जब एक बच्चा अपने माता-पिता के साथ तुलसी का पौधा लगाता है, तो वह केवल एक पौधा नहीं रोपता, बल्कि अपने भीतर प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना भी विकसित करता है। 'एक पौधा-एक परिवार-एक संस्कार' का विचार इस उत्सव की आत्मा है। यह हमें सिखाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल नीतियों और सम्मेलनों से नहीं, बल्कि हर नागरिक के छोटे-छोटे प्रयासों से संभव है। तुलसी पूजन दिवस इस व्यक्तिगत जिम्मेदारी को सामूहिक चेतना में बदलने का कार्य करता है। सांस्कृतिक और मानसिक स्तर पर भी तुलसी पूजन दिवस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। तेज़ी से बढ़ते पश्चिमीकरण और उपभोक्तावादी प्रवृत्तियों के बीच भारतीय युवाओं का अपनी परंपराओं से दूर होना एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में तुलसी पूजन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का अवसर मिलता है। यह दिवस



यह सिखाता है कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि संतुलन में रहकर ही समाज को सशक्त बना सकते हैं। घर में तुलसी के बहाने होने वाली दैनिक पूजा, ध्यान और मंत्र-जप मानसिक तनाव को कम करते हैं और पारिवारिक सामंजस्य को बढ़ाते हैं। सामूहिक भजन-कीर्तन और पारिवारिक सहभागिता व्यक्ति को एकाकीपन से बाहर निकालकर समाज से जोड़ती है। अंततः तुलसी पूजन दिवस केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय समाज के आत्ममंथन और पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह हमें यह सोचने पर विवश करता है कि हम किस प्रकार के उत्सव चाहते हैं–केवल उपभोग पर आधारित या जीवन और प्रकृति के प्रति संवेदनशील। 25 दिसंबर को तुलसी पूजन के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि संस्कृति स्थिर नहीं होती; वह समय के साथ संवाद करती है और नई चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढालती है। यदि यह दिवस हमें अधिक संयमित, अधिक संवेदनशील और अधिक प्रकृति-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है, तो इसका महत्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय और मानवीय स्तर पर भी अत्यंत व्यापक और स्थायी हो जाता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# भारतीय लोकतंत्र के सजग प्रहरी थे - अटल बिहारी बाजपेयी

आज भारत देश अपने दसवें प्रधानमंत्री, दिवंगत श्री अटल बिहारी वाजपेयी का 101वाँ जन्मदिन मना रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति का ऐसा आदर्शवादी नाम हैं, जिनके प्रति उनके ध्रुव राजनीतिक विरोधी भी गहरा सम्मान रखते थे और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनते थे । अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे विरले राजनेता थे कि जब-जब वे विपक्ष में रहे, तब-तब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर तत्कालीन केंद्र सरकार उनसे सलाह-मशविरा अवश्य करती थी। राष्ट्रहित की बात आते ही वे यह भूल जाते थे कि वे विपक्ष में हैं और सदैव सरकार के साथ खड़े दिखाई देते थे। राजनीति में मर्यादा और शालीनता का आचरण अटल जी के व्यक्तित्व की अनुपम देन है। यह अटल जी का ही व्यक्तित्व था कि उन्होंने सत्ता के लिए कभी गलत समझौते नहीं किए और न ही अपने राजनीतिक जीवन में, पार्टी के भीतर या बाहर, किसी को सत्ता के लिए अनुचित समझौते करने की अनुमति दी। वर्ष 1996 में जब भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, तब तत्कालीन राष्ट्रपति ने भाजपा को सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया। वाजपेयी जी भली-भाँति जानते थे कि जनता ने भले ही उनकी पार्टी को सबसे अधिक सीटें दी हैं, लेकिन बहुमत के लिए वे पर्याप्त नहीं हैं । चुनौतियों को स्वीकार करने वाले अटल जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, किंतु बहुमत के अभाव में मात्र तेरह दिनों में ही उनकी सरकार गिर गई। इसके बावजूद संसद में प्रधानमंत्री के रूप में दिया गया उनका भाषण आज भी भारतीय राजनीति के गलियारों में गीता के उपदेशों की तरह गूंजता है। विश्वास मत से पूर्व लोकसभा में अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा था कि वे चालीस वर्षों से राजनीति में हैं, पर न कभी सत्ता का लोभ किया और न ही किसी प्रकार का गलत आचरण। अटल जी ने नेताओं को खरीदकर या पार्टियाँ तोड़कर सरकार बनाने से बेहतर ऐसी सरकार का हिस्सा न रहना उचित समझा। इसी कारण वे कहते थे 'मैं मृत्यु से नहीं डरता, डरता हूँ तो बदनामी और लोकोपवाद से।' उन्होंने यह भी कहा था कि उनका राजनीतिक जीवन एक खुली किताब की तरह है, किंतु देश में जिस प्रकार की राजनीति चल रही है, वह उन्हें कभी रास नहीं आई। वे राजनीति छोड़ना चाहते थे, पर राजनीति उन्हें छोड़ना नहीं चाहती थी । अपने भाषण के अंत में उन्होंने अत्यंत मार्मिक शब्दों में कहा 'सत्ता का खेल चलता रहेगा, सरकारें आती-जाती रहेंगी, पार्टियाँ बनती-बिगड़ती रहेंगी, मगर देश का लोकतंत्र सदैव अमर रहना चाहिए।' संख्या बल की कमी स्वीकार करते हुए अटल जी ने स्वयं प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया और विपक्ष में बैठकर भी राष्ट्रहित के उद्देश्यों को पूरा करने का विश्वास देश को दिलाया। संसद में दिया गया अटल जी का यह भाषण केवल एक राजनीतिक वक्तव्य नहीं, बल्कि संविधान की गरिमा और राजधर्म के सिद्धांतों के पालन की अमूल्य सीख है। उनकी संवाद-शैली उच्चकोटि की थी, जो श्रोताओं को भीतर तक प्रभावित करती थी। अपने भाषणों के माध्यम से उन्होंने राजनीति में नैतिकता और लोकतांत्रिक परंपराओं के पालन का जो पाठ पढ़ाया, वह भारतीय राजनीति में सदैव प्रासंगिक रहेगा । वर्ष 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनी और देश में गठबंधन सरकारों का नया दौर प्रारंभ हुआ। उस समय एनडीए गठबंधन में लगभग दो दर्जन राजनीतिक दल शामिल थे। गठबंधन में शामिल कुछ दलों की सौदेबाजी उन्हें कभी स्वीकार्य नहीं थी। वे बेदाग सरकार चलाने के लिए सत्ता बचाने की किसी भी कीमत पर झुकने को तैयार नहीं थे। परिणामस्वरूप उनकी तेरह महीने की सरकार मात्र एक वोट से गिर गई, किंतु जनमानस में उनकी छवि एक महान और सिद्धांतनिष्ठ राजनेता के रूप में और अधिक सुदृढ़ हो गई। अटल जी ने तब कहा था कि उनकी सरकार भले ही एक वोट से गिर गई हो, पर वे चाहें तो एक वोट से सरकार बचा भी सकते थे। किंतु सिद्धांतों पर अडिग वाजपेयी जी को सत्ता को खरीदकर चलाना स्वीकार नहीं था। इस्तीफा देने से पूर्व उन्होंने कहा था– 'पूरब में जिस



दिन कमल खिलेगा, उस दिन पूरे देश में कमल की सरकार होगी।' आज के परिप्रेक्ष्य में उनके ये शब्द सत्य सिद्ध होते दिखाई देते हैं । प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार चुने जाने पर अटल बिहारी वाजपेयी पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने, जिन्होंने लगातार पाँच वर्ष तक सरकार चलाई। उनके कार्यकाल में भारत में संचार क्रांति का उदय हुआ और पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से उन्होंने विश्व को यह संदेश दिया कि भारत अब अपने बलबूते महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है । अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी थे। वे सदैव कहते थे कि चाहे केंद्र हो या राज्य सत्ता में रहते हुए राजधर्म का पालन करना हर राजनेता का परम कर्तव्य है। संसद में उनकी उपस्थिति तक वे एक सजग प्रहरी की तरह भारतीय लोकतंत्र की रक्षा करते रहे।

**अरविंद रावल**

# बाला साहेब की विरासत और मराठी अस्मिता की वापसी

**उद्धव-राज की एकता से बदली मुंबई की राजनीति**

कट्टर हिंदुत्ववादी और मराठी अस्मिता के प्रखर प्रतीक बाला साहेब ठाकरे के जाने के बाद जिस शिवसेना की राजनीति बिखराव, टूट और आपसी संघर्ष की मिसाल बन गई थी, वही राजनीति अब एक बार फिर एकता के सूत्र में बंधती दिखाई दे रही है। वर्षों तक एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 'बंटेंगे तो बिखरेंगे' की सोच के साथ आगामी महानगरपालिका चुनाव एक साथ लड़ने का निश्चय कर महाराष्ट्र की राजनीति में नया अध्याय खोल दिया है। यह फैसला सिर्फ एक चुनावी समझौता नहीं, बल्कि बाला साहेब की विरासत को फिर से जीवित करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बाला साहेब ठाकरे के जीवित रहते शिवसेना एक मजबूत कैडर आधारित पार्टी थी, जिसकी जड़ें मुंबई से लेकर महाराष्ट्र के कोने-कोने तक फैली थीं। मराठी मानुस, हिंदुत्व और आक्रामक राजनीति का जो मेल बाला साहेब ने तैयार किया था, उसने दशकों तक कांग्रेस, बाद में बीजेपी तक को चुनौती दी। उनके जाने के बाद शिवसेना नेतृत्व विहीन होती चली गई। उद्धव ठाकरे ने संगठन को संभालने की कोशिश की, लेकिन पार्टी में वैचारिक और सांगठनिक खींचतान बढ़ती गई। दूसरी ओर राज ठाकरे, जो अपने चाचा बाला साहेब के सबसे तेजतर्रार राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाते थे, 2005 में शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना लेकर आए। उस वक्त यह बंटवारा भावनात्मक भी था और राजनीतिक भी। बीते बीस वर्षों में उद्धव और राज की राजनीति अलग-अलग दिशाओं में चलती रही। राज ठाकरे ने मराठी मुद्दों को तीखे तेवरों में उठाया, उत्तर भारतीयों और गैर-मराठियों के खिलाफ आक्रामक बयान देकर सुर्खियां बटोरीं, लेकिन संगठनात्मक विस्तार में वह शिवसेना जैसी पकड़ नहीं बना पाए। उद्धव ठाकरे ने अपेक्षाकृत संतुलित राजनीति अपनाई, बीजेपी के साथ सरकार चलाई और फिर अलग होकर कांग्रेस-एनसीपी के साथ सत्ता में आए। इसके बाद शिवसेना में टूट, एकनाथ शिंदे का विद्रोह और पार्टी का विभाजन हुआ। इन सियासी आरोह-अवरोह के बाद उद्धव ठाकरे खुद को हाशिये पर महसूस करने लगे, जबकि राज ठाकरे भी लंबे समय से अलग-थलग पड़े नजर आ रहे थे। ऐसे में दोनों नेताओं का एक मंच साझा करना स्वाभाविक नहीं, बल्कि परिस्थितियों की देन है। मुंबई महानगरपालिका चुनाव, जो महाराष्ट्र की राजनीति की धुरी माना जाता है, दोनों के लिए अस्तित्व की लड़ाई बन गया था। यही कारण है कि 20 साल बाद शिवसेना (यूबीटी) और मनसे का चुनावी गठबंधन अस्तित्व में आया। यह गठबंधन मराठी वोटों के एकीकरण का बड़ा प्रयास है। उद्धव ठाकरे का यह कहना कि हमारी सोच एक है, सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़ने का संकेत है। दोनों नेताओं का शिवाजी पार्क पहुंचकर बाला साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करना प्रतीकात्मक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। शिवाजी पार्क वही जगह है जहां से बाला साहेब ठाकरे ने दशकों तक मराठी राजनीति को दिशा दी। यहीं उनकी दहाड़ गूंजती थी और यहीं से शिवसेना की ताकत का प्रदर्शन होता था। उद्धव और राज का एक साथ वहां पहुंचना यह संदेश देता है कि वे बाला साहेब की विरासत को विभाजित नहीं, बल्कि संरक्षित करना चाहते हैं। राज ठाकरे का यह कहना कि मुंबई का मेयर मराठी होगा। सीधे-सीधे मराठी अस्मिता का मुद्दा है। यह बयान उन शहरी, गुजराती और उत्तर भारतीय वोट बैंक को भी संदेश देता है कि मराठी राजनीति एक बार फिर संगठित हो रही है। हालांकि यह गठबंधन बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है, क्योंकि अब तक बीजेपी ने शहरी इलाकों, गुजराती और उत्तर भारतीय मतदाताओं में मजबूत पकड़ बना ली थी। मराठी वोटों का बिखराव बीजेपी के लिए फायदेमंद रहा, लेकिन उद्धव-राज की एकता उस समीकरण को बदल सकती है। बाला साहेब ठाकरे के कार्यकाल की एक रोचक और चर्चित घटना आज भी मुंबई की राजनीति में किस्से की तरह सुनाई जाती है। 1990 के दशक में जब मुंबई में दंगे और अराजकता का माहौल था, तब बाला साहेब ने अपने खास अंदाज में कहा था कि अगर शिवसेना सड़क पर उतर आई, तो पुलिस भी पूछेगी कि आदेश किसका मानें। यह बयान सिर्फ धमकी नहीं था, बल्कि उनकी पकड़ और कैडर की ताकत का प्रतीक था। उस दौर में शिवसेना का नेटवर्क इतना मजबूत था कि मुंबई की गलियों से लेकर महानगरपालिका तक उसका दबदबा था। बाला साहेब नेताओं से ज्यादा कार्यकर्ताओं पर भरोसा करते थे और यही वजह थी कि शिवसेना एक आंदोलन की तरह काम करती थी। आज वही नेटवर्क कमजोर पड़ चुका है। शिवसेना के कैडर में असमंजस है कि किस धड़े के साथ जाएं। उद्धव ठाकरे के समर्थक भावनात्मक रूप से बाला साहेब की विरासत को अपना मानते हैं, जबकि शिंदे गुट सत्ता और संगठनात्मक ताकत के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे में मनसे के साथ गठबंधन उद्धव के लिए संजीवनी साबित हो सकता है। राज ठाकरे के पास भले ही सीमित सीटें हों, लेकिन उनकी भाषण कला और मराठी मुद्दों पर पकड़ आज भी असर रखती है। आगामी 15 जनवरी को होने वाले चुनाव इस गठबंधन की असली परीक्षा होंगे। यह सिर्फ सीटों की लड़ाई नहीं, बल्कि मराठी राजनीति की दिशा तय करने वाला मुकाबला होगा। अगर दोनों पार्टियां मिलकर अच्छा प्रदर्शन करती हैं, तो यह संकेत होगा कि बाला साहेब की विरासत आज भी प्रासंगिक है। अगर नाकामी मिली, तो यह सवाल उठेगा कि क्या समय बदल चुका है और मराठी राजनीति अब नए चेहरों और नए मुद्दों की मांग कर रही है। एक बात तय है कि उद्धव और राज का साथ आना महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मचाने वाला कदम है। यह गठबंधन भावनाओं, विरासत और अस्तित्व की राजनीति का संगम है। बाला साहेब ठाकरे ने जिस मराठी स्वाभिमान और आक्रामक राजनीति की नींव रखी थी, वह आज नए संदर्भ में लौट रही है। अब देखना यह है कि यह एकता सिर्फ चुनाव तक सीमित रहती है या भविष्य में मराठी राजनीति की स्थायी धुरी बन पाती है। मुंबई और महाराष्ट्र की सियासत के लिए यह फैसला इतिहास में दर्ज होने वाला है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## संवाद, सहमति और राष्ट्रहितः अटल युग का शासन मॉडल

**[ अटल बिहारी वाजपेयी — लोकतंत्र का सौम्य स्वर, भारत का विवेक ]**

**[ सुशासन दिवस — अटल बिहारी वाजपेयी की विचारधारा का जीवंत दस्तावेज ]**



भारतीय राजनीति के इतिहास में अटल बिहारी वाजपेयी का उदय एक ऐसे प्रकाशपुंज के रूप में हुआ, जिसकी उजास आज भी राष्ट्र के पथ को आलोकित कर रही है। 25 दिसंबर को उनकी 101वीं जयंती पर मनाया जाने वाला सुशासन दिवस केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उन अमर सुशासन मूल्यों का जीवंत उत्सव है, जिन्होंने भारत को सुदृढ़ता, समृद्धि और वैश्विक सम्मान प्रदान किया। अटल जी ने शासन को सत्ता की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि जनता की सेवा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का प्रभावी माध्यम बनाया। उनकी दूरदर्शी सोच ने राष्ट्र को सुरक्षा की मजबूत ढाल दी, विकास को नई गति दी और समावेशी प्रगति की सशक्त मिसाल स्थापित की। वर्ष 2025 में सुशासन दिवस 'प्रशासन गाँव की ओर' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने और शासन को गांव-गांव तक पहुँचाने के संकल्प को प्रतिबिंबित करता है। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में एक साधारण परिवार में हुआ था। बचपन से ही राष्ट्रभक्ति और काव्य से जुड़े अटल जी स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय योद्धा बने। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव ने उन्हें राजनीति की मजबूत नींव दी। भारतीय जनसंघ की स्थापना में उनकी प्रमुख भूमिका रही और बाद में भारतीय जनता पार्टी के वे मार्गदर्शक बने। तीन बार प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने गठबंधन सरकारों को स्थिरता और दिशा दी। अजातशत्रु कहे जाने वाले अटल जी ने विपक्ष को भी सम्मान दिया, जिससे राजनीति में संवाद की नई संस्कृति स्थापित हुई। उनकी वाक्पटुता संसद को गूंजाती थी और काव्यात्मक अभिव्यक्ति ने उन्हें जनता का चहेता बनाया। विदेश नीति में लाहौर बस यात्रा से शांति की कोशिश की, जबकि दृढ़ता से राष्ट्रीय हितों की रक्षा की। अटल जी के नेतृत्व में 1998 के पोखरण-द्वितीय परमाणु परीक्षण ने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया। इस कदम ने न केवल सुरक्षा को मजबूत किया, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई। कारगिल युद्ध में उनकी दृढ़ता और सैनिकों का मनोबल बनाए रखने की क्षमता ने पाकिस्तानी घुसपैठ को परास्त किया। 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा देकर उन्होंने रक्षा, कृषि और विज्ञान को समान महत्व दिया। बुनियादी ढांचे में स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना ने प्रमुख शहरों को जोड़ा, आर्थिक विकास को गति दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जुड़ने का माध्यम प्रदान किया, जिससे गांवों में समृद्धि और रोजगार के अवसर बढ़े। ये परियोजनाएं क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने और समावेशी विकास की मिसाल बनीं। दूरसंचार क्षेत्र में अटल जी की न्यू टेलीकॉम पॉलिसी क्रांतिकारी साबित हुई। लाइसेंस शुल्क की जगह राजस्व साझेदारी मॉडल अपनाकर टेलीकॉम सेवाएं सस्ती और व्यापक हुईं, जिससे मोबाइल और इंटरनेट की पहुंच हर कोने तक हुई। सर्व शिक्षा अभियान ने शिक्षा को मजबूत आधार दिया, जबकि दिल्ली मेट्रो की शुरुआत ने शहरी परिवहन को नई दिशा प्रदान की। अंत्योदया योजना से गरीबों का उत्थान हुआ और विनिवेश नीति से अर्थव्यवस्था गतिशील बनी। इन प्रयासों ने भारत को वैश्विक निवेश का केंद्र बनाया। अटल जी की सोच में सुशासन का अर्थ था जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना, जहां हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उनकी नीतियां आज भी ग्रामीण सशक्तिकरण की प्रेरणा देती हैं। सुशासन का मूल तत्व पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और जनभागीदारी है। अटल जी ने शासन को नौकरशाही की जटिलताओं से मुक्त कर जनता के निकट लाने का प्रयास किया। भ्रष्टाचार पर अंकुश और प्रशासनिक सुधार उनके एजेंडे का हिस्सा थे। आज 'प्रशासन गाँव की ओर' थीम इसी विरासत को आगे बढ़ा रही है, जहां अधिकारी गांवों में जाकर शिकायतों का निवारण कर रहे हैं और योजनाओं का संतृप्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रम तकनीक से पारदर्शिता बढ़ा रहे हैं, सेवाएं घर तक पहुंचा रहे हैं। सुशासन में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे आधारभूत क्षेत्रों का विकास अनिवार्य है। अटल जी ने सिखाया कि शासन की सफलता नीतियों के क्रियान्वयन और जनता के विश्वास में निहित है। 2025 का सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर तक 'प्रशासन गाँव की ओर' थीम पर आयोजित हो रहा है, जो ग्रामीण भारत की समस्याओं को प्राथमिकता देता है। जन शिकायत निवारण, सेवा वितरण और पंचायती राज को मजबूत करने पर फोकस है। अभी भी भ्रष्टाचार, संसाधनों का असमान वितरण और योजनाओं का धीमा क्रियान्वयन चुनौतियां हैं। इनके समाधान के लिए तकनीकी नवाचार, विधिक सुधार और नागरिक जागरूकता आवश्यक है। सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से ही सुशासन साकार होगा। अटल जी की विचारधारा हमें याद दिलाती है कि विकसित भारत का सपना ग्रामीण सशक्तिकरण से ही पूरा होगा। इस दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और पारदर्शी शासन में योगदान देंगे। सुशासन दिवस श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की अमर विचारधारा का सशक्त प्रतीक है, जिसने राष्ट्रनिर्माण को नैतिकता, संवेदनशीलता और दूरदर्शिता की दृढ़ आधारशिला प्रदान की। शांति, समानता और सर्वांगीण विकास के उनके आदर्श आज भी समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं। गठबंधन राजनीति की जटिल चुनौतियों के मध्य स्थिरता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर उन्होंने सिद्ध किया कि संवाद, सहमति और सहयोग से बढ़कर कोई राष्ट्रहित नहीं होता। उनकी कविताओं की प्रेरणा हमें सिखाती है कि निराशा के अंधकार में आशा का दीप प्रज्वलित रहे और कठिन परिस्थितियों में भी मुस्कान के साथ आगे बढ़ने का साहस बना रहे। यह दिवस स्मरण कराता है कि विषम परिस्थितियों के अंधकार में भी आशा का दीप प्रज्वलित रखकर आगे बढ़ना ही अटल जी की सच्ची विरासत है। एक सशक्त, समृद्ध और समावेशी भारत का निर्माण ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है; उनके सपनों को साकार करते हुए ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारभूमि है।

**प्रो. आरके जैन**

# यीशु मसीह — शक्ति के युग में विनम्रता का घोष

**[ क्रिसमस — धर्म से आगे मानवता का उत्सव ]**

**[ हृदय में जलता दीप — यीशु और करुणा का दर्शन ]**

जगमगाती रोशनी, मधुर गीतों और हृदयों में उमड़ते प्रेम के साथ मनाया जाने वाला क्रिसमस केवल एक उत्सव भर नहीं है, बल्कि मानवता के लिए करुणा और आशा का दिव्य संदेश है। यह वह पावन अवसर है जब ईश्वर ने मानव रूप में अवतरित होकर अंधकार से आच्छादित संसार को प्रेम और दया की ज्योति से आलोकित किया। प्रभु यीशु मसीह का जन्म न केवल ईसाई समाज के लिए, बल्कि समस्त मानव जाति के लिए यह शाश्वत संदेश देता है कि प्रेम सबसे बड़ा धर्म है और सेवा से श्रेष्ठ कोई मार्ग नहीं। यह पर्व हमें यह भी स्मरण कराता है कि सच्ची प्रसन्नता अपने सुख में नहीं, बल्कि दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने में निहित है। क्रिसमस की उजास भरी यह लौ हर हृदय में क्षमा, दया और समर्पण की भावना जगाने का आह्वान करती है। यह उत्सव हमें प्रेरित करता है कि हम अपने भीतर की स्वार्थ की दीवारें गिराकर मानवता के विशाल आँगन में एक-दूसरे के लिए जीने का संकल्प लें। लगभग दो हजार वर्ष पहले, जब दुनिया अन्याय, भेदभाव और अज्ञानता के गहन अंधेरे में डूबी थी, बेथलहम की एक साधारण गौशाला में एक असाधारण शिशु का जन्म हुआ। वह शिशु था प्रभु यीशु मसीह–ईश्वर का अवतार, मानवता का मुक्तिदाता। पवित्र मरियम को स्वर्गदूत द्वारा दी गई सूचना साकार हुई और उस विनम्र स्थान ने विश्व को वह प्रकाश दिया जो आज भी मार्ग दिखाता है। यीशु का जन्म सिद्ध करता है कि सच्ची महानता भव्य महलों में नहीं, बल्कि नम्र हृदयों में निवास करती है। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन से प्रमाणित किया कि आध्यात्मिकता का असली रूप बाहरी दिखावे में नहीं, अपितु जरूरतमंदों की सेवा और पीड़ितों के प्रति करुणा में है। उनके उपदेशों ने समाज को यह संदेश दिया कि धर्म का सच्चा अर्थ मानव-कल्याण में है, न कि केवल रीति-रिवाजों में। क्रिसमस की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सर्वव्यापी एकता है जो विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और राष्ट्रों को एक सूत्र में पिरोती है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में यह पर्व अपार उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है। रात्रि की मध्य प्रार्थनाएँ, घरों की रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री



की चमक, उपहारों का आदान-प्रदान और बच्चों की सांता क्लॉज की प्रतीक्षा–ये सभी इस उत्सव को अविस्मरणीय बनाते हैं। भारतीय घरों में लाल पॉइन्सेत्तिया के फूल, तारों से जगमगाते क्रिसमस ट्री और मोमबत्तियों की मधुर रोशनी विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। चर्चों में गूँजते भजन और केक काटने की खुशी हर दिल को छू लेती है। यह पर्व यहाँ की विविधता में भी एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है। विश्व के कोने-कोने में क्रिसमस अपने अनोखे रंगों में रंगा हुआ दिखाई देता है, जो इसकी वैश्विक अपील को और गहरा करता है।

यूरोपीय देशों में सदाबहार क्रिसमस ट्री जीवन के निरंतर चक्र और आशा का प्रतीक माना जाता है। पोलैंड में मकड़ी के जाल जैसी सजावट की कथा, जापान में क्रिसमस पर केएफसी का विशेष भोजन, ब्रिटेन में क्रिसमस क्रैकर्स फोड़ने की परंपरा, स्वीडन में डोनाल्ड डक कार्टून देखने का रिवाज और जर्मनी में एडवेंट कैलेंडर की प्रतीक्षा–ये सभी परंपराएँ क्रिसमस को सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उत्सव बनाती हैं। इन भिन्न रीति-रिवाजों के बीच एक समान धागा है–प्रेम, क्षमा और सद्भाव का संदेश जो सीमाओं से परे हर हृदय तक पहुँचता है। क्रिसमस का गहनतम सार करुणा और निष्काम सेवा में छिपा है। यह पर्व हमें आत्मचिंतन का अवसर देता है कि सच्चा सुख भौतिक वस्तुओं में नहीं, अपितु दूसरों की सहायता में निहित है। प्रभु यीशु ने सिखाया कि सबसे छोटे भाई-बहन की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। गरीबों, अनाथों, बीमारों और वंचितों की मदद करना इस उत्सव का मूल उद्देश्य है। यह दिन हमें अहंकार और स्वार्थ त्यागकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। चाहे कोई किसी भी धर्म या संस्कृति से हो, क्रिसमस उसे मानवता के प्रति अपने कर्तव्य की याद दिलाता है। यही इस पर्व की सार्वभौमिकता है जो इसे विशेष बनाती है। आधुनिक युग में जबकि पर्यावरण संकट गंभीर चुनौती बन चुका है, क्रिसमस को भी पर्यावरण-संवेदनशील दृष्टि से मनाने की आवश्यकता है। असली पेड़ काटने की बजाय कृत्रिम ट्री का बार-बार उपयोग अधिक पर्यावरण-अनुकूल माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मत है कि दीर्घकालिक उपयोग में कृत्रिम पेड़ कम कार्बन उत्सर्जन करते हैं। यह सोच हमें सिखाती है कि हमारे त्योहार केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति भी जिम्मेदार होने चाहिए। सच्ची उत्सव भावना तभी पूर्ण होती है जब हम प्रकृति और मानवता के बीच संतुलन बनाए रखें। इस दृष्टिकोण से क्रिसमस और भी प्रासंगिक हो जाता है। क्रिसमस कोई साधारण उत्सव नहीं, अपितु प्रेम, करुणा और शांति का शाश्वत दिव्य संदेश है। यह हमें सिखाता है कि जब हम अपने हृदय से द्वेष, ईर्ष्या और स्वार्थ को निकालकर दूसरों के लिए जीते हैं, तभी जीवन का वास्तविक अर्थ प्रकट होता है। प्रभु यीशु का जीवन और उनके आदर्श हमें निरंतर प्रेरित करते हैं कि धर्म का सच्चा स्वरूप मानव-सेवा और निष्काम परोपकार में है। क्रिसमस का असली प्रकाश न तो चमचमाते दीपकों में है, न ही उपहारों की चमक में, बल्कि हमारे हृदयों में बसी दया, प्रेम और सहानुभूति की कोमल ज्योति में है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि हम मानवता की सेवा द्वारा ही एक समतामूलक, सहिष्णु और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं। क्रिसमस का अमर संदेश यही है–अपने अंतर्मन की ज्योति जगाओ और दूसरों के जीवन में आनंद का संचार करो। यही इस पावन उत्सव की सार्वभौमिक महत्ता है।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आर बी एस के कार्यक्रम के तहत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के खोरिंया बाजार में स्थित सावित्री देवी आदर्श इण्टर कालेज में बुधवार को आरबीएसके कार्यक्रम के तहत सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य रजनी कान्त द्विवेदी के द्वारा बच्चों को शिक्षा से सम्बन्धित जानकारी देकर किया गया। किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में फर्मासिस्ट धर्मेन्द्र शाही ने बच्चों को पोषण, किशोरा अवस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक परिवर्तन आदि की जानकारी दिया। डॉक्टर जेपी चौधरी, जितेन्द्र व रामसुबाष ने स्वास्थ्य व एनीमिया जैसे रोग से बचाव आदि पर विधिवत जानकारी दिया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें सोनी प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय व प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर उन्हे सम्मानित किया गया।

### मासूम से दुष्कर्म करने का आरोपी पुलिस मुठभेड़ मे घायल



**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली पट्टी क्षेत्रांतर्गत उड़ैयाडीह में बीते 20 दिसम्बर की शाम नित्य क्रिया से वापस आ रही नौ वर्षीय मासूम बच्ची को बाइक से बैठाकर घर छोड़ने के बहाने गांव के युवक ने दुष्कर्म किया।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज करते हुए विवेचना के दौरान जानकारी में आये दो अन्य आरोपियों को बीते दिनों जेल भेज चुकी है।वहीं मुख्य आरोपी जाबेद पुत्र चांद बाबू फरार चल रहा था जिस पर 25 हजार रुपए ईनाम घोषित किया गया।सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह सिरोही मय हमराह एसआई शुभम सिंह आदि आमापुर मोड़ के पास चेकिंग कर रहे थे कि एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा।पुलिस के रोकने के प्रयास पर युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया।पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में युवक के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने नजदीक जाकर देखा तो उक्त युवक जाबेद पुत्र चांद बाबू निवासी उड़ैयाडीह थाना कोतवाली पट्टी पर दर्ज दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट में 25 हजार का ईनामी आरोपी है। पुलिस ने घायल को ईलाज हेतु अस्पताल भेजा।आरोपी जाबेद के कब्जे से एक तमंचा 3 खोखा 1 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद कर अग्रिम विधिक कार्रवाई उपरांत जेल भेज दिया है। दुष्कर्म का आरोपी जाबेद पुलिस को चकमा देकर जेल जाने के पूर्व अस्पताल से फरार हो गया। एसपी दीपक भूकर ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

### गोरखपुर वीर बाल दिवस पर सहजनवां में गूंजा साहस और बलिदान का संदेश, प्रभात फेरी में उमड़ा जनसैलाब

**गोरखपुर, सहजनवां** – वीर बाल दिवस के अवसर पर बुधवार को सहजनवां नगर वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सिख इतिहास के अमर शहीद बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को नमन करते हुए भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भारी सहभागिता देखने को मिली। प्रभात फेरी सहजनवां रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर थाना चौराहे तक निकाली गई, जहां देशभक्ति नारों और गुरुवाणी के संदेशों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने वीर साहिबजादों के अद्वितीय साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि अत्याचार के सामने झुकने के बजाय धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर साहिबजादे देश की नई पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि कम आयु में दिखाया गया उनका अदम्य साहस आज के युवाओं को संस्कार, राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यबोध का मार्ग दिखाता है। युवाओं को चाहिए कि वे वीरों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## ठिठुरती ठंड बनी मौत की वजह? खेत में संदिग्ध हाल में मिला 18 वर्षीय युवक का शव, इलाके में सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद गोरखपुर के गीडा थाना क्षेत्र अंतर्गत नावरिया गांव के बाहर खेत में बुधवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। खेत में शव पड़े होने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर गीडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सौरभ उर्फ भोलू पुत्र विवेकानंद चौरसिया, निवासी कंदराई थाना खजनी, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। मृतक की उम्र करीब 18 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सौरभ मंगलवार की देर शाम घर से निकला था, लेकिन रातभर घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह



नावरिया गांव के बाहर खेत में उसका शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार शव खेत में खुले में पड़ा हुआ था और शरीर पर किसी तरह के स्पष्ट चोट के निशान नहीं दिखे। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा का विषय बना रहा कि युवक नशे का आदी था और आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में वह खेत में गिर गया होगा। कड़ाके की ठंड और पूरी रात खुले में पड़े रहने के कारण उसकी मौत हो गई होगी। हालांकि यह केवल लोगों के कयास हैं, वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही गीडा थाना पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और हर पहलू को ध्यान में रखा जा रहा है। फिलहाल प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। युवक की असमय मौत से उसके परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद से गांव और आसपास के क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति साफ होगी और यदि किसी प्रकार की आपराधिक घटना सामने आती है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 1196 ग्राम अवैध गांजा व विक्री के 1310 रुपए के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में 'ऑपरेशन प्रहार' के अन्तर्गत थाना महेशगंज पुलिस द्वारा कुल 1196 ग्राम अवैध गांजा व विक्री के 1310 रुपये के साथ एक अभियुक्त अनिल पाण्डेय को थाना महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जगापुर स्थित निर्माणाधीन मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया।थाना प्रभारी महेशगंज के उप निरीक्षक विजेन्द्र कुमार यादव, उ0नि0 अखिलेश सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जगापुर स्थित निर्माणाधीन मन्दिर के पास से एक अभियुक्त अनिल कुमार पाण्डेय उर्फ भोले पाण्डेय उर्फ बमभोले पुत्र अमृत लाल पाण्डेय निवासी कटेजोत रायगढ़ थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ के कब्जे से कुल 1196 ग्राम अवैध गांजा व विक्री के 1310 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार व बरामदगी के आधार पर थाना महेशगंज में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। एसपी ने आमजनों से अपील किया है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थो का निर्माण, क्रय-विक्रय या तस्करी होती दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 6307363107 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ गोरखपुर में उबाल, विहिप-बजरंग दल का जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचार, हिंसा और जिहादी आतंकवाद की घटनाओं को लेकर गोरखपुर में आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिहादी आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला फूंका गया और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर आतंकवाद का विरोध किया और कुछ बैनरों को पांव तले रौंदते हुए गुस्से का इजहार किया। रोड मार्च के रूप में निकाले गए इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े लोग शामिल हुए, जिससे इलाके में माहौल गरमा गया।

बनाया जाए, ताकि वहां फैले जिहादी आतंकवाद पर रोक लगे और अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने




दो टूक कहा कि अगर अब भी वैश्विक समुदाय ने आंखें मूंदे रखीं तो हालात और भयावह हो सकते हैं। प्रदर्शन में बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की कार्यकर्ताओं ने भी मुखर होकर विरोध दर्ज कराया। मातृशक्ति की महिलाओं ने कहा कि नारी और बाल सुरक्षा के नाम पर बड़े-बड़े दावे करने वाले अंतरराष्ट्रीय संगठन बांग्लादेश में हो रही घटनाओं पर चुप्पी साधे हुए हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदर्शन के दौरान 'आतंकवाद मुर्दाबाद ', 'हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो' जैसे नारे गूंजते रहे। अंत में कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार नहीं रुके तो देशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## शिक्षक नदारद, विद्यालय में बेसहारा नौनिहाल - व्यवस्था पर गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोरखपुर ।** गोला ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मन्नीपुर में बुधवा र को शिक्षा व्यवस्था की घोर लापरवाही सामने आई, जहाँ दिन में सवा ग्यारह बजे तक एक भी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं मिला। स्कूल प्रांगण में छोटे-छोटे बच्चे यूँ ही टहलते नजर आए, जबकि निगरानी के नाम पर केवल रसोइया मौजूद थी। यह दृश्य न केवल चिंताजनक है, बल्कि सरकारी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब विद्यालय पहुँचा गया तो न तो कक्षा संचालित हो रही थी और न ही किसी शिक्षक की मौजूदगी थी। बच्चे बिना पढ़ाई के इधर-उधर घूम रहे थे। रसोइया से शिक्षकों के बारे में पूछे जाने पर वह कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सकी। बताया गया कि विद्यालय प्रभारी बबिता राय बीएलओ ड्यूटी पर हैं, जबकि शेष दो शिक्षक अवकाश पर चले गए हैं। हैरानी की बात यह है कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी विद्यालय में एक साथ सभी शिक्षक छुट्टी पर नहीं जा सकते, बावजूद इसके पूरा विद्यालय शिक्षकविहीन



रहा। गौरतलब है कि इस समय एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है, ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

इसके बावजूद विद्यालय का इस तरह से खाली होना शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि विद्यालय परिसर में किसी बच्चे के साथ कोई हादसा हो जाता तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? बिना शिक्षक के बच्चों की सुरक्षा पूरी तरह राम भरोसे छोड़ दी गई थी। मामले को लेकर जब खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) गोला से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि प्रकरण उनके संज्ञान में आया है और छुट्टी पर गए शिक्षकों को नोटिस जारी किया जा रहा है। हालांकि, जब उनसे यह पूछा गया कि बीएलओ ड्यूटी पर गई प्रभारी शिक्षिका के अलावा अन्य दोनों शिक्षकों की छुट्टी किस आधार पर स्वीकृत की गई, तो वे कोई स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। स्थानीय अभिभावकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा सुधार की चाहे जितनी योजनाएँ बना ले, लेकिन जब जमीनी स्तर पर इस तरह की लापरवाही होगी तो बच्चों का भविष्य कैसे सुरक्षित रहेगा। लोगों ने मांग की है कि दोषी शिक्षकों और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी विद्यालय में नौनिहालों की पढ़ाई और सुरक्षा से इस तरह का खिलवाड़ न हो।

## फोन कॉल के बाद निकले युवक की नृशंस हत्या, खेत में मिली लाश—ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, आधे घंटे फोरलेन जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर-** जनपद के सहजनवां थाना क्षेत्र में एक युवक की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। कुआवल खुर्द निवासी विशाल यादव (27) पुत्र स्वर्गीय श्रीप्रकाश यादव की हत्या के बाद ग्रामीणों का आक्रोश इस कदर फूटा कि सैकड़ों लोगों ने फोरलेन मार्ग को लगभग आधे घंटे तक जाम कर दिया। घटना मंगलवार रात से बुधवार सुबह के बीच की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशाल यादव मंगलवार की रात करीब 8 बजे किसी का फोन आने के बाद घर से निकला था। मां ने खाना खाने को कहा तो उसने लौटकर खाने की बात कही, लेकिन वह वापस नहीं आया। बुधवार सुबह करीब 7 बजे जोगियाकोल और कटाई टिकर सीवान के बीच गेहूं के खेत में ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। शव की हालत इतनी खराब थी कि पहली नजर में पहचान मुश्किल हो रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

मौके की स्थिति देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि हत्या से पहले युवक और हमलावरों के बीच खेत में जमकर संघर्ष हुआ। शव मिट्टी से सना हुआ था, जिससे





साफ है कि हाथापाई हुई है। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से मोबाइल फोन और बाइक की चाबी बरामद हुई, जिसके आधार पर उसकी पहचान विशाल यादव के रूप में हुई।

परिजनों के अनुसार, विशाल दो भाइयों में बड़ा था और मुंबई में मजदूरी करता था। उसके पिता की करीब तीन महीने पहले ही मौत हो चुकी थी, जिससे परिवार पहले से ही गहरे संकट में था। युवक की हत्या की खबर मिलते ही गांव में मातम के साथ गुस्से का माहौल बन गया। पुलिस द्वारा शव को तत्काल पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने से ग्रामीण नाराज हो गए और सैकड़ों की संख्या में सहजनवां थाने पर जमा हो गए। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने फोरलेन मार्ग जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गीडा और हरपुर बुदहट थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को समझाकर जाम हटवाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गीडा कमलेश प्रताप सिंह थाने पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम-प्रसंग (आसनाई) से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही हत्याकांड के खुलासे का भरोसा दिलाया है। युवक की नृशंस हत्या ने इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है।

## अटल जयंती की पूर्व संध्या पर सुभाष चौक पर स्वच्छता अभियान व माल्यार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** भारत रत्न, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर राष्ट्रभक्ति और स्वच्छता का संदेश देते हुए गुरुवार को पड़रौना नगर के सुभाष चौक पर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा की विधिवत साफ-सफाई कर उन्हें माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित नागरिकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के अदम्य साहस, त्याग और देशप्रेम को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को नमन करते हुए उनके विचारों और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।



कार्यक्रम के दौरान सुभाष चौक परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित की गई। वक्ताओं ने कहा कि महापुरुषों के विचारों के साथ-साथ उनके स्मारकों का सम्मान और संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को देश के महान नेताओं के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, मनोज मोदनवाल, संजय चौरसिया, रामू पांडेय, भानु भास्कर पुरोहित, अमित तिवारी, सुनील जायसवाल, बृजेश शर्मा, गौरव रौनियार, धर्मेंद्र मद्धेशिया, राजेश जायसवाल, संतोष यादव, सागर जायसवाल, घनश्याम यादव, विक्की सिंह, केदार मद्धेशिया, पिंटू साह, रितेश जायसवाल सहित नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विहिप-बजरंग दल का आक्रोश प्रदर्शन, पुतला दहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित बर्बर व हिंसक अत्याचार के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में बुधवार, 24 दिसंबर 2025 को जूनियर हाईस्कूल, कोतवाली के सामने जिला स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में हिंदू जनमानस, माताएं-बहनें, युवा, सामाजिक संगठन एवं सनातन प्रेमी बंधुओं ने सहभागिता की। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से इस विषय में सख्त और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के अपमान और उत्पीड़न को अब और सहन नहीं किया जाएगा तथा हिंदू एकता और सुरक्षा के लिए संगठित प्रयास




आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह, जिला सह मंत्री संजय शाही, नगरपालिका परिषद पड़रौना के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, नगर अध्यक्ष चंदन जैसवाल, नगर उपाध्यक्ष प्रिंस तिवारी, नगर मंत्री विशाल जैसवाल, प्रखंड मंत्री जय सिंह (दुदही), प्रखंड अध्यक्ष बालदिश शर्मा, जोगेंद्र गिरी (नेबुआ नौरंगिया), सुशील जैसवाल, बजरंग दल के जिला सह संयोजक रवि सिंह, नगर संयोजक अभिजीत सनातनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त संतोष, उदयभान वर्मा (विहिप), रामाश्रय (आरएसएस), हिंदू नेता विशाल सिंह व महेंद्र दुबे, विद्यार्थी परिषद से गौरव, समर एवं अभय सहित अन्य गणमान्य लोगों की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ और इसे हिंदू समाज की जागरूकता, संगठन एवं एकजुटता का प्रतीक बताया

## ट्राली बैग में मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

### ●शव के पास से नेपाल एनशेल कंपनी का बाहरी रैपर बरामद होने से महिला को नेपाल राष्ट्र की निवासी होने की अंदेशा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी स्थित बघेला पुल के नीचे नाले में बुधवार की दोपहर काले रंग के ट्राली बैग में एक महिला का शव बरामद हुआ है। वहीं बगल में गेहूं की सिंचाई कर रहे किसान की नजर जब ट्राली बैग पर पड़ी और नजदीक जाकर देखा तो उसमें से खून निकल रहा था। कुछ ही देर में यह घटना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्राली बैग को नाले से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने हर पहलुओं की जांच-पड़ताल कर शव पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारी नौतनवा अंकुर गौतम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की



शिनाख्त में पुलिस ने काफी देर तक मशक्कत किया लेकिन पहचान नही हो सकी है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित बघेला पुल के नीचे नाले में एक महिला का शव बंद ट्राली बैग में बरामद हुआ है। अंदेशा जताया जा रहा है कि पहले आरोपियों द्वारा महिला को मौत के घाट उतारकर उसे ट्राली बैग में डालकर नाले में फेंक दिया है। पुलिस के मुताबिक शव कुछ दिन पुरानी बताई जा रही है। शव पुराना होने के कारण शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।



**हर पहलू पर जांच में जुटी पुलिस, शव की शिनाख्त नही**

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर फोरेंसिक टीम पहुंच गई और हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। हत्यारों ने महिला की हत्या कर बड़ी सफाई से शूटकेश में बन्द कर शव को फेंक दिया।पुलिस व फोरेंसिक टीम के काफी प्रयास के बाद भी महिला की शिनाख्त नही हो पाई है। पुलिस के मुताबिक ट्राली बैग से नेपाल की एनशेल कंपनी का रैपर बरामद हुआ है। जिससे आशंका जताई जा रही है कि महिला नेपाली नागरिक हो सकती है और शव को नेपाल सीमा क्षेत्र में मौत के घाट उतारकर उसे लाकर भारतीय क्षेत्र के बघेला नाले में फेंका गया होगा। इस संबंध में महराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि ट्राली बैग में एक महिला का शव बरामद हुआ है जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा हर पहलुओं की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## ओवररेटिंग/ टैगिंग के शिकायत पर विक्रेता के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज

### ●तीन विक्रेता को कारण बताओ नोटिस एवं एक विक्रेता का उर्वरक प्राधिकार पत्र निलम्बित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** विकास खण्ड बभनजोत एवं छपिया में ओबर रेटिंग एवं टैगिंग की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी द्वारा उपनिदेशक कृषि को बभनजोत एवं छपिया क्षेत्र के दुकानदारो कीं जांच कर दोषी विक्रेता पाये जाने पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके कम में उपनिदेशक कृषि एवं वरिष्ठ प्रा0 सहायक ग्रुप-ए कार्यालय जिला कृषि अधिकारी गोण्डा के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दिलीप कुमार गुप्ता फुटकर उर्वरक विक्रेता बनगवों बाजार विकास खण्ड बभनजोत गोण्डा के दुकान पर उर्वरक स्टाक बोर्ड लगा नही पाया गया दुकान पर उर्वरको के मूल्य सम्बन्धी बैनर भी लगा नहीं पाया गया स्टाक एवं विकी पंजिका अपूर्ण पाया गया विकी पंजिका में दर्ज कृषक का नाम श्री सवई के मोबाइल नम्बर पर बात करने पर उपस्थित होकर लिखित बयान कृषक द्वारा दिया गया कि मात्र 20 किग्रा यूरिया दो सौ रूपये में प्राप्त किया है तथा एक अन्य कृषक मो0युनूस द्वारा बताया गया कि एक बोरी यूरिया के साथ जबरदस्ती जिंक टैग करके मु0 480रूपये में विक्रेता द्वारा दिया गया है। जिस पर विक्रेता के विरूद्ध ओबर रेटिंग एवं टैगिंग करने से महेश कुमार गुप्ता वरिष्ठ प्रा0सहायक ग्रुप-ए कार्यालय जिला कृषि अधिकारी गोण्डा द्वारा थाना खोड़ारे में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया। इसके साथ ही साथ पूजा जनरल स्टोर मसकनवों बाजार, जायसवाल खाद भण्डार भोपतपुर, जायसवाल खाद भण्डार सबना चौरहा विकास खण्ड बभनजोत एग्री क्लीनिक एवं एग्री विजनेस सेंटर सबना बाजार विकास खण्ड बभनजोत के अभिलेख अपूर्ण होने से कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु जिला कृषि अधिकारी गोण्डा को निर्देशित किया गया है तथा जायवाल खाद भण्डार चन्द्रदीप घाट विकास खण्ड बभनजोत द्वारा दुकान बन्द करके पलायित होने से उर्वरक प्राधिकार पत्र निलम्बन की संस्तुति किया गया। इसी प्रकार जनपद में निरन्तर छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-3/7 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया जायेगा। जनपद में यूरिया उर्वरक की कोई कमी नही है कृषक भाई अपने आधार से जोत के अनुसार यूरिया प्राप्त करें।

## संक्षिप्त खबरें

### रुकनापुर गांव में ग्राम समाज और मंदिर के पेड़ काटने का मामला

**लखीमपुर खीरी।** ग्राम समाज की जमीन पर पेड़ काटने पर कानूनी कार्रवाई की जाती है। उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत, शहरों और नोटिफाइड क्षेत्रों में पेड़ काटने से पहले स्थानीय प्राधिकरण से अनुमति लेनी होती है। नियम नहीं मानने पर 3 महीने से लेकर 1 साल या उससे अधिक की जेल और जुर्माना होता है वहीं जिला लखीमपुर खीरी थाना फरधान रुकनापुर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज और मंदिर के पेड़ काटने का मामला प्रकाश में आया है जहां मंदिर के पेड़ काटे गए थे जिससे गांव वालों ने शिकायत की थी तो लेखपाल ने लकड़ी सुपुर्दगी नामा लिखकर अनंत राम और कुछ गांव वालों के लकड़ी सुपुर्द कर दिया था पर कुछ दिन बाद बिना लेखपाल के सूचना दिए लकड़ी बेच दी गई जब गांव वालों ने इसकी जानकारी लेखपाल से ली तो उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी हमें नहीं है गांव वालों का आरोप है किया सब लेखपाल की मिली भगत से हो रहा है जब इसकी जानकारी लेखपाल से ली गई तो उन्होंने बताया की कुछ पेड़ मंदिर के काटे गए थे जो की सुपुर्दगी नाम लिखकर गांव वालों के सपोर्ट कर दी गई थी और जो ग्राम समाज की जमीन पेड़ काटे गए हैं उसका प्रार्थना पत्र थाना फरधान में दिया जा चुका है लेकिन गांव वालों का आरोप है प्रशासन की मिली भगत से ग्राम समाज के पेड़ काटे जा रहे हैं और हरियाली को नष्ट किया जा रहा है।

### गायत्री महायज्ञ का निमंत्रण देने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल से अभद्रता

**लखीमपुर खीरी।** निघासन में गायत्री महायज्ञ का निमंत्रण देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल से अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि आर्यावर्त बैंक के मैनेजर ने समिति सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया। इस घटना के विरोध में मंगलवार को व्यापारियों और हिंदू समाज के लोगों ने बैंक का घेराव कर प्रदर्शन किया, जिसके बाद बैंक मैनेजर को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी। यह घटना सोमवार को सिंगाही रोड स्थित आर्यावर्त बैंक में हुई। राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ आयोजन समिति का एक प्रतिनिधिमंडल बैंक मैनेजर शैलेंद्र प्रताप सिंह को निमंत्रण देने पहुंचा था। समिति के मुख्य आयोजक विनोद कुमार सिंह, मोनू दीक्षित और दामोदर वर्मा सहित अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया कि मैनेजर ने उन्हें केबिन से बाहर निकाल दिया और अपमानित किया।घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार सुबह नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, आनंद चतुर्वेदी, व व्यापारी अशोक चौधरी, अशोक तिवारी और सैकड़ों हिंदू समाज के लोग बैंक पहुंच गए। उन्होंने बैंक का घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया और बैंक मैनेजर को तत्काल हटाने की मांग की। इस दौरान कई बड़े खाताधारकों ने अपने खाते बंद करने की चेतावनी भी दी। स्थिति बिगड़ती देख बैंक प्रबंधन ने हस्तक्षेप किया और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। अंततः, बैंक मैनेजर शैलेंद्र प्रताप सिंह ने एकत्रित लोगों के सामने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

### मुरादनगर सड़क हादसा : जिला अस्पताल तत्काल पहुंचे डीएम-एसपी

**डीएम-एसपी-सीएमओ ने अपनी देखरेख में घायलों का शुरू कराया उपचार, जाना कुशलक्षेम**



**लखीमपुर खीरी।** तहसील लखीमपुर के मुरादनगर के पास हुई सड़क दुर्घटना में आठ लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहाँ उनका चिकित्सकों की देखरेख में तुरंत उपचार शुरू किया गया, जिसमें दो लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा , सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता सीधे जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम जाना और हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। डीएम-एसपी ने चिकित्सकों से घायलों को दिए जा रहे मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी लेकर समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अस्पताल में एसीएमओ डॉ. एससी मिश्र और उप* *जिलाधिकारी (सदर) अश्वनी कुमार सिंह भी मौजूद रहे। प्रशासन की तत्परता और घायलों के प्रति डीएम-एसपी की व्यक्तिगत निगरानी ने प्रभावित परिवारों में राहत की भावना पैदा की।

# डीएम के आदेश पर दुबारा जौराहा नदी पर आवंटित खनन पट्टे की जांच को पहुंची टीम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही-खीरी।** मांझा पंचायत क्षेत्र में खनन पट्टा ठेकेदारों द्वारा जौराहा नदी पर बनाए गए पुल को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद गठित दूसरी जांच टीम बुधवार को मौके पर जांच करने पहुंची। टीम में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ लोक निर्माण विभाग और खनन विभाग के अधिकारी शामिल रहे। क्षेत्र से गुजरने वाली जौराहा नदी अभिलेखों में नाला दर्ज है। इसके बावजूद खनन विभाग द्वारा जारी खनन पट्टे का ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं।

ग्रामीणों की शिकायत पर इससे पहले बीते शनिवार को एसडीएम राजीव निगम के नेतृत्व में एक जांच टीम मौके पर पहुंची थी, जहां ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया था। इसके बाद सोमवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल लखीमपुर पहुंचकर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से मिला था। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल यादव और सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार के नेतृत्व में दूसरी जांच टीम का गठन किया था। बुधवार को गठित टीम एसडीएम राजीव निगम और खनन अधिकारी आशीष सिंह के साथ मौके पर पहुंची और खनन के लिए आवंटित पट्टे के स्थल व ग्रामीणों द्वारा बनाए गए पुल की जांच की। इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम छह सूत्रीय ज्ञापन भी अधिकारियों को सौंपा और खनन पट्टा निरस्त करने की मांग दोहराई। खनन पट्टा निरस्त की मांग के साथ साथ कटान का हवाला देते हुए खनन बंद न करने कर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।जांच के दौरान सिंगाही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह मय फोर्स सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण,सिख संगठन व किसान संगठन मौके पर मौजूद रहे।

### नवाबगंज में बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंककर विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं नेविरोध जताया



**बरेली /नवाबगंज।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को नवाबगंज में हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने जिला उपाध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं के हो रहे कत्लेआम को लेकर तीखा विरोध जताते हुए यूनिस सरकार का पुतला फूंक कर भारत सरकार से हिंदुओं की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के तहसील अध्यक्ष सूरज गंगवार ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह युवा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर बृजेश भोजवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य इंद्रपाल सक्सेना नगर अध्यक्ष तेजपाल सक्सेना नगर उपाध्यक्ष प्रदीप राठौर प्रचार प्रमुख शांति स्वरूप ओमप्रकाश सक्सेना बेंचेलाल राठौर , देवदत्त श्रीवास्तव ,राम बहादुर कश्यप,जयपाल, रामदास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ऐप्जा संगठन से क्योलड़िया के प्रधान पद के दावेदार होंगे बाबू बख्श अंसारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** ऐप्जा संगठन क्योलड़िया के प्रधान पद के लिए बाबू बॉक्स अंसारी एक मजबूत, ईमानदार और कर्मठ दावेदार के रूप में सामने आए हैं। वे लंबे समय से संगठन और समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करते आ रहे हैं। बाबू बॉक्स अंसारी का मानना है कि संगठन की असली ताकत उसकी एकता, पारदर्शिता और सक्रिय सदस्यता में होती है। उन्होंने हमेशा संगठन के हितों को सर्वोपरि रखा है और हर वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। चाहे युवाओं को आगे बढ़ाने की बात हो, बुजुर्गों के अनुभव का सम्मान हो या समाज के कमजोर वर्ग की समस्याएं–बाबू बॉक्स अंसारी हर मुद्दे पर संवेदनशील और समाधान सोच रखते हैं। उनकी प्राथमिकता संगठन को मजबूत करना, सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना और संगठन की आवाज को ऊँचाइयों तक पहुँचाना है। वे चाहते हैं कि ऐप्जा संगठन क्योलड़िया एक ऐसा मंच बने जहाँ हर सदस्य को बराबर सम्मान और अवसर मिले विकासखंड भदपुरा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत क्योंलड़ियां के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं बाबू बॉक्स अंसारी का नेतृत्व अनुभव, सरल स्वभाव और स्पष्ट सोच उन्हें प्रधान पद के लिए एक उपयुक्त उम्मीदवार बनाती है। वे वादों से ज्यादा काम में विश्वास रखते हैं और संगठन के विकास के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प रखते हैं।आज जरूरत है ऐसे नेतृत्व की जो सभी को साथ लेकर चले, संगठन को नई दिशा दे और विश्वास के साथ आगे बढ़े। बाबू बॉक्स अंसारी इसी सोच और संकल्प के साथ प्रधान पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। आइए, एक मजबूत और संगठित भविष्य के लिए बाबू बॉक्स अंसारी का समर्थन करें।

# पैदल गश्त करते हुए क्योलड़िया प्रभारी वेद सिंह पुलिस फोर्स के साथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** क्योलड़िया थाना प्रभारी वेद सिंह द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित रूप से पैदल गश्त की जा रही है। इसी क्रम में उन्होंने अपने पुलिस दल के साथ कस्बे के मुख्य बाजार, आवासीय इलाकों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। पैदल गश्त के दौरान थाना प्रभारी ने दुकानदारों, स्थानीय नागरिकों और राहगीरों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वेद सिंह ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना और अपराधियों में पुलिस का भय बनाए रखना है। गश्त के दौरान यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण और सार्वजनिक स्थलों पर शांति व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। स्थानीय नागरिकों ने थाना प्रभारी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना है। वेद सिंह ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार गश्त और जनसंपर्क कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि क्योलड़िया क्षेत्र को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाए रखा जा सके। साथ में उप निरीक्षक देशराज सिंह तोमर अजीत कुमार सिंह महेंद्रप्रताप सिंह सहित पुलिस फोर्स साथ था।

### गोला उप जिला अधिकारी का सराहनीय कदम, अग्नि पीडितो को कुछ घंटो बाद पहुचाई राहत सामाग्री



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र के गांव जडौरा मे गांव के बाहर झोपडी डाल कर रह रहे दो सगे भाईयो के यहां विति रात लगभग आठ बजे आग लग जाने से घर का सारा सामान जलकर कर राख हो गया था। उन गरीब अग्निपीडितो के सामने रोजी रोटी का संकट खडा हो गया था। उन लोगो के सामने खाने पीने का कोई सामान भी नही बचा था। जिस बात की जानकारी गांव के पूर्व प्रधान अनुराग मिश्र ने अग्नि पीडितो की सारी हकीकत गोला की उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी को बताई। उप जिला अधिकारी ने फौरन की क्षेत्रिय लेखपाल को भेज कर उनके लिये कंबल,गेहू चावल आदि की त्वरित ब्यबस्था कराई जिससे उनके घर मे चूल्हा जल सका। इस कार्य को लेकर जडौरा के अग्निपीडित गोला उप जिला अधिकारी की भूरि भूरि प्रसंसा कर रहे है।

# अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, कवि और जननायक - उदय प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद /टूण्डला –** अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के आकाश में एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र थे, जिनकी चमक दलगत राजनीति की सीमाओं से परे थी। वे न केवल भारत के 10वें प्रधानमंत्री थे, बल्कि एक प्रखर वक्ता, कालजयी कवि, मंझे हुए पत्रकार और करोड़ों भारतीयों के प्रिय नेता थे। उनके व्यक्तित्व में एक तरफ राजनीतिक दृढ़ता थी, तो दूसरी तरफ कवि की कोमलता। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। उनके पिता, पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी, एक शिक्षक और कवि थे, जिनसे अटल जी को साहित्य और शब्दों की कला विरासत में मिली। उन्होंने ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज (अब लक्ष्मीबाई कॉलेज) से स्नातक किया और कानपुर के डीएवी कॉलेज से राजनीति शास्त्र में एम.ए. की डिग्री प्राप्त की। राजनीति में पूर्णतः सक्रिय होने से पहले उन्होंने 'राष्ट्रधर्म', 'पाञ्चजन्य', 'स्वदेश' और 'वीर अर्जुन' जैसे पत्रों का संपादन किया।

**राजनीतिक सफर की शुरुआत**

अटल जी के राजनीतिक जीवन की नींव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के स्वयंसेवक के रूप में पड़ी।1942 का भारत छोड़ो आंदोलन छात्र जीवन में ही वे इस आंदोलन में शामिल हुए और जेल भी गए। 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर उन्होंने 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना की। 1957 में वे उत्तर प्रदेश की बलरामपुर सीट से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। उनकी बुद्धिमत्ता और भाषण कला से प्रभावित होकर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि 'यह बालक एक दिन देश का प्रधानमंत्री बनेगा।

**प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक कार्यकाल**

अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। पहली बार 1996 में (मात्र 13 दिन)।

दूसरी बार 1998-1999 में (13 महीने)। तीसरी बार 1999 से 2004 तक, जब उन्होंने अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया। उनकी प्रमुख उपलब्धियाँ और साहसी निर्णयों की बात की जाए तो पोखरण-द्वद्व (11 और 13 मई 1998): वाजपेयी सरकार ने राजस्थान के पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया। भारत ने खुद को एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र घोषित किया और 'जय जवान, जय किसान' के नारे में 'जय विज्ञान' जोड़ा। कारगिल विजय (1999): पाकिस्तान द्वारा किए गए विश्वासघात का जवाब देते हुए अटल जी ने 'ऑपरेशन विजय' का नेतृत्व किया और दुर्गम पहाड़ियों से घुसपैठियों को खदेड़कर तिरंगा फहराया। कनेक्टिविटी क्रांतिः उन्होंने 'स्वर्णिम चतुर्भुज' परियोजना के माध्यम से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई को सड़क मार्ग से जोड़ा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' शुरू की। सर्व शिक्षा अभियानः देश के हर बच्चे को प्राथमिक शिक्षा दिलाने के लिए उन्होंने इस क्रांतिकारी योजना की शुरुआत की।

**शांति के दूत और विदेश नीति**

अटल जी ने हमेशा पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण संबंधों पर जोर दिया। 1999 में उनके द्वारा की गई 'दिल्ली-लाहौर बस यात्रा' (सदा-ए-सरहद) शांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था। संयुक्त राष्ट्र



महासभा में हिंदी में भाषण देने वाले वे भारत के पहले नेता थे, जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय भाषा का गौरव बढ़ाया।अटल जी के भीतर का कवि हमेशा जीवित रहा। उनकी कविताओं में राष्ट्रवाद, मानवता और जीवन के संघर्षों का गहरा चित्रण मिलता है। उनकी प्रसिद्ध रचना 'मेरी इक्यावन कविताएँ' साहित्य की अमूल्य निधि है।? 'बाधाएं आती हैं आएं, घिरें प्रलय की घोर घटाएं,पांवों के नीचे अंगारे, सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं,निज हाथों में हंसते-हंसते, आग लगाकर जलना होगा। कदम मिलाकर चलना होगा। भारत के प्रति उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें 1994 में 'सर्वश्रेष्ठ सांसद' और 2015 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 16 अगस्त 2018 को 93 वर्ष की आयु में इस महान जननायक का निधन हो गया। अटल बिहारी वाजपेयी आधुनिक भारत के उन शिल्पकारों में से थे जिन्होंने देश की राजनीति को शुचिता और सिद्धांतों के साथ आगे बढ़ाया। वे एक ऐसे 'अजातशत्रु' थे जिनका लोहा विपक्ष भी मानता था। उनके विचार और सुशासन (Good Governance) के आदर्श आज भी भारत के विकास पथ का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने जानी महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबादः–** विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के अंतर्गत विज्ञान भारती फिरोजाबाद के तत्वाधान में श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज जैन एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन, ब्रज प्रान्त के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में राष्ट्रीय गणित दिवस के कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन की जीवनी का प्रसारण कक्षा 11 एवं 12 के विज्ञान गणित वर्ग के विद्यार्थियों को दिखाया गया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 22 दिसम्बर 1887 को भारत के दक्षिणी भूभाग में स्थित कोयंबटूर के ईरोड नामक गाँव में श्रीनिवास अय्यंगर और कोमलताम्मल के घर हुआ था। रामानुजन का सामान्य से कुछ स्थूल शरीर और जिज्ञासा से चमकती आँखे इन्हें एक अलग ही पहचान देती थीं। उनका बचपन से ही गणित के प्रति इतना प्रेम था कि अन्य विषयों पर ध्यान ही नहीं देते थे। उनका जीवनकाल बहुत कष्ट और दुःख से भरा था। उन्हें सदैव अपने भरण पोषण के लिए और अपनी शिक्षा को जारी रखने के लिए इधर उधर भटकना पड़ा और व्यक्तियों से असफल याचना भी करनी पड़ी। उनका मद्रास में रहते हुए प्रथम शोधपत्र बरनौली संख्याओं के कुछ गुण जर्नल ऑफ इंडियन मैथमेटिकल सोसायटी में प्रकाशित हुआ। उन्होंने इंग्लैंड जाने से पूर्व लगभग 3000 से भी अधिक नए सूत्रों को अपनी नोटबुक में लिखा था। उन्होंने इंग्लैंड में प्रोफेसर हार्डी के साथ मिलकर उच्च कोटि के शोधपत्र प्रकाशित किए। अपने एक विशेष शोध के कारण उन्हें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए. की उपाधि भी मिली। उन्हें इंग्लैंड में रॉयल सोसायटी का फेलो नामित किया गया। उस समय किसी अश्वेत व्यक्ति को रॉयल सोसायटी की सदस्यता मिलना एक बहुत बड़ी बात थी। रॉयल सोसायटी के इतिहास में उनसे कम आयु का कोई भी सदस्य आज तक नहीं हुआ है। वहाँ की जलवायु और खान-पान के कारण उनका स्वास्थ्य



बिगड़ता गया। वे अपने देश भारत भी वापस आ गए परन्तु यहाँ भी डॉक्टरो ने जवाब दे दिया। 26 अप्रैल 1920 को प्रातः काल में अचेत होने के पश्चात दोपहर होते समय गणित के महान जादूगर का मात्र लगभग 33 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गणित में विश्लेषण एवं संख्या सिद्धान्तों के क्षेत्रों में गहन योगदान दिया। उन्होंने 3884 प्रमेयों का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। इनके द्वारा प्रतिपादित लैमड़ा-रामानुजन स्थिरांक, सोल्डनर स्थिरांक, थीटा फलन, रामानुज तत्समक, रामानुजन अभाज्य एवं कृत्रिम थीटा फलन मुख्य हैं। उनका गणित के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान रहा है।

# पूर्व सभासद मो. वकील बने एआईएमआईएम के खीरी नगर अध्यक्ष

**● जिला अध्यक्ष नसीम खान ने दी जिम्मेदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष नसीम खान ने कस्बा खीरी के संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए नगर पंचायत के पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर उनके साथ दो दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त से न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है बल्कि क्षेत्र की राजनीति हलचल तेज हो गई है। पूर्व सभासद मो0 वकील खीरी की सियासत में अहम किरदार रखते है। पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से एआईएम आईएम में उत्साह दिखाई दे रहा है। इस मौके पर एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष



नसीम खान, युवा संगठन के जिलाध्यक्ष मो आसिफ उर्फ आशु ने उन्हें पार्टी के हक में सक्रियता के साथ काम करने के निर्देश देते हुए उम्मीद जताई कि वह जल्दी संगठन का विस्तार करके पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। इस दौरान यूथ के जिला महामंत्री सैयद आलीशान ज़ैदी, जिला कोष अध्यक्ष, अरशद आरफी, सिंगाही नगर अध्यक्ष अब्दुल रहमान अंसारी, मोहम्मद मोनिस फारूकी, रिजवान अहमद मंसूरी, सफी अहमद, चांद बाबू, अशफाक खान, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद शफी, मुश्ताक अली, मोहम्मद मोईद, आफताब आलम उर्फ छोटू, डॉक्टर एहराज़ अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# उन्नाव रेप पीड़िता की सोनिया और राहुल गांधी से मुलाकात

उन्नाव बलात्कार पीड़िता, उसकी मां और कार्यकर्ता योगिता भयाना ने बुधवार को नई दिल्ली के जनपथ रोड स्थित 10 नंबर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बलात्कार मामले में दोषी और पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को राहत दिए जाने के फैसले के बाद हुई। मुलाकात से पहले, पीड़िता ने न्याय पाने का संकल्प लिया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलना चाहती हैं।

# गोला मे चार पेस्टी व काफी की दूकानो पर एसडीएम का निरीक्षण



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पच्चीस दिसम्बर को पडने बाले क्रिसमस के त्योहार के द्रस्टिगत गोला उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी के साथ खाद्य निरीक्षक रमेश सिंह व औषधि निरीक्षक विश्राम रावत व रामबाबू के साथ गोला मे चार काफी व पेस्टी की दूकानो पर औचक निरीक्षण किया है। क्रिसमस त्योहार के द्रस्टिगत गोला उप जिला अधिकारी ने गोला सदर चौराहे पर काफी व पेस्टी की चार दूकानो पर औचक निरीक्षण कर वहां की साफ सफाई व गुणवत्ता को परखा है। वही ऐक दूकान से पेस्टी व केक का सैपल भी लिया गया है। इस दौरान उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी त्योहार पर कोई लापरवाही व किसी भी खाद्य सामग्री मे मिलावट स्वीकार नही होगी।

# एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित

**● राजा लोने सिंह इण्टर कालेज मितौली की छात्रा अक्षरा सिंह ने जिला स्तरीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में किया प्रथम स्थान प्राप्त**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली खीरी।** राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज मितौली की कक्षा 10 की छात्रा अक्षरा सिंह ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में जनपद लखीमपुर-खीरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता गत 22 दिसंबर 2025 को जनपद मुख्यालय स्थित गुरु नानक इण्टर विधिक सभा कॉलेज, लखीमपुर-खीरी में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं तहसीलों से आए माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में युवराज दत्त महाविद्यालय



लखीमपुर खीरी के प्रोफेसर हेमन्त पाल तथा गुरु नानक इंटर कॉलेज के प्राचार्य ईसविंदर सिंह अजमानी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज के अध्यापक जितेंद्र कुमार वर्मा, जेपी इंटर कॉलेज मोहम्मदी के प्राचार्य प्रदीप वर्मा तथा आर्य कन्या डिग्री कालेज,इस्लामिया डिग्री कालेज,सी एम पी जी कालेज वाई डी पी जी कालेज लखीमपुर राजकीय महाविद्यालय पीलिया सहित जिले के अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। कठोर प्रतिस्पर्धा के बीच काव्य पाठ में उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए अक्षरा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार, विजेता प्रतिभागियों को 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस के अवसर पर सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज मिश्राना में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी खीरी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अक्षरा सिंह की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

# एसडीएम, खनन अधिकारी मौके पर पहुंचे आवंटित पट्टे की जांच करने पहुंचे

**● ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम छ सूत्री ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही–खीरी।** मांझा पंचायत क्षेत्र में खनन पट्टा ठेकेदारों द्वारा जौराहा नदी पर बनाए गए पुल को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद गठित दूसरी जांच टीम बुधवार को मौके पर जांच करने पहुंची। टीम में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ लोक निर्माण विभाग और खनन विभाग के अधिकारी शामिल रहे। क्षेत्र से गुजरने वाली जौराहा नदी अभिलेखों में नाला दर्ज है। इसके बावजूद खनन विभाग द्वारा जारी खनन पट्टे का ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर इससे पहले बीते शुक्रवार को एसडीएम राजीव निगम के नेतृत्व में एक जांच टीम मौके पर पहुंची थी, जहां ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया था। इसके बाद सोमवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल लखीमपुर पहुंचकर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से मिला था। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल यादव और सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार के नेतृत्व में दूसरी



जांच टीम का गठन किया था। बुधवार को गठित टीम एसडीएम राजीव निगम और खनन अधिकारी आशीष सिंह के साथ मौके पर पहुंची और खनन के लिए आवंटित पट्टे के स्थल व बनाए गए पुल की जांच की। जांच के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम छह सूत्रीय ज्ञापन भी अधिकारियों को सौंपा और खनन पट्टा निरस्त करने की मांग दोहराई।

## संक्षिप्त खबरें

### दलापुर पंचायत सचिवालय में जनजागरूकता कार्यक्रम आज

**भदोही।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में केंद्रीय संचार ब्यूरो, वाराणसी एवं जिला सूचना कार्यालय भदोही के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड भदोही के दलापुर पंचायत सचिवालय में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में गोष्ठी, व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सुशासन के विभिन्न आयामों तथा विकसित भारत विषय पर चर्चा की जाएगी।

### मादक पदार्थों की बिक्री का आरोपी गिरफ्तार

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के पचराव गांव में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले अभियुक्त राजू सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी पचराव के पास से 1.230 ग्राम गांजा बरामद हुआ है मुखबिर के सूचना पर चौकी इंचार्ज अदलपुरा के नेतृत्व में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। उपयुक्त अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

### कंबल पाकर खिले गरीब असहायों के चेहरे



**ड्रमण्डगंज, मीरजापुर।** क्षेत्र के अहुगी कलां गांव टिकुरी बस्ती गांव निवासी समाजसेवी प्रभु नारायण पांडेय की ओर से बुधवार को दो सौ गरीब असहायों को कंबल वितरित किया गया।कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता जगदीश प्रसाद मिश्र,डा? अवधेश सिंह ने गरीब निराश्रितों को कंबल वितरित किया। कंबल पाकर ठंड से ठिठुर रहे लोगों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि गरीब और जरूरतमंदों की समय पर मदद करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नही है। अधिवक्ता जगदीश प्रसाद मिश्र ने कहा कि गरीबों की मदद करना पुनीत कार्य है समाज के हर वर्ग को इस दिशा में आगे आना चाहिए। समाजसेवी प्रभु नारायण पांडेय की ओर से भीषण ठंड में कंबल पाकर उर्मिला,सोहागी देवी,फगुनी देवी दसवंती,बेचन सिंह, अमरजीत आदि के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।कंबल वितरण कार्यक्रम में देवेश पांडेय, उमेश पांडेय,उमाकांत दुबे, कन्हैया सिंह पटेल, श्याम सिंह, राकेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### मंडी समिति द्वारा मानक के विपरीत कराया जा रहा है कार्य में जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**जमालपुर, मीरजापुर।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मठना में गंगा नहर मठना से सवैया मौजा से होते हुए भैंसासुर टेढुआ मार्ग में जोड़ने वाले रास्ते को मानक के विपरित हों रहें कार्य को सपा जन प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार गुप्ता राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी व ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कार्य को रुकवाया और विरोध प्रदर्शन किया वही जितेंद्र गुप्ता व ग्रामिणों ने ठेकेदार पर आरोप लगाया कि घटिया सामग्री लगाने के लिए बार बार मना करने के बावजूद बात को अनसुना ठिकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि का सहारा लेते हुए प्रदर्शन के लिए बाध्य हो गए। यदि जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की बात अधिकारी संज्ञान में नहीं लेते हैं तो अनवरत धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगाराम सिंह पटेल, जितेंद्र कुमार गुप्ता, तेज बहादुर सिंह, मु0 इलियास, अनमोल पटेल, रामदुलारे जायसवाल, गौतम पटेल, कमलेश पटेल, छोटेलाल सहित दर्जनों लोग प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

# सेमराधनाथ माघ मेला व कल्पवास की तैयारियों का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सेमराधनाथ माघ मेला एवं कल्पवास की तैयारियों तथा शांति व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मेला परिसर का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधूरे कार्यों पर संबंधित विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल निगम विभाग का कार्य पूर्ण न होने पर अधिशासी अभियंता को दो दिन के भीतर कार्य पूरा करने की चेतावनी दी गई, अन्यथा सख्त कार्रवाई की बात कही। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मेला क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 25 स्ट्रीट लाइट लगाने एवं समुचित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों की स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि मेला परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ मोबाइल मेडिकल टीम की तैनाती कर जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही 24 घंटे रोस्टर के अनुसार एंबुलेंस सेवा, डॉक्टरों की टीम एवं संपर्क नंबरों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्नान के पश्चात महिलाओं के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम बनवाने, कल्पवासियों के लिए वन विभाग द्वारा अलाव हेतु लकड़ी उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक विभाग से नोडल अधिकारी एवं कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मेला की संपूर्ण निगरानी हेतु प्रभारी मेलाधिकारी की तैनाती के निर्देश भी दिए गए।

15 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर संभावित भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने मेला अधिकारी, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर मेले को सुचारू एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही सेमराधनाथ धाम के अंतर्गत रामपुर घाट एवं सीतामढ़ी घाट पर भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने बताया कि 01 जनवरी को सेमराधनाथ धाम माघ मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेटिंग, जल पुलिस, नाविक, गोताखोर एवं महिला पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमराधनाथ का आकस्मिक निरीक्षण कर महिला एवं पुरुष वार्ड, डिलीवरी कक्ष, ऑपरेशन थिएटर तथा दवाओं की उपलब्धता का सत्यापन किया और एमओआईसी को मरीजों को बेहतर एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मेला समिति के अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, उप जिलाधिकारी भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक सहित मेला से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कंप्यूटर सेंटर में लाखों की चोरी से हड़कंप

### ● सोलर-इनवर्टर से लेकर चार लैपटॉप तक साफ, थाने में दी तहरीर

### कोईरौना थाना क्षेत्र के नारेपार पैगहा सीतामढ़ी की घटना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** कोइरौना क्षेत्र में प्रयागराज जिले के हंडिया कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भेलसी गांव निवासी अतुल कुमार पुत्र रमाकांत त्रिपाठी के कंप्यूटर सेंटर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। नारेपार पैगहा, सीतामढ़ी स्थित जंगीगंज-धनतुलसी मार्ग किनारे संचालित आईडीटीसी कंप्यूटर सेंटर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

पुलिस को दिए तहरीर में सेंटर संचालक अतुल कुमार ने अवगत कराया है कि 23 दिसंबर की दोपहर करीब 12 बजे सेंटर बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन 24 दिसंबर, बुधवार को जब वह सेंटर पहुंचे तो ताला खोलते ही उनके होश उड़ गए। सेंटर से दो बैटरा, दो इनवर्टर, कैमरा डीवीआर, दो सोलर पैनल तथा चार लैपटॉप गायब मिले। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पीड़ित अतुल कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए कोइरौना थाना




में लिखित तहरीर दी है और चोरी की इस घटना में अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दहशत का माहौल है और रात्रि गश्त बढ़ाए जाने की जरूरत है।

## ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

### ● विकास खंड सुरियावां जिला भदोही उत्तर प्रदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुरियावा/भदोही-** बेसिक शिक्षा विभाग तथा पंचायती राज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड सुरियावां में ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। मंच संचालन कर रहे एसआरजी विनय शंकर पांडेय ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करना, बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाना तथा ग्राम पंचायतों व विद्यालयों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करना है।

खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में तथा मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में विकास खंड के सभी ग्राम प्रधानों, प्रधानाध्यापकों एवं संबंधित अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह जी द्वारा बताया गया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों के समन्वित प्रयास से, उत्साह पूर्वक मिशन प्रेरणा एवं निपुण भारत अभियान की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास करना है।

ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों का उन्नयन। अवशेष कार्यो को पूर्ण करने में प्रधानों का सहयोग प्राप्त करना, तथा डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का सुचारु संचालन करना है। ग्राम प्रधानों द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान तथा प्रधानाध्यापकों द्वारा विद्यालय प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी निश्चित करना है। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक दोनों के सहयोग से ग्रामीण शिक्षा को नई ऊंचाई प्रदान की जा सकती है तथा हर बच्चे को निपुण बनाने का संकल्प लिया जाए।

विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी ने बताया कि आप ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर अपने विद्यालय में कार्य बेहतर करवा सकते है। विकास खंड सुरियावां में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए, अपार आईडी में शत प्रतिशत कार्य करने के लिए 6 विद्यालयों को, सक्षम विद्यालय के रूप में 5 विद्यालयों को, निपुण प्रैक्टिस सेट पर कार्य करने के लिए 4 विद्यालयों को ,और राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में जनपद में चयनित विद्यालय को प्रशस्ति पत्र दिया गया।अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के महामंत्री, ए आर पी देवेंद्र कुमार मिश्र के द्वारा, सभी सम्मानित उपस्थित, प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों द्वारा विकास खंड के विदयालय में हुए कार्यो के लिए अध्यक्ष को धन्यवाद दिया गया। और बाकी विद्यालय में कार्य करने हेतु सुझाव दिए। इस दौरान एआरपी देवेंद्र कुमार मिश्र, मनोज प्रभाकर सिंह, भास्करानंद मिश्र, भैरवानंद यादव, संतोष कुमार, के साथ सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत एक्सपर्ट टॉक विथ आईडल कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत 'एक्सपर्ट टॉक विथ आईडल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास,नेतृत्व क्षमता एवं आत्मनिर्भरता का विकास करना रहा।कार्यक्रम में प्रथम आइडल के रूप में प्रो0 (डॉ0) विनिता यादव रजिस्ट्रार प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज उपस्थित रहीं। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, लक्ष्य निर्धारण एवं निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रा अमृता सिंह, आकांक्षा सिंह,रानी मौर्या सहित अन्य छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उन्होंने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम की द्वितीय आइडल प्रो0 डॉ अंशु शुक्ला वसंत कन्या महाविद्यालय कमच्छा वाराणसी रहीं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास,नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो डॉ माधवी शुक्ला ने अपने संबोधन में मिशन शक्ति फेज-5 की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं सामाजिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम का कुशल संचालन मिशन शक्ति संयोजक डॉ शेफालिका रॉय,स्वागत डॉ शिखा तिवारी, धन्यवाद ज्ञापन डॉ विद्या सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी डॉ कुसुम लता, आई0 क्यू0 एसी0 प्रभारी डॉ0 चंदन साहू, मुख्य शास्ता डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ मनोज प्रजापति, डॉ नलिनी सिंह, डॉ रीता मिश्रा, डॉ रमेश चंद्र, डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी, डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ अमित यादव, धरमचंद्र यादव सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक/प्राध्यापिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 35 छात्र एवं 87 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### डॉ. बलिराज बने अपना दल (क) के जिला मीडिया प्रभारी

**भदोही।** अपना दल (कमेरावादी) पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. बलिराज को जनपद भदोही का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह मनोनयन पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र पटेल की अनुमति से किया गया। जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि पार्टी नेतृत्व को विश्वास है कि डॉ. बलिराज पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. बलिराज को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में मीडिया के माध्यम से पार्टी की आवाज और अधिक सशक्त होगी।

### राजकीय बालिका हाईकूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन, बच्चों ने प्रफुल्लित मन से किया प्रतिभाग



**दुर्गागंज।** राजकीय बालिका हाईकूल कुढ़वा अभोली में प्रधानाध्यापिका डॉ चन्दना मुखर्जी के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीनाथ पाण्डेय (राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक) रहे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा बिना सब अधूरा है, और हर बच्चा ये ठान ले कि हर रोज कुछ न कुछ नया जरूर सीखना है, इसी से अपना आने वाला कल सुनहरा होगा। इस कार्यक्रम में बच्चों ने तरह तरह के संगीत और नाटक भी प्रस्तुत किए, और राष्ट्र भक्ति गीत पर नृत्य भी किया। बच्चों को शील्ड आदि देकर सम्मानित भी किया गया।गांव में बने इस नए विद्यालय में पहली बार इस प्रकार का कार्यक्रम हुआ तो ग्रामीणों ने भी पहुंच कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके अंकित पाल, विकास शुक्ला, सहायक अध्यापिका कनकलता आदि मौजूद रहीं।

## सीईआईआर पोर्टल बना भदोही पुलिस की ताक़त, 151 गुम मोबाइल लौटाकर लौटाई मुस्कान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद भदोही में आमजन के गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी को लेकर भदोही पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार सफल साबित हो रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सीईआईआर पोर्टल के प्रभावी उपयोग से 151 गुम व खोए मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 24.16 लाख रुपये है।

बरामद किए गए मोबाइल फोनों को बुधवार को रिज़र्व पुलिस लाइन्स, ज्ञानपुर स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अपने खोए मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरों पर खुशी साफ झलकी और उन्होंने भदोही पुलिस की तत्परता व तकनीकी दक्षता की सराहना की।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के सभी थानों में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा सीईआईआर पोर्टल जनसुनवाई एवं डायल-112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की गई। शिकायत मिलते ही मोबाइल का आईएमईआई नंबर पोर्टल पर दर्ज कर ट्रेसबिलिटी डिटेल्स के आधार पर नियमित समीक्षा व फॉलो-अप किया गया, जिससे अधिक से अधिक मोबाइल फोनों की बरामदगी संभव हो सकी।

उल्लेखनीय है कि 01 जनवरी 2025 से 24 दिसंबर 2025 के बीच जनपद भदोही पुलिस द्वारा कुल 730 गुम मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 1.16 करोड़ रुपयेहै।

## शीतलहर में प्रशासन की संवेदनशील पहल, डीएम ने वनवासी बस्तियों में बांटे कंबल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतरा हुआ है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार की देर शाम जोरई एवं खावावीर क्षेत्र की वनवासी बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ियों में पहुंचकर स्वयं गरीब, वंचित एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। जोरई स्थित वनवासी बस्ती में जिलाधिकारी ने करीब 30 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए तथा ग्रामीणों से संवाद के दौरान क्षेत्र में दो सोलर लाइट लगवाने और रिबोर कराने के निर्देश दिए। इसके बाद खावावीर पहुंचकर उन्होंने 25 गरीब व वंचित व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर लोगों के चेहरों पर राहत और आत्मीय मुस्कान देखने को मिली। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने बताया कि शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत जनपद की सभी तहसीलों तथा नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों में अधिकारियों द्वारा लगातार कंबल वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में जरूरतमंद व्यक्तियों को चिन्हित कर मलिन बस्तियों एवं वनवासी क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रमुख चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जाए तथा कंबल वितरण व अलाव की स्थिति की जियो-टैगिंग कर संबंधित पोर्टल पर फीडिंग कराई जाए।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि जनपद भदोही में वर्तमान शीतलहर को देखते हुए निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाने के लिए तहसीलवार कुल 3138 कंबल वितरित किए जाने की कार्यवाही की गई है। प्रत्येक तहसील को 1000 कंबल वितरण हेतु उपलब्ध करा दिए गए हैं।

आपदा विशेषज्ञ द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कुल 168 स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, जिससे ठंड से बचाव में लोगों को राहत मिल रही है। कंबल वितरण के दौरान उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर भानु सिंह, तहसीलदार अजय सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, आपदा विशेषज्ञ अंकित सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्षतिग्रस्त सड़क का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण जनहित में अति आवश्यक- विजय कुमार वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नगर पालिका परिषद चुनार के पूर्व अध्यक्ष व जिला सहकारी संघ लिमिटेड सोनभद्र ,मिर्जापुर के चेयरमैन विजय कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मांग किया है कि मीरजापुर जिले के नगर पालिका परिषद चुनार एक ऐतिहासिक नगर है। जो दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग मुख्य मार्ग पर स्थित है। चुनार नगर के मुख्य मार्ग से आचार्य जी मोड से सरस्वती शिशु मंदिर होते हुए गोसाई श्री विठ्ठलनाथ मंदिर होते हुए चुनार किला को जोड़ते हैं, जिसकी लंबाई लगभग 02 किमी है। यह मार्ग नगर पालिका परिषद चुनार के अंतर्गत स्थित है। इस मार्ग की दशा बिल्कुल जीर्णशीर्ण हो गया है। मार्ग पर आने जाने में बहुत कठिनाई होती है।जबकि इस मार्ग पर सरस्वती शिशु मंदिर स्थापित है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे प्रतिदिन इसी मार्ग से आते जाते हैं। इसी मार्ग पर राजकीय आयुर्वेदीक चिकित्सालय है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज आते जाते हैं। इसी मार्ग पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित है इसी मार्ग से हजारों छात्र छात्राओं का आवागमन होता है,इसी मार्ग पर वैष्णवजनों के तीर्थ स्थल चरणाट धाम पर गोसाई श्री विठ्ठलनाथ का प्राकट्य स्थल है। जहाँ प्रति वर्ष हजारों की संख्या में देश प्रदेश से वैष्णवजन चरणाट धाम आते रहते हैं जो पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।इसी मार्ग पर डॉ0 सविता मेमोरियल इंटर कॉलेज भी स्थित है जिसमें हजारों छात्र छात्राएं प्रतिदिन इसी मार्ग से आते जाते हैं। यह मार्ग आस पास के कई गाँवों के लोगों को जोड़ता है। यह मार्ग बहुत दयनीय स्थिति में है। जिसका कारण नगर पालिका की उदासीनता है।

## 'मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा में उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेस-5 अभियान कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आज 24 दिसंबर को महिला सुरक्षा विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी-चुनार मंजरी राव रही, विशिष्ट अतिथि चुनार थाने की मिशन शक्ति यूनिट के सम्मानित सदस्य रहे। अतिथियों का स्वागत प्राध्यापक प्रो दिनेश कुमार यादव द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में महिला हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 एवं 112 का जिक्र करते हुए इस बात पर महत्व दिया कि मिशन शक्ति के उद्देश्यों की पूर्ति तभी संभव है जब महिला एवं पुरुष छात्र एवं छात्राएं दोनों समान रूप से इस अभियान में सहयोग करें। थाना चुनार मिशन शक्ति यूनिट के द्वारा 1090, 112,181,1098, 102,108 अन्य हेल्पलाइन नंबरों एवं महिलाओं को कानून द्वारा दिए जा रहे अधिकारों एवं संरक्षण के प्रति उपस्थित छात्र- छात्राओं को जागरूक किया। वहीं मुख्य अतिथि का सम्मान प्राचार्य प्रो मृणालिनी सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रही मिशन शक्ति संयोजक डॉ. सबीहा नाज द्वारा उपस्थित सभी का आभार ज्ञापन किया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मृणालिनी सिंह के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति समिति के सदस्य डॉ नीलम यादव, डॉ मधु तिवारी, डॉ पल्लवी मिश्रा, डॉ अनु



सिंह के साथ महाविद्यालय के अन्य सम्मानित सदस्य प्रो राकेश कुमार, डॉ राघवेंद्र सिंह, प्रोफेसर महेंद्र नाथ, डॉ अशोक कुमार, डॉ प्रेम यादव, डॉ रामनरेश यादव, डॉ दीपक वर्मा, डॉ मनीष मिश्रा, डॉ पवन कुमार, डॉ सुशील कुमार, डॉ भैया लाल तथा छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। संगीत विभाग प्रभारी डॉ चारू चंद्र के देख रेख में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने दहन किया बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** बाग्लादेश में हिन्दुओ के प्रति अमानवीय ब्यवहार व निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद चुनार जिलाध्यक्ष दिनेश प्रकाश सिंह के नेतृत्व मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने वुधवार को नगर स्थित पी डी एन डी इंटर कालेज से हाथों में स्लोगन मुहम्मद युनूस होश में आओबांग्लादेश में हिन्दुओ पर अत्याचार, नहीं सहेगा हिंदुस्तान बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद लिखित तख्ती व बाग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला लेकर गगनभेदी नारों के साथ तहसील परिसर पहुंचे और चक्रमण करते हुए तहसील गेट पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। बिश्व हिन्दू परिषद चुनार जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाग्लादेश में हिन्दुओ के प्रति अमानवीय ब्यवहार, अत्याचार और निर्मम हत्या के विरोध में बांग्लादेश सरकार का घोर निंदा करतें हुए वहाँ के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया है । और भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार के खिलाफ ठोस कदम उठाने की बात कही। वही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कारवाह विवेक सिंह ने कहा कि 25 दिसम्बर से विश्वहिन्दूपरिषद के संयुक्त सहयोग से सभी कार्यकर्ताओं द्वारा समूचे नगर मे भ्रमण कर बाग्लादेशी नागरिकों की तलाश कर पकडने का काम करेंगे। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष चन्द्रहाश गुप्ता,




नंदलाल केशरी,बिजय बहादुर सिंह, विजय कुमार वर्मा, राजकुमार गुप्ता, जगदीश गुप्ता, नारायण राठी,अभिलाष राय, मनीष राय, अजयशेखर पाण्डेय, अखिलेश मिश्रा, विवेक द्विवेदी, ब्रह्मानन्द कुशवाहा, विकास कश्यप,मोनू साहनी, राजू चौबे, किसन मोदनवाल, उमाकांत द्विवेदी, आलोक श्रीवास्तव, संजय केशरी, वाई पी सिंह आदि मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### माघ मेले में साधु-संतों के बीच जमीन पर बैठे डीएम मनीष वर्मा



अपने हाथों से रोटी सेकते हुए साझा किया आत्मीय संवाद।

**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेले की आध्यात्मिक ऊर्जा, साधु-संतों की साधना और संगम की हवा के बीच खाक चौक पर एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने प्रशासन और समाज के रिश्ते को बेहद सरल और मानवीय रूप में सामने रख दिया। जिलाधिकारी मनीष वर्मा जब साधु-संतों के बीच पहुंचे, तो वह किसी निरीक्षण या औपचारिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं थे, बल्कि उस वातावरण का हिस्सा बन चुके थे। डीएम मनीष वर्मा साधु-संतों के साथ जमीन पर बैठ गए।बातचीत शुरू हुई–मेले की व्यवस्थाओं से लेकर जीवन, साधना और अनुभवों तक। यह संवाद आदेशों या निर्देशों का नहीं, बल्कि सुनने और समझने का था। इसी आत्मीय माहौल में उन्होंने खुद चूल्हे के पास बैठकर रोटी सेकनी शुरू कर दी। यह पल प्रशासनिक जिम्मेदारी से कहीं आगे जाकर संवेदनशीलता का प्रतीक बन गया। रोटी सेकते समय साधु- संतों के चेहरों पर अपनापन साफ झलक रहा था। कोई दूरी नहीं,कोई औपचारिकता नहीं–सिर्फ सहजता और सम्मान।जिलाधिकारी ध्यान से उनकी बातें सुनते रहे, कभी मुस्कान के साथ, कभी गंभीर होकर।

### बारा थाना दलालों के भरोसे- दलालों कीव्यवस्था या व्यवस्था की खामी?

सीसीटीवी जांच से खुलेगी सच्चाई।

**बारा प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा थाने को लेकर एक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वीडियो में कथित तौर पर थाने के भीतर लेनदेन होता हुआ दिख रहा है और उसी दौरान थाना प्रभारी की मौजूदगी भी बताई जा रही है। यह दृश्य प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर कई अहम प्रश्न खड़े करता है। केयदि लेनदेन की यह गतिविधि वास्तविक है, तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि थाने के भीतर ऐसा क्यों और किस उद्देश्य से हो रहा है। और यदि थाना प्रभारी को इसकी जानकारी नहीं थी, तो जानकारी लेने की जिम्मेदारी किसकी थी? वहीं, यह भी सवाल उठ रहा है कि यदि सब कुछ उनकी जानकारी में था, तो फिर जांच और निगरानी की प्रक्रिया कहां ठहर गई। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज है कि यदि बारा थाने का केवल एक सप्ताह का सीसीटीवी फुटेज निष्पक्ष रूप से खंगाला जाए, तो कई परतें खुल सकती हैं। आरोपों के मुताबिक थाने में दलालों की नियमित आवाजाही बताई जा रही है, जिनके माध्यम से अवैध खनन,ओवरलोड वाहनों की आवाजाही और अन्य गतिविधियों के संचालन की बातें सामने आ रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ दलालों का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि वे सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों तक को धमकाने से नहीं चूकते। हालांकि, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि ये सभी बातें आरोप और सवालों के दायरे में हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच ही सच्चाई सामने ला सकती है। ऐसे में मांग उठ रही है कि उच्चाधिकारियों द्वारा थाने के सीसीटीवी फुटेज की स्वतंत्र जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति जनता के सामने आ सके और व्यवस्था पर उठे संदेह दूर हों। यह मामला किसी व्यक्ति विशेष पर आरोप लगाने से अधिक, पुलिस व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वास बहाली से जुड़ा है। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि प्रशासन इन सवालों को कितनी गंभीरता से लेता है।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने मोदी सरकार को लगाई फटकार, कहा- साफ हवा नहीं दे पा रहे तो एयर प्यूरीफायर पर कम करें जीएसटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण और एयर प्यूरीफायर पर ज्यादा जीएसटी को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि जब सरकार और संबंधित एजेंसियां नागरिकों को सांस लेने लायक साफ हवा तक मुहैया नहीं करा पा रही हैं, तो कम से कम इतना तो किया ही जा सकता है कि एयर प्यूरीफायर को सस्ता किया जाए, ताकि लोग खुद को और अपने परिवार को बचा सकें। मामला एयर प्यूरीफायर को चिकित्सा उपकरण की श्रेणी में दोबारा वर्गीकृत करने और उस पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग से जुड़ा है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि हजारों लोग खराब हवा की वजह से बीमार हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार ठोस और त्वरित कदम उठाने में नाकाम रही है। हम दिन में 21 हजार बार सांस लेते हैं और सोचिए प्रदूषित हवा में सांस लेने से कितना नुकसान होगा। कोर्ट ने कहा कि कम से कम एक हफ्ता या महीने के लिए तो एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी को




हटाया जा सकता है। अदालत ने केंद्र सरकार के वकील से पूछा कि जब हालात इतने गंभीर हैं, तो समय सीमा का मतलब क्या है? कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण लोग मर रहे हैं और हर नागरिक को साफ हवा की जरूरत है। अगर सरकार ये भी नहीं दे पा रही है, तो कम से कम इतना तो करें कि लोग एयर प्यूरीफायर खरीद सकें। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि यह मामला प्रक्रियाधीन है और इसे तय समय सीमा के भीतर निपटा लिया जाएगा। इस पर कोर्ट नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस पर जवाब देने के लिए 15 दिन क्यों चाहिए? क्या सरकार वेकेशन बेंच के दौरान भी जवाब नहीं दे सकती? कोर्ट ने पूछा कि सरकार आखिर प्रस्ताव क्या ला रही है और उसे कब तक स्पष्ट किया जाएगा। हाईकोर्ट ने यह भी पूछा कि एयर इमरजेंसी के दौरान नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत अस्थायी उपाय के तौर पर छूट क्यों नहीं दे सकते? सरकार जीएसटी काउंसिल की मीटिंग को क्यों नहीं बुलाती? जीएसटी काउंसिल कब बैठने वाली है, ये बताया जाए। क्या जीएसटी काउंसिल के सामने ये प्रस्ताव जा रहा है? इस पर केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि यह मुद्दा पहले ही संसदीय समिति के सामने उठाया जा चुका है और समिति ने इस संबंध में निर्देश भी दिए हैं।

### कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे के चलते लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त

**नैनी,प्रयागराज।** इन दिनों लगातार बढ़ रहे कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे के चलते लोगों का जनजीवन काफी अस्त व्यस्त हो गया। भीषण ठंड के मौसम में क्षेत्र में कहीं भी अलाव न जलाए जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जैसा कि मालूम हो, इन दिनों ठंड का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। शाम ढलते ही चारों तरफ घना कोहरा छा जाता है। शाम को घने कोहरे एवं भीषण ठंड के चलते लोग अपने- अपने घरों में कैद हो जाते हैं। शीतलहर व ठंड के चलते क्षेत्र की दुकानें जल्द ही बंद कर दी जाती है। जिससे क्षेत्र की सड़कों एवं बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, कि नगर निगम अधिकारियों के द्वारा अभी तक क्षेत्र के नई बाजार, ए.डी.ए मोड़, शंकर ढाल, अरैल मोड़, मलहरा के फाटक, मेवालाल की बगिया तिराहा, न्यू सब्जी मंडी आदि विभिन्न चौराहों पर अलाव की व्यवस्था न किए जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतें महसूस हो रही है।

## माघ मेले में यात्रियों केलिए प्रयागराज से विमान सेवाओं में इजाफा करने का निर्णय

● जनवरी से प्रयागराज-हिंडन (गाजियाबाद) के बीच नई फ्लाइट सेवा शुरू होगी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों की बढ़ती आवाजाही के मद्देनजर प्रयागराज से विमान सेवाओं में इजाफा किया जाएगा। जनवरी से प्रयागराज-हिंडन (गाजियाबाद) के बीच नई फ्लाइट सेवा शुरू होने जा रही है। यह जानकारी मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित विमानपत्तन सलाहकार समिति की बैठक में दी गई। बैठक में प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश चावला ने बताया कि माघ मेला अवधि में हिंडन के लिए फ्लाइट शुरू करने की तैयारी अंतिम चरण में है। साथ ही अकासा एयरलाइंस, इंडिगो और एलायंस एयर के प्रतिनिधियों ने नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू होने पर उड़ानों की संख्या बढ़ाने पर सहमति जताई। विमानपत्तन सलाहकार समिति के अध्यक्ष एवं फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एयरलाइंस प्रतिनिधियों ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान नाइट लैंडिंग




शुरू हुई थी, लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया। वर्तमान में वायुसेना से रात में उड़ान की अनुमति न मिलने के कारण नई सेवाएं शुरू नहीं हो पा रही हैं। इस पर वायुसेना की ओर से पहुंचे स्क्वाड्रन लीडर प्रसाद पटवर्धन ने कहा कि वायुसेना का पक्ष रखा। सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि विमानन कंपनियां प्रस्तावित नई उड़ानों की जानकारी एयरपोर्ट निदेशक को दें, ताकि उसे मंत्रालय स्तर तक भेजा जा सके। सभी ने प्रयागराज से बंद हुई विमान सेवाओं को फिर से शुरू करने की मांग की। बैठक में समिति के सदस्य रवि मोहन मिश्र, मुरारी लाल अग्रवाल, अरुणेंद्र, अनिरुद्ध प्रताप, होटल व्यवसायी इंद्रप्रीत सिंह, एयरपोर्ट सीओ मनीष यादव सहित अकासा, एलायंस एयर और एयरपोर्ट के अधिकारी मुकेश उपाध्याय, श्याम कार्तिक समेत पुलिस, पीडीए, नगर निगम, जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी के प्रतिनिध मौजूद रहे।

## नेवढ़िया मार्ग चौड़ीकरण को मिली 56.85 करोड़ की सौगात, बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने की भी पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र की बारा विधानसभा में विकास की रफ्तार तेज होती नजर आ रही है। एक ओर जहां लंबे समय से उपेक्षित नेवढ़िया मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को 5685.39 लाख (56.85 करोड़) की बड़ी धनराशि स्वीकृत हुई है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नए विद्युत उपकेन्द्रों के निर्माण की दिशा में भी ठोस पहल की गई है। इन दोनों महत्वपूर्ण विकास कार्यों के पीछे बारा विधायक डॉ. वॉचस्पति के निरंतर प्रयास, सक्रियता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को अहम माना जा रहा है। नेवढ़िया मार्ग बारा विधानसभा के लिए केवल एक सड़क नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों की जीवनरेखा है। वर्षों से जर्जर हालत में रहे इस मार्ग के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन, कृषि उपज के परिवहन, व्यापार और आपातकालीन सेवाओं में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते थे। विधायक डॉ. वॉचस्पति ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए और तकनीकी प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप अब इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मंजूरी मिली है। परियोजना के तहत चेनज 0.000 से 19.000 किलोमीटर तथा चेनज 22.200 से 23.000 किलोमीटर तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसी क्रम में बारा विधानसभा क्षेत्र की बिजली समस्या को लेकर भी पहल तेज हुई है। जसरा विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसहरा तरहार सहित आसपास के गांवों तथा शंकरगढ़ विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जूही में विद्युत उपकेन्द्र स्थापित कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों




द्वारा दिए गए पत्र पर विधायक डॉ वाचस्पति ने विधानसभा में याचिका दाखिल की। ग्रामीणों का कहना है कि दूरस्थ उपकेन्द्रों पर निर्भरता के कारण लो-वोल्टेज और कटौती की समस्या बनी रहती है, जिससे कृषि, शिक्षा और व्यापार प्रभावित होता है। डॉ. वॉचस्पति ने आश्वासन दिया है कि सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता पर लेकर बारा विधानसभा को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।

### श्री रामचरितमानस पाठ का हुआ आयोजन

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के इंडिया होटल के समीप झिलमिल कॉलोनी में दो दिवसीय श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। पाठ की शुरूआत सोमवार 22 दिसम्बर को हुआ, जो 23 दिसम्बर मंगलवार को पूर्णाहुति हवन, प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुई। रामचरितमानस पाठ वरिष्ठ समाजसेवी समर बहादुर सिंह के नेतृत्व में हुआ जिसमें शमशेर बहादुर सिंह, इन्द्र बहादुर सिंह, समर बहादुर सिंह, श्रीमती संध्या सिंह ने रामचरित मानस पाठ का श्रवण किया।

कार्यक्रम में सांसद इलाहाबाद कुंवर उज्जवल रमण सिंह, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व मंत्री लल्लन राय, समाजवादी पार्टी नेता राममिलन यादव, रिटायर अपर आयुक्त जितेन्द्र कुमार, पार्षद राकेश जयसवाल, मयंक यादव, अनूप भारती, कुसुम लता, बुलबुल राव, संजय कटीयार, भाजपा नेता घनश्याम जायसवाल, व्यापारी नेता नाजिम खान, बंटी पटेल, धर्म राज पटेल, राजन शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## पति ने पत्नी के प्रेमी का गला काट कर लाश फेक दिया कुए में , पिता पुत्र गिरफ़्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** पति ने चाकू से गला रेत कर अपनी पत्नी के शादीशुदा बॉयफ्रेंड की हत्या कर दी , हत्या के बाद शव को अपने बेटे के साथ मिलकर कुए में फेंका शव मिलने के बाद पूरी साजिश उजागर हो गई पुलिस आरोपी पिता और बेटे को गिरफ्तार करके पूछताछ किया और दोनों अपना जुर्म कबूल कर लिया। बताए गया कि का आरोपीय युवक का उसकी पत्नी के साथ अफेयर था जिसको कई बार समझाया लेकिन मान नहीं रहा था एक दिन उसनेहत्या करने का प्लान बनाया और उस जगह पर उसका काम तमाम कर दिया। मामला खीरी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 शहीद नगर का बताया जा रहा है खीरी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 के रहने वाले सुशील कुमार मुंडे 28 का 19 दिसंबर से लापता था । खीरी थाने में उसकी गुमशुदी रिपोर्ट दर्ज कराई उसकी तलाश शुरू हुई तलाश शुरू होने के बाद मंगलवार को कुएं में शव उसका दिखाई दिया शव कों कुएं से बाहर निकला गया पुलिस की मौजूदगी में परिजनों से पूछने में जांच में पता चला खीरी थाना क्षेत्र के ही रहने वाली एक 40 साल की महिला से अवैध संबंध था इस एंगल में जांच करते हुए महिला के पति सूर्य लाल को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ में पूरी कहानी बता दी। मरने से पहले दोनों में हाथापाई हुई उसके बाद अपने बेटे को बुलाकर घटना को पूरी तरह अंजाम दिया गया। पिता पुत्र को गिरफ्तार करके चाकू बरामद कर लिया गया और महिला की भूमिका की जांच हो रही हैं जिसके साथ मृतक का अवैध संबंध था।

# प्रमुख मार्गों की बसों का संचालन शहर के भीतर की बजाय अस्थायी बस स्टेशनों से करने का निर्णय

● माघ मेला मेला के कारण शहर में यातायात दबाव और जाम से निपटने के लिए प्रशासन का फैसला।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के माघ मेला-2026 के दौरान शहर में बढ़ने वाले यातायात दबाव और जाम की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद वाराणसी, गोरखपुर समेत कई प्रमुख मार्गों की बसों का संचालन शहर के भीतर की बजाय अस्थायी बस स्टेशनों से कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह व्यवस्था 24 दिसंबर 2025 से तत्काल प्रभाव से लागू होगी। 20 दिसंबर को माघ मेला-2026 की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि मेला अवधि में शहर के अंदर भारी भीड़ और वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति बन सकती है। इसी को देखते हुए अस्थायी बस स्टेशनों के माध्यम से बस संचालन का निर्णय लिया गया। झूंसी से चलेंगी वाराणसी-गोरखपुर रूट की बसें प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार, अस्थायी बस स्टेशन झूसी,प्रयागराज से गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी एवं अन्य सम्बद्ध मार्गों की बसों का संचालन किया जाएगा। इससे शहर के मुख्य मार्गों पर बसों का दबाव कम होगा और श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।विद्यावाहिनी से होगा लखनऊ-अयोध्या रूट का संचालन,वहीं, अस्थायी बस स्टेशन विद्यावाहिनीसे,प्रयागराज-लखनऊ, रायबरेली, अयोध्या, प्रतापगढ़ एवं अन्य सम्बद्ध मार्गों की बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे पूर्वी और मध्य यूपी की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए अलग-अलग बस स्टेशनों की व्यवस्था हो सकेगी। यूपी रोडवेज अधिकारियों को निर्देश उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधकों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं कि संबंधित मार्गों की सभी बसों का संचालन निर्धारित अस्थायी बस स्टेशनों से ही कराया जाए। इस निर्णय के संबंध में आरएम रोडवेज




प्रयागराज की ओर से गोरखपुर/ आजमगढ़ / वाराणसी / कानपुर/ इटावा/ बरेली/ देवीपाटन/ अयोध्या। हरदोई /मुरादाबाद / गाजियाबाद/आगरा/झांसी/चित्रकूटअलीढ़/ मेरठ/ सहारनपुर/ लखनऊ एव नोएडा क्षेत्र के आरएम को पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि उक्त मार्गो की बसों? का संचालन संबंधित अस्थायी बसों से ही कराया जाए।यातायात व्यवस्था सुचारू रखने पर जोर प्रशासन का कहना है कि यह कदम माघ मेला-2026 के,दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, शहर के अंदर जाम से बचाव और श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए उठाया गया है। आने वाले दिनों में जरूरत के अनुसार अन्य मार्गों पर भी इसी तरह के बदलाव किए जा सकते हैं।

## माधव ज्ञान केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई एवं मालवीय जी की जयंती का कार्यक्रम मनाया गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में बुधवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने प्रार्थना सत्र में महापुरुषों के चित्र पर पुष्पार्चन कर समस्त छात्र-छात्राओं को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के उपलक्ष पर संबोधित किया महामना अर्थात महान मन है जिसका, ऐसे महापुरुष मदन मोहन मालवीय जी तथा राजनीतिक गुरु, भारत रत्न प्राप्त अटल बिहारी वाजपेई की जयंती का कार्यक्रम आज विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ।विद्यालय के छात्र छात्रा प्रांसी तिवारी, श्रेया सिंह, शिवांश तिवारी, नयनदीप मिश्र, अंशु बाला यादव,नियति पटेल ने मालवीय जी तथा वाजपेई जी से संबंधित अपनी बातें रखी । विद्यालय के शिक्षक राम मोहन पाण्डेय जी एवं शिक्षिका जयती श्रीवास्तव ने भारतीय संस्कृति एवं विचारधारा , जय जवान जय किसान एवं जय विज्ञान का नारा देने वाले अटल बिहारी वाजपेई जी तथा महामना की पदवी ग्रहण करने वाले मदन मोहन मालवीय जी से संबंधित अपनी बातें रखी। विद्यालय के कुटुंब प्रबोधन समिति द्वारा भव्य तुलसी पूजन हुआ। जिसमे प्रधानाचार्य समेत सभी शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चों ने तुलसी माँ की आरती उतारी उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### अज्ञात बदमाशों ने काट दी युवक की जीभ, जानलेवा हमले से मचा हड़कंप

**प्रयागराज यमुनानगर।** थाना क्षेत्र के जेवनिया पुलिस चौकी के अंतर्गत कुंवर पट्टी गांव स्थित गौशाला में गोवंश देखने गए एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया।उसकी जीभ भी काट डाली। अस्पताल में युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।पीड़ित के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया है।मिली जानकारी के अनुसार,कुंवर पट्टी गांव के राम मुनेर मिश्रा ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि भाई जीवन राम उर्फ रमा रात को गोवंशों की देखभाल करने गौशाला गया था,जहां अज्ञात बदमाशों ने हमला कर घायल करने के साथ-साथ उसकी जीभ भी काट डाली, हो और उसे बेहोशी की अवस्था में छोड़कर भाग गए।सोमवार सुबह ग्रामीणों ने घर पर सूचना दी, कि जीवन राम गंभीर रूप से घायल बेहोशी की अवस्था में पड़ा है।परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए शहर के अस्पताल में भर्ती कराया,जहां जीवन राम की हालत नाजुक बताई जा रही है।पीड़ित के भाई ने मेजा पुलिस को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है।

## माउंट कार्मेल स्कूल में वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित माउंट कार्मेल स्कूल में मंगलवार को वार्षिक समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से वर्ष भर की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक उपलब्धियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में प्रस्तुत टूटते पारिवारिक मूल्यों पर आधारित नाट्य मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे दर्शकों एवं अतिथियों ने अत्यंत प्रशंसनीय बताया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने समाज में पारिवारिक संवाद, सम्मान और संवेदनशीलता के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलिंगा विश्वविद?द्यालय के प्रोफेसर अतुल जायसवाल, तथा समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू निषाद सहित अन्य गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में




अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।विद्यालय के प्रबंधक आर.पी. यादव ने सभी अतिथियों,अभिभावकों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार और चरित्र निर्माण को भी समान महत्व देता है।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।कार्यक्रम में भगवत कुश्वाहा, विवेक पाण्डे आदि रहे।

# सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर चार लाख के जेवर लूटे

● लुटेरे किसी कीमत पर नहीं बचेंगे- डी सी पी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करछना,प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र में सोमवार रात बदमाशों ने बेखौफ अंदाज में कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर बड़ी लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। मधुआ गांव निवासी सर्राफा व्यवसायी चंदन सोनी सोमवार रात भीरपुर से दुकान बंद कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह घोड़ेडीह इलाके में पहुंचे, पहले से घात लगाए बाइक सवार तीन लुटेरों ने उन्हें रोक लिया और विरोध करने पर उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही व्यापारी सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद बदमाश उनके पास मौजूद करीब चार लाख रुपये के जेवरात से भरा बैग लेकर मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही करछना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चंदन सोनी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक अब उनकी हालत स्थिर है और खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। घटना के बाद एडिशनल पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा और डीसीपी विवेक चंद्र यादव भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने सख्त लहजे में कहा कि यह वारदात बेहद गंभीर है और इसमें शामिल अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। सर्राफा व्यवसायी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी ने बताया कि लूटकांड के खुलासे के लिए कई विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं




और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।मंगलवार को डीसीपी विवेक चंद्र यादव पूरे दिन करछना क्षेत्र में डटे रहे और मातहतों को सख्त निर्देश दिए। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस सनसनीखेज लूटकांड का पर्दाफाश कर दोषियों को जेल भेजा जाएगा। इस वारदात ने एक बार फिर रात के समय व्यापारियों की सुरक्षा और क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस कब तक इस चुनौती पर खरा उतरती है।

## आस्था के मार्ग पर हरित सफर, लीडर रोड डिपो से शुरू हुई स्वच्छ परिवहन की नई कहानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट

**ब्यूरो प्रयागराज।** संगम नगरी में मंगलवार का दिन सार्वजनिक परिवहन के इतिहास में एक नई शुरुआत लेकर आया। लीडर रोड डिपो से जब पहली इलेक्ट्रिक बस ने रफ्तार पकड़ी, तो यह सिर्फ एक बस का चलना नहीं था, बल्कि स्वच्छ हवा, शांत सड़कों और आधुनिक सफर की ओर बढ़ता कदम था। प्रयागराज से वाराणसी, अयोध्या, कानपुर और लखनऊ के लिए छह इलेक्ट्रिक बसों के संचालन ने शहर को हरित भविष्य की राह पर ला खड़ा किया। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार, ये अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसें यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और भरोसेमंद यात्रा का अनुभव देंगी। बिना धुएं और बिना शोर के चलने वाली ये बसें वायु व ध्वनि प्रदूषण को कम करेंगी, वहीं डीजल पर निर्भरता घटाकर ईंधन खर्च में बड़ी बचत भी सुनिश्चित करेंगी। इसका सीधा असर



यात्रियों की जेब और शहर की सेहत–दोनों पर पड़ेगा। यह पहल सरकार की स्वच्छ ऊर्जा नीति और सतत विकास के संकल्प की जीवंत तस्वीर है। खास बात यह है कि प्रयागराज, अयोध्या और वाराणसी जैसे धार्मिक-पर्यटन केंद्रों के बीच हरित कनेक्टिविटी मजबूत होगी। श्रद्धालु और पर्यटक अब आस्था के मार्ग पर पर्यावरण के साथ तालमेल बिठाकर सफर कर सकेंगे। लीडर रोड डिपो से निकलती ये इलेक्ट्रिक बसें संदेश दे रही हैं कि विकास की रफ्तार तभी सार्थक है, जब वह प्रकृति के साथ चले। प्रयागराज की सड़कों पर दौड़ती ये हरित बसें आने वाले समय में एक स्वच्छ, सस्ता और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन तंत्र की नींव बनती नजर आ रही हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## मोंगलाबांध पंचायत में सहायक अभियंता ने की योजनाओं की स्थलीय जांच



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:-** पाकुड़िया प्रखण्ड के मोंगलाबांध पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता ने स्थलीय जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मर्शिला मुर्मू की बिरसा सिंचाई कूप योजना का अवलोकन किया। इसके अलावा राजेन्द्र गोस्वामी एवं भैरव पाल की भूमि पर बिरसा हरित वृक्षारोपण योजना के तहत लगाए गए फलदार पौधों की स्थिति की भी जांच की गई। जांच के क्रम में सहायक अभियंता ने ग्रामीणों के नाडेफ एवं दीदी बाड़ी का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता, प्रगति एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित कर्मियों को दिया। इस अवसर पर पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बलिया में विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन, फूंका पुतला



**बलिया।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार और नरसंहार के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टीडी कॉलेज चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व विहिप के प्रांत सह मंत्री मंगलदेव चौबे ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में सरकार परिवर्तन के बाद से ही हिंदू समुदाय को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। छात्र आंदोलन की आड़ में हिंदू महिलाओं और बेटियों के साथ दुष्कर्म, हत्या और गांवों को जलाने की घटनाएं सामने आई हैं। मंगलदेव चौबे ने हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को झूठे ईशनिंदा के आरोप में सड़कों पर घसीटते हुए जिंदा जला दिया गया। इसके अलावा एक छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य बच्ची को उसके पूरे परिवार के साथ जिंदा जला दिया गया। उन्होंने दावा किया कि हिंदुओं के पूरे गांव उजाड़ दिए गए हैं और बड़ी संख्या में मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों को जिस तरह नष्ट किया जा रहा है, वह मानवता को शर्मसार करने वाला है। विहिप और बजरंग दल इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'बांग्लादेश की तीन दवाई–राफेल, बम और मिसाइल' जैसे नारे लगाए और प्रधानमंत्री से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विवेकानंद, कृष्णा शाह, रसड़ा अध्यक्ष राजीव सिंह चंदेल सहित भानू तिवारी, राजू पटेल, अरविंद मिश्रा, पंडित विजय शरण, अर्जुन गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, मनोज चौबे, अवनींद्र चतुर्वेदी, अतुल पाठक, अरुण सिंह, विशाल पाण्डेय, सनक पाण्डेय, शिवम दुबे, अमन तिवारी, सत्यम पाण्डेय, रोहित चौधरी, आदित्य गुप्ता, संतोष, आजाद शर्मा, प्रकाश शाह, हिमांशु गुप्ता और रिशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाई कोर्ट का फैसला मेरे लिए मौत है, कुलदीप सेंगर के खिलाफ पीड़िता करेगी SC का रुख




2017 के उन्नाव बलात्कार कांड की पीड़िता ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबित करने के फैसले को अपने परिवार के लिए 'काल' बताया और कहा कि वह इस आदेश को चुनौती देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख करेंगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में सेंगर की आजीवन कारावास की सजा को निलंबित कर दिया और उन्हें जमानत दे दी, जबकि दिसंबर 2019 के फैसले के खिलाफ उनकी अपील अभी लंबित है। जमानत देते हुए न्यायालय ने कड़ी शर्तें लगाईं, जिनमें सेंगर को पीड़िता के घर के 5 किलोमीटर के दायरे में प्रवेश न करने और न ही उसे या उसकी मां को धमकाने का निर्देश दिया गया, और चेतावनी दी गई कि किसी भी उल्लंघन के परिणामस्वरूप जमानत स्वतः रद्द हो जाएगी।

# पीवीयूएनएल की बनहरदी परियोजना में सामाजिक सरोकारों की मिसाल: सीईओ अशोक कुमार सहगल ने बांटे गर्म कपड़े

### ● जन सूचना केंद्र व वॉटर टैंकर का किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंड:-** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) द्वारा संचालित बनहरदी कोयला खनन परियोजना क्षेत्र में सामुदायिक विकास और सामाजिक दायित्व की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। दिनांक 24 दिसम्बर 2025 दिन बुधवार को पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल ने बनहरदी परियोजना का दौरा कर परियोजना से प्रभावित ग्राम बारी एवं आसपास के क्षेत्रों में कई जनहितकारी कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम बारी में 100 से अधिक बुजुर्गों एवं जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच साल, टोपी, मफलर सहित अन्य गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कड़कड़ाती ठंड के मौसम में गर्म कपड़े पाकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्रामीणों ने इसे सर्दी के मौसम में राहत देने वाली एक मानवीय पहल बताया और परियोजना प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया। सीईओ अशोक कुमार सहगल ने कहा कि पीवीयूएनएल केवल विद्युत उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर कंपनी निरंतर कार्य कर रही है, ताकि स्थानीय लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। दौरे के क्रम में ग्राम रामपुर में जन सूचना केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। यह केंद्र परियोजना से जुड़ी जानकारियों, योजनाओं और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए एक सेतु का कार्य करेगा। ग्रामीणों को अब अपनी समस्याएं, सुझाव और आवश्यक सूचनाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। इसके साथ ही, ग्रामीणों की पूर्व मांग के अनुरूप पेयजल संकट को दूर करने के लिए एक वॉटर टैंकर का भी शुभारंभ किया गया। इस टैंकर के माध्यम से बनहरदी परियोजना के अंतर्गत आने वाले उन सभी गांवों में, जहां पेयजल की समस्या है, निःशुल्क स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल को ग्रामीणों ने अत्यंत उपयोगी बताते हुए गर्मी और जल संकट के समय में बड़ी राहत करार दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्री गोविंद ठाकुर, जनप्रतिनिधि श्री राजू भुईयां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पीवीयूएनएल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और



भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा जताई। इस मौके पर बनहरदी परियोजना के महाप्रबंधक एन. के. मालिक, जियाउर रहमान (प्रमुख मानव संसाधन), एम. चंद्रशेखर (अपर महाप्रबंधक), असीम मिश्रा (अपर महाप्रबंधक), आर. बी. सिंह (अपर महाप्रबंधक), सिद्धार्थ शंकर (अपर महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राहुल (उप महाप्रबंधक), जीवनेंदु मोहापात्र (उप महाप्रबंधक), बालेंदु दवे (उप महाप्रबंधक) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कुल मिलाकर, बनहरदी परियोजना क्षेत्र में पीवीयूएनएल की यह पहल न केवल सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण है, बल्कि उद्योग और समाज के बीच सकारात्मक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी मानी जा रही है।

## बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या पर किशोरी राणा का कड़ा बयान




### सरकार से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**हजारीबाग, झारखंड:-** बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपु दास की हत्या को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आक्रोश देखा जा रहा है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने इसे केवल हत्या नहीं, बल्कि मानवाधिकारों पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है और लगातार हो रही घटनाएँ न्याय व्यवस्था की विफलता को दर्शाती हैं। किशोरी राणा ने भारत सरकार और विदेश मंत्रालय से मांग की कि इस मामले को कूटनीतिक स्तर पर उठाकर बांग्लादेश सरकार से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को विदेशों में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर ठोस और सख्त रुख अपनाना चाहिए, क्योंकि वैश्विक हिंदू समाज की आशा भारत से जुड़ी है।

## सिंघरावा ओवर ब्रिज की जैसे-तैसे मरम्मत : कांग्रेस ने एनएचएआई परियोजना निदेशक पर भी लगाया लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े सिंघरावा ओवर ब्रिज की मरम्मत कार्य धीमी गति से चल रहा है। कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, स्थानीय सांसद विधायक और अब परियोजना निदेशक पर भी गंभीर उदासीनता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही से जनता लगातार परेशान हो रही है, जबकि निर्माण से फैली धूल, जाम और अनियमितताएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने अपने बयान में कहा कि ओवर ब्रिज बीमार हालत में लंबे समय से पड़ा था और अब मरम्मत के लिए ऑपरेशन की तैयारी हो रही है, लेकिन यह जैसे-तैसे चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएचएआई पूरी तरह चुप है एवं जनप्रतिनिधि मौन हैं और अब परियोजना निदेशक की भूमिका पर भी बड़ा सवाल उठता है। दीपक गुप्ता परियोजना निदेशक की जिम्मेदारी है कि वे मौके पर निरीक्षण करें, ठेकेदारों पर निगरानी रखें और गुणवत्ता सुनिश्चित करें, लेकिन यहां सब कुछ अनदेखा किया जा रहा है। प्रशासन पूर्ण तरीके से उदासीन है। लोग धूल, जाम और निर्माण में खुली लूट देखकर परेशान हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जनता की सुरक्षा और सुविधा का सवाल है - कितने दिन



और इंतजार? कब तक अनदेखी और लापरवाही जारी रहेगी? कांग्रेस मंडल अध्यक्ष नरेश कुमार के अनुसार, ओवर ब्रिज की जर्जर स्थिति से रोजाना हजारों वाहन चालक प्रभावित हो रहे हैं। निर्माण कार्य शुरू होने के बावजूद, धूल और मलबे से आसपास के इलाकों में स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। एक स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ब्रिज की मरम्मत के नाम पर ठेकेदारों की मनमानी चल रही है। एनएचएआई के अधिकारी और परियोजना निदेशक मौके पर आते तक नहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मरम्मत में और देरी या लापरवाही हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है। गुप्ता ने मांग की है कि एनएचएआई परियोजना निदेशक सहित पूरी टीम तुरंत जवाबदेह बने और कार्रवाई करे। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कांग्रेस नेता ने चेतावनी दी कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो स्थानीय लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

## सड़क दुर्घटना युवक की मौत




**नारायणपुर, झारखंड:-** नारायणपुर थाना क्षेत्र के दुलाडीह गांव के समीप बुधवार शाम करीब 4 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के यदुडीह गांव निवासी धुरती यादव के 28 वर्षीय पुत्र मुन्ना यादव बाइक से नारायणपुर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने दुलाडीह गांव के समीप उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारायणपुर लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना से परिजनों में शोक की लहर है।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मालवीय जी व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं प्रेरणादायक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य संजीव जी ने रखी। अपने उद्बोधन में उन्होंने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जीवन एवं योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने कठिन संघर्षों के बीच काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया। इसके पश्चात विद्यालय के आचार्य अनमोल शिवम ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा रचित प्रसिद्ध कविता यह चंदन की भूमि है का भावपूर्ण पाठ किया। वहीं विद्यालय की आचार्य विनीता जी ने अटल जी के राजनीतिक जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर सारगर्भित चर्चा की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आचार्य जूली जी ने अटल जी की प्रेरणादायक कविता आओ मिलकर दीप जलाएं का पाठ कर विद्यार्थियों को उनके जीवन




से जुड़ी प्रेरक सीख दी। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा षष्ठ की बहन आराध्य, भैया गौरव कुमार, सत्यम कुमार, दिव्यांश कुमार, कक्षा सप्तम की बहन पलक केशरी तथा कक्षा अष्टम की बहन आदया प्रियदर्शी, अर्पिता सिंह एवं भैया सत्यम कुमार ने महामना मालवीय जी और अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन चरित्र से जुड़ी विभिन्न प्रेरक घटनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पाण्डेय ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल के दौरान घटित प्रमुख राजनीतिक घटनाओं, जैसे कारगिल युद्ध और पोखरण परमाणु परीक्षण, पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि अटल जी संसद में पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच समान रूप से लोकप्रिय नेता थे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्यगण, भैया-बहन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, प्रेरणा और आदर्श मूल्यों के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# भीषण ठंड से ठहरा आम जनजीवन, रात भर छाया रहा घना कोहरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:-** झारखण्ड राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है, जिसका व्यापक असर पाकुड़िया प्रखण्ड में भी देखने को मिल रहा है। इन दिनों घने कोहरे का प्रभाव बना हुआ है। 23 दिसंबर की पूरी रात घना कोहरा छाया रहा, जो सुबह तक कायम रहा। हालांकि बाद में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिलती दिखाई दी। मौसम विभाग लगातार नागरिकों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह देता रहा है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी ठंड से बचने की अपील करते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। कड़ाके की ठंड का सबसे अधिक असर वृद्धों, रोगियों, श्रमिकों एवं कमजोर वर्गों पर पड़ रहा है, जिससे उन्हें विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इन दिनों केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं–जैसे अनाज वितरण, रसोई गैस, पेंशन, मइया सम्मान योजना, दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल एवं पेंशन, विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र, आंगनवाड़ी केंद्रों पर सुविधाएं तथा मध्याह्न भोजन योजना–का लाभ मिलने से आम जनजीवन के स्तर में कुछ सुधार अवश्य देखा जा रहा है। इसके बावजूद बदलते मौसम में प्रत्येक नागरिक को स्वयं भी सतर्क और चौकस रहना आवश्यक है। सभी समस्याओं के लिए केवल सरकारों को दोषी ठहराना उचित नहीं है। यह हम भारतीयों का सौभाग्य है कि हमारे देश में छह ऋतुएं पाई जाती हैं और मां गंगा जैसी पवित्र नदियां हैं, जबकि विश्व के कई देशों में न तो सभी ऋतुएं उपलब्ध हैं और न ही गंगा का अमृत तुल्य जल। खाड़ी देशों में पेट्रोलियम की प्रचुरता है, लेकिन वहां जल का अभाव है। भारत में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति भी अपेक्षाकृत कम रही है। फिर भी हम भारतीयों और अन्य देशों के बीच सबसे बड़ा अंतर यह है कि हम अक्सर प्रकृति और



मातृभूमि के प्रति कृतज्ञ नहीं रहते। यही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है। इस विषय पर गहराई से चिंतन और मनन आवश्यक है, क्योंकि भारत की सामूहिक प्रगति से ही एक विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है। मातृभूमि के प्रति प्रेम और प्रकृति का संरक्षण राष्ट्रीय विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है। उल्लेखनीय है कि ठंड एवं घने कोहरे से भरी रातों के बावजूद पाकुड़िया में विद्युत आपूर्ति लगातार जारी रही, जिससे उपभोक्ताओं में काफी प्रसन्नता देखी गई। लोगों को विश्वास है कि यदि इसी प्रकार नियमित रूप से बिजली आपूर्ति होती रही, तो सभी उपभोक्ताओं को बड़ी सुविधा मिलेगी।

# चंदवा के ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का भव्य समापन, बच्चों की प्रतिभा और खेल भावना ने जीता सभी का दिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंड:-** चंदवा स्थित ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में बीते बुधवार को आयोजित वार्षिक खेलकूद महोत्सव का समापन अत्यंत भव्य, उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की ऊर्जा, खेल भावना और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आया। खेलकूद महोत्सव के अंतिम दिन विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह में बच्चों द्वारा दौड़ प्रतियोगिता, नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, जुम्बा नृत्य एवं बूसु डेमोंस्ट्रेशन जैसे आकर्षक प्रस्तुतियों ने विशेष ध्यान खींचा। खासकर छोटे बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों और अनुशासित प्रदर्शन को देखकर अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। पूरे कार्यक्रम में खेल के साथ-साथ सांस्कृतिक और शारीरिक विकास का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपसमाहर्ता प्रवीन कुमार सिंह की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल शारीरिक मजबूती प्रदान करता है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा इतने बड़े स्तर पर खेलकूद महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समारोह में अन्य विशिष्ट अतिथियों में कर्नल राजीव कुमार, विद्यालय की निदेशिका कादंबरी सिंह, विद्यालय के प्राचार्य हिमांशु सिंह, दीपु सिन्हा, सौरभ श्रीवास्तव, अधिवक्ता अब्दुल सलाम, निखिल अग्रवाल सहित प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में मौजूद अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य हिमांशु सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 20 दिनों से विद्यालय के विभिन्न विभागों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा था, जिनका आज विधिवत समापन हुआ। इस वर्ष विद्यालय परिसर में कुल 65 से अधिक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बालक सीनियर वर्ग में राहुल कुमार एवं बालिका सीनियर वर्ग में सोनम प्रिया को बेस्ट एथलीट का खिताब प्रदान किया गया। वहीं जूनियर वर्ग में बालक वर्ग से राज मुंडा और बालिका वर्ग से आंचल कुमारी को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। विद्यालय के उभरते हुए खिलाड़ी के रूप में कक्षा छठी के



छात्र राज मुंडा को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। खेल समापन समारोह में वीर कुंवर सिंह सदन को रनर-अप का खिताब प्रदान किया गया, जबकि वार्षिक खेलकूद महोत्सव का चैंपियन एवं विजेता का खिताब भगत सिंह सदन ने अपने नाम किया। वहीं पूरे आयोजन में उत्कृष्ट खेल भावना एवं फेयर प्ले का प्रदर्शन करने पर महाराणा प्रताप सदन को बेस्ट फेयर प्ले अवार्ड से नवाजा गया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। विद्यालय के प्रशासक सुमंत कुमार सिंह, त्रिवेणी कर्नल्स एकेडमी के प्राचार्य दीपक गुप्ता सहित रोशन पाठक, शशिकांत मिश्रा, कृष्णा कुमार, जगदीश कुमार, कृति गुप्ता, हिना फरहीन, साहिना खान, खुशबू कुमारी एवं अन्य सभी शिक्षकों के समर्पित प्रयासों से यह महोत्सव पूरी तरह सफल रहा। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों के संकल्प को दोहराया।

# चिल्ड्रन पैराडाइस स्कूल, चंदवा में एनुअल स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंड:-** चिल्ड्रन पैराडाइस स्कूल, शुक्र बाजार चंदवा परिसर में बुधवार को वार्षिक खेल दिवस (एनुअल स्पोर्ट्स डे) का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण खेल गतिविधियों, तालियों की गूंज और बच्चों के जोश से गुलजार रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने फीता काटकर किया। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आदर्श रवि राज ने खेल मैदान में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह बच्चों के मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं। खेल से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है। ऐसे आयोजन बच्चों को जीवन की चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को समान महत्व देना सराहनीय पहल है। विद्यालय के प्रिंसिपल प्रदीप ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि चिल्ड्रन पैराडाइस स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा के साथ खेलकूद बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करता रहेगा। खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। खो-खो (जूनियर) प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं खो-खो (सीनियर) में भी ग्रीन हाउस ने बाजी मारी। कबड्डी (सीनियर) में ब्लू हाउस विजेता रहा, जबकि कबड्डी (जूनियर) में ग्रीन हाउस ने जीत दर्ज की। व्यक्तिगत खेल स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लॉन्ग जंप (सीनियर गर्ल्स) में आफिया प्रवीण ने प्रथम, सुरभी कुमारी ने द्वितीय और प्रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप (सीनियर बॉयज) में



अभिषेक उरांव प्रथम, संदीप उरांव द्वितीय तथा आशीष लिंडा तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में अभिषेक उरांव एवं सूरज टाना भगत ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकगण सुभाष कुमार डे, संजीत कुमार सिंह, सत्येंद्र प्रवीण सिंह, मुनेश्वर भोगता, अंजली देवी, गुलिस्ता प्रवीण, अनुराधा कुमारी, राधा कुमारी, श्वेता कुमारी, जुली देवी सहित विद्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने बलिया में मिलेट्स मेले का किया उद्घाटन, रूबी वर्मा ने ज्ञान प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत बुधवार को बलिया के ऑफिसर्स क्लब में जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला, रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद नीरज शेखर को मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मिलेट्स मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए कुल 12 प्रदर्शनी स्टालों का सांसद ने अवलोकन किया। इन स्टालों पर उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, गन्ना सहित अन्य विभागों द्वारा मिलेट्स से जुड़े उत्पादों और योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्वागत संगीत की प्रस्तुति भी की गई। रेसीपी प्रतियोगिता में जनपद की 13 महिला प्रतिभागियों ने श्रीअन्न (मिलेट्स) से बने विभिन्न व्यंजन प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल के मूल्यांकन के बाद सांवा की खीर के लिए शारदा देवी (मां गायत्री स्वयं सहायता समूह, बहादुरपुर) को प्रथम पुरस्कार, सांवा का पोहा के लिए कृष्णा चौधरी (वैभव स्वयं सहायता समूह, अखार) को द्वितीय पुरस्कार,बाजरे की बर्फी के लिए रिंकी ठाकुर (अनुराधा स्वयं सहायता समूह, दुबहड़) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मिलेट्स के गुणों पर आधारित ज्ञान प्रतियोगिता में कु. रूबी वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का तिवारी को द्वितीय, जबकि कृष कुमार गुप्ता और आर्यन कुमार पाण्डेय को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार मिला। अपने संबोधन में सांसद नीरज शेखर ने किसानों से मिलेट्स के उत्पादन एवं उपभोग को बढ़ाने की अपील की। उन्होंने बलिया की पारंपरिक पहचान चना के



सत्तू को 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत अधिक प्रोत्साहन देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय, किसान संघ बलिया के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, अग्रणी कृषक संतोष कुमार सिंह, सुरेश सिंह, धीरेन्द्र शर्मा, भुवन मोहन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन उप कृषि निदेशक मनीष कुमार सिंह द्वारा किया गया। जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी एवं उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी भी मौजूद रहे।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक खेल महोत्सव संपन्न, रेड फ्लैशेस बना ओवरऑल चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को एक सप्ताह तक चले वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य समापन हुआ। कड़ाके की ठंड के बावजूद विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समापन के साथ ही रेड फ्लैशेस हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मेडल तालिका के अनुसार रेड फ्लैशेस हाउस ने 18 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ब्लू जेट्स हाउस ने 17 स्वर्ण, 11 रजत और 6 कांस्य पदक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। ग्रीन एरो हाउस ने 14 स्वर्ण, 10 रजत और 10 कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि गोल्डन बुलेट्स हाउस ने 8 स्वर्ण, 27 रजत और 7 कांस्य पदक के साथ चौथा स्थान पाया। एथलीट ऑफ द ईयर के लिए बॉयज कैटेगरी में कक्षा सात के आनंद कुमार तथा गर्ल्स कैटेगरी में सिमरन कुमारी को चुना गया। दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन को अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज कुमार राय नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट एवं ऋतिक आनन्द अदाणी फाउंडेशन अकादमी के हेड कोच उपस्थित रहे। अतिथियों ने अंतिम दिन के मुकाबले देखकर विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करते हैं। उन्होंने विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को पदक और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में पढ़ाई के




साथ-साथ खेलों का महत्व और भी बढ़ गया है। खेल बच्चों को स्वस्थ, आत्मनिर्भर और लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाते हैं। उन्होंने श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने की सराहना की और ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता बताई। इस दौरान विद्यालय के पीटीआई सतीश एवं हर्ष को खेल गतिविधियों में विशेष योगदान के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### राकेश नामदेव बने शिवसेना के ललितपुर अध्यक्ष




**प्रदेशाध्यक्ष ने लखनऊ में सौंपा नियुक्ति पत्र**

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला आजादपुरा स्टेट बैंक के पीछे रहने वाले राकेश कुमार नामदेव को शिवसेना ने ललितपुर जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण पद के मिलने से राकेश नामदेव के समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शुभचिन्तकों ने मिष्ठान वितरण कर इस उपलब्धि पर हर्ष जाहिर किया है। फोन पर हुयी वार्ता में शिव सेना के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने बताया कि हिन्दू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनन्द दीघे साहब के आशीर्वाद और महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अड़सूळ के आदेश पर प्रदेश उपाध्यक्ष/बुन्देलखण्ड प्रभारी स्नेहल करमरकर के नेतृत्व में उन्हें यह जिम्मेवारी नियुक्ति पत्र के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अभय द्विवेदी ने लखनऊ में सौंपी है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद और भरोसे के चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, वह उस पर कर्तव्य निष्ठा के साथ खरे उतरने का भरशक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जायेगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में शिव सेना को और अधिक मजबूती प्रदान की जायेगी। उन्होंने संगठन के विस्तार पर भी गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया।

### विशाल ऑस्टियोपोरोसिस जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न



**ललितपुर।** दि.जैन पंचायत समिति के तत्वधान में स्थानीय क्षेत्र में आधुनिक मशीनों द्वारा विशाल बीएमडी जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता जैन पंचायत से डा.अक्षय जैन ने, संचालन फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सनत जैन ने किया। शिविर में ऑस्टियोपोरोसिस विशेषज्ञ पुष्कर तिवारी द्वारा मरीजों की जांच कर बताया कि 30 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की हड्डियों में कमजोरी एवं घिसाव प्रारम्भ हो जाता है एवं टूटने के जोखिम के साथ साथ जोड़ों में दर्द प्रारंभ हो जाता है। इसके बचाव के लिए संतुलित जीवन शैली के साथ तनाव रहित जीवन, धूम्रपान एवं नशा की आदतों से बचाव एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्त समुचित भोजन करने से हड्डियों की कमजोरी व घिसाव से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एवं उपचार आवश्यक है। चिकित्सा जांच टीम में जितेंद्र पंथ सहयोगी रहे। इस दौरान विजय जैन, राजकुमार जैन, सनत जैन, महिपाल जैन, सुरेन्द्र सिंघई, सर्वज्ञ सतभैया, केवलचंद जैन, रमेश जैन, गौरव जैन, अशोक जैन, सौरभ जैन, अंकित जैन, निखलेश, प्रकाशचंद जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

### डम्फर की टक्कर से हुयी थी किसान की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम सैदपुर निवासी राजकुमार पुत्र कोमल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 दिसम्बर को उसके पिता कोमल कृषि कार्य को दवा खरीदने ललितपुर आये थे और दवा लेकर लौट रहे थे। मन्नू पेट्रोल पम्प के आगे चन्देरा स्थित शोरूम तक पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से आ रहे डम्फर यू.पी.94 टी 5271 के चालक ने उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता मरणासन्न हो गये। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। इधर डम्फर चालक घटना को अंजाम देकर मौके से भाग गया। घटना को जखौरा निवासी अंकेश पुत्र शिशपाल व ननौरा निवासी राकेश पुत्र बृषभान ने देखा ओर जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि उक्त डम्फर ग्राम लखनपुरा निवासी स्वामी प्रसाद यादव का है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर डम्फर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# खुलेआम बिक रहा ज़हर, आबकारी विभाग मौन

**●कच्ची शराब का साम्राज्य बेखौफ, कानून हुआ बेबस**

**जहरीली शराब से बर्बाद हो रहे परिवार, प्रशासन बेखबर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** शहर से गाँव तक कच्ची शराब का अवैध कारोबार अब छिपा नहीं, बल्कि खुलेआम चल रहा है। हालात यह है कि न पुलिस का डर है, न आबकारी विभाग की कार्रवाई का भय। हर गली, हर मोहल्ले और ग्रामीण अंचलों में कच्ची शराब आसानी से उपलब्ध है। यह कोई चोरी-छिपे चलने वाला धंधा नहीं रहा, बल्कि दिनदहाड़े, खुलेआम बिकने वाला जहर बन चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब आम आदमी यह सब देख रहा है, तो आबकारी विभाग को आखिर क्या नहीं दिख रहा? कच्ची शराब की भट्टियाँ धधक रही हैं, प्लास्टिक के ड्रमों में जहरीली शराब तैयार हो रही है और इसे खुलेआम बेचा जा रहा है। इसके बावजूद आबकारी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। विभाग की यह चुप्पी अब संदेह के घेरे में है। लोग पूछ रहे हैं—क्या यह लापरवाही है या फिर अवैध कारोबारियों को दिया जा रहा खुला संरक्षण?

कच्ची शराब केवल अवैध कारोबार नहीं, बल्कि गरीबों के लिए मौत का दूसरा नाम है। सस्ती शराब के लालच में मजदूर, वाहन चालक और ग्रामीण वर्ग इसका शिकार बन रहा है। कई परिवार रोज़ इस नशे की आग में झुलस रहे हैं। घरेलू हिंसा, झगड़े, मारपीट और अपराध की जड़ में यही कच्ची शराब है। बावजूद इसके, प्रशासनिक तंत्र गहरी नींद में सोया हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई इलाकों में सालों से भट्टियाँ चल रही हैं। नाले के किनारे, खेतों में, जंगलों के बीच और यहां तक कि आबादी वाले क्षेत्रों में शराब बनाई जा रही है। इसकी दुर्गंध तक दूर से महसूस की जा सकती है, फिर भी आबकारी विभाग को कुछ नजर नहीं आता। सवाल उठता है कि क्या विभाग जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है? जब कभी शिकायत होती है, तो या तो कार्रवाई नहीं होती या फिर खानापूर्ति कर दी जाती है। दो-चार लीटर शराब जब्त कर ली जाती है और मामला रफा-दफा। बड़े शराब माफिया जस के तस बने रहते हैं। इससे साफ है कि कार्रवाई केवल दिखावे की है, जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

**मिलीभगत या मजबूरी?**

कच्ची शराब माफिया बेखौफ, विभागीय संरक्षण के आरोप सबसे गंभीर आरोप आबकारी विभाग पर लग रहे हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि कच्ची शराब का यह कारोबार विभागीय 'आशीर्वाद' के बिना संभव नहीं है। चर्चा है कि हर महीने तय रकम पहुंचाई जाती है, जिसके बदले कार्रवाई से छूट मिलती है। यही वजह है कि शराब माफिया खुलेआम चुनौती देते नजर आते हैं। सूत्र बताते हैं कि जिन इलाकों में कच्ची शराब बिक रही है, वहां विभाग के कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद न तो भट्टियां तोड़ी जाती हैं, न ही कारोबारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते हैं। यह स्थिति सीधे तौर पर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। अगर आबकारी विभाग अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाता, तो क्या यह अवैध कारोबार इस हद तक फैल पाता? क्या बिना संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर शराब की बिक्री संभव है? ये सवाल अब आम जनता की जुबान पर हैं।

**अब भी नहीं जागा सिस्टम तो होंगे भयावह नतीजे**

जनता पूछ रही—कब होगी जवाबदेही? कच्ची शराब का यह अवैध कारोबार समाज के लिए एक टाइम बम बन चुका है। अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो इसके परिणाम बेहद भयावह होंगे। जहरीली शराब से मौतें, बढ़ता अपराध और बर्बाद होता सामाजिक ताना-बाना—यह सब प्रशासन की नाकामी की गवाही देगा। अब जरूरत है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। केवल छोटे लोगों को पकड़कर दिखावटी कार्रवाई करने से काम नहीं चलेगा। जब तक बड़े शराब माफियाओं पर हाथ नहीं डाला जाएगा, तब तक यह कारोबार यूं ही फलता-फूलता रहेगा। जनता अब सिर्फ खबर नहीं, कार्रवाई चाहती है। सवाल साफ है—क्या प्रशासन इस ज़हर के कारोबार पर रोक लगाएगा या फिर आबकारी विभाग की चुप्पी इसी तरह लोगों की जान से खिलवाड़ करती रहेगी? अब गेंद प्रशासन के पाले में है, लेकिन जनता जवाब मांग रही है—और इस बार सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई।

**भट्टियाँ धधक रहीं, प्रशासन गहरी नींद में**

सस्ती शराब, महंगी जान – गरीब तबका बन रहा शिकार कच्ची शराब के ठिकाने अब छिपे नहीं रह गए हैं। सुबह से रात तक खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है। कई इलाकों में यह धंधा वर्षों से चल रहा है, लेकिन आबकारी विभाग की ओर से न नियमित जांच होती है, न स्थायी कार्रवाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब बनाने और बेचने वालों को किसी का डर नहीं है, क्योंकि उन्हें विभागीय संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि भट्टियां तोड़ी नहीं जाती और कारोबार लगातार फैलता जा रहा है। कच्ची शराब का सबसे ज्यादा असर गरीब और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। सस्ती शराब के लालच में लोग अपनी सेहत और जिंदगी दोनों दांव पर लगा रहे हैं। कई बार जहरीली शराब से मौतें तक हो चुकी हैं, इसके बावजूद प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। नशे के कारण घरेलू हिंसा, सड़क पर झगड़े और अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

**मिलीभगत के आरोप, हर महीने 'मैनेजमेंट' की चर्चा**

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि कच्ची शराब का यह अवैध कारोबार बिना विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं है। चर्चा है कि हर महीने तय रकम पहुंचाई जाती है, जिसके बदले कार्रवाई से छूट मिलती है। यही कारण है कि कभी-कभार दिखावटी छापेमारी कर ली जाती है, लेकिन बड़े शराब माफिया हमेशा सुरक्षित रहते हैं। इससे आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### गौ लोकवासी महंत भगवानदास महाराज की पुण्यस्मृति पर हुए धार्मिक अनुष्ठान



**सिद्धपीठ श्रीतुवन मंदिर पर संतों की मौजूदगी में हुआ मूर्ति पूजन का कार्यक्रम**

**ललितपुर।** सिद्धपीठ श्रीतुवन हनुमानजी मंदिर के पूर्व आचार्य गौलोकवासी महंत श्रीभगवानदासजी महाराज की पुण्यस्मृति में उनकी मूर्ति का अभिषेक पूजन चण्डी पीठाधीश्वर स्वामी चंद्रेश्वर गिरि महाराज, स्वामी कृष्ण गिरि महाराज, महामंडलेश्वर राधामोहन दास महाराज, महंत गंगादास महाराज एवं महंत रामलखन दास महराज द्वारा संयुक्त रूप से वैदिक विधि विधान से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर संस्कृत विद्यालय के बालकों द्वारा वैध पाठ किया गया। इस मौके पर पूर्व संतों ने भगवानदासजी महाराज के जीवन से जुड़े संस्मरणों का वृतांत सुनाया। इस अवसर पर सरदार बीके सिंह, धर्मेन्द्र रावत, मनीष सड़ैया, अनुजकांत, आशीष लिटौरिया, अभिषेक पाण्डेय, सोनू चौबे, प्रेमनारायण रिछारिया, अनुरूद्ध रिछारिया, निखिल तिवारी, अजय नायक आदि मौजूद रहे।

## फांसी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** मंगलवार देर रात एक महिला का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। महिला को उसके पुत्र ने देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। यह घटना कोतवाली सदर अंतर्गत मोहल्ला गोविंद नगर स्थित काशीराम कॉलोनी की है। मृतक महिला की पहचान 46 वर्षीय रईसा पत्नी स्वर्गीय शौकत खान के रूप में हुई है। पुत्र सादिक जब काम से घर लौटा तो उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। पड़ोसियों की मदद से कमरे में प्रवेश करने पर उसने अपनी मां को फांसी पर लटका देखा। सादिक रात करीब 11:45 बजे अपनी मां को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रईसा के गले में रस्सी का फंदा बंधा हुआ था। चिकित्सकों ने शव को मॉर्च्यूरी में रखवा दिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुत्र सादिक ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की मृत्यु चार साल पहले हो गई थी, जिसके बाद से उसकी मां गुमसुम रहती थी। सादिक के अनुसार, मंगलवार को जब वह काम पर गया था, तब उसकी मां का कॉलोनी की एक महिला से विवाद हुआ था। इस घटना के बाद मां सदमे में आ गई और उसने आत्महत्या कर ली। वहीं, पड़ोसियों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। चौकी इंचार्ज सदर ने जानकारी दी कि महिला के शव को फांसी के फंदे से उतारकर मेडिकल कॉलेज लाया गया था। उन्होंने बताया कि महिला ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जांच की जा रही है।

## जमीन पर टपरा डालने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के चढरऊ गांव में रहने वाले प्रियंका कुशवाहा पत्नी रामू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया किबीती 23 दिसम्बर को सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के पास थी। तभी परिवार के ही शिवलाल पुत्र अजुद्दी, रमेश व सोनू पुत्रगण शिवलाल कुशवाहा एकराय होकर आये और उसकी जमीन पर टपरा डालने लगे। जमीन पर टपरा डालने को मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आयी उसकी सास रामप्यारी पत्नी जानकी के साथ भी गालियां दी और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अनियंत्रित ट्रेलर 11000 वोल्ट के विद्युत पोल से टकराया, 20 घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**अनपरा, सोनभद्र।** अनपरा थाना क्षेत्र के काशीमोड़ स्थित मीडिया कार्यालय के पास रविवार देर रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया। कोयले से लदा एक अनियंत्रित ट्रेलर सड़क किनारे लगे 11,000 वोल्ट (HT) के विद्युत पोल से जा टकराया। इस दुर्घटना के कारण क्षेत्र की बिजली और पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। घटनास्थल पर मौजूद ट्रेलर चालक हरिलाल ने बताया कि वह दुद्धिचुआ खदान से कोयला लोड कर वाराणसी के चंदासी मंडी जा रहा था। रात लगभग 11 बजे जैसे ही वह काशीमोड़ से आगे बढ़ा, सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के चक्कर में उसने ट्रेलर को सड़क किनारे करने की कोशिश की। सड़क किनारे जलजमाव होने के कारण पटरी का अंदाजा नहीं मिल सका और ट्रेलर नाली में उतर गया। अनियंत्रित होकर ट्रेलर सीधे हाईटेंशन (॥ञ्ज) विद्युत पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया और हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गई। इसके साथ ही पास से गुजर रही पानी की पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद से ही क्षेत्र में लगभग 20 घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी किल्लत का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और विद्युत विभाग को दी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही मरम्मत टीम को मौके पर भेज दिया गया था। काफी मशक्कत के बाद टूटे हुए पोल और तारों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया गया। विभाग ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजली बहाल कर दी जाएगी। आमतौर पर ऐसी घटनाओं में कानूनी कार्रवाई होती है, लेकिन इस मामले में वाहन स्वामी ने सकारात्मक रुख अपनाया। विद्युत बहाली के कार्य में वाहन स्वामी द्वारा पूर्ण सहयोग और क्षतिपूर्ति के आश्वासन के चलते पुलिस या विभाग द्वारा वाहन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। देर शाम तक मरम्मत कार्य जारी रहा और बिजली व पानी की सप्लाई सुचारू करने के प्रयास किए जाते रहे।

## चकबंदी प्रक्रिया में किसी भी आसामी पट्टेदार के साथ नहीं होगी नाइंसाफी : डीएम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के अपने नियमित जनसुनवाई कार्यक्रम में विकास खण्ड बिरधा के ग्राम जीरोन के किसानों द्वारा अपनी समस्या बताते हुए इस बात की आशंका व्यक्त की गई कि उनके गांव में चकबंदी के दौरान ग्राम में आसामी पट्टेदारों के नाम खारिज करके भूमि ग्राम सभा में दर्ज कर दी जायेगी, जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए जिला बंदोबस्त अधिकारी को निर्देश दिये कि किसी भी आसामी पट्टेदार को उसकी भूमि से नाम खारिज नहीं किया जाए। उन्होंने किसानों को भी आश्वस्त किया कि आसामी पट्टेदारों उनकी भूमि से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में किसी भी प्रकार की भ्रम से ग्रसित होकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद के चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों में चकबंदी के दौरान किसी भी आसामी पट्टेदार के साथ नाइंसाफी नहीं की जायेगी, जिससे किसानों के चेहरों पर संतोष का भाव आया। जिलाधिकारी ने किसानों को जिला बन्दोस्त अधिकारी के साथ उनके कार्यालय भेजकर चकबंदी प्रकिया से अवगत कराने के निर्देश दिये। इसके सम्बंध में जिला बन्दोबस्त अधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि राजस्व संहिता 2006 की धारा-76 के अन्तर्गत आसामी श्रेणी-3 के पट्टेदारों को (धारा-77 की भूमि को छोडकर) भूमिधरी के अधिकार प्रदत्त किये जाने का प्रावधान है। चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान किसी भी आसामी पट्टेदार (सार्वजनिक हित धारा-77 चारागाह, खलिहान, तालाब आदि की भूमि को छोडकर) का नाम उसकी आसामी पट्टे की भूमि से खारिज नहीं किया जायेगा।

## आरएसएस का सौ वर्ष हम हिन्दुओं के गौरव का उत्सव- दिनेश सिंह

**●नगवां ब्लॉक के खलियारी में आयोजित हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, सनातन संस्कृति के वैभव पर हुई चर्चा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सोनभद्र।** विकासखंड नगवां के खलियारी मंडल स्थित किसान निर्मल इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर बल दिया। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होना हम सभी हिन्दुओं के लिए किसी महापर्व से कम नहीं है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, आज हम अपने गौरवशाली इतिहास को पुन स्थापित करने में सफल हो रहे हैं। चारों ओर सनातन की जय-जयकार हो रही है और माँ भारती अपनी हिंदू संस्कृति के साथ विश्व मानस पटल पर पुन अलौकिक आभा बिखेर रही हैं। उन्होंने कड़ा संदेश देते हुए यह भी जोड़ा कि भारत कभी विस्तारवादी नहीं रहा, लेकिन अब समय आ गया है कि हमें अपनी संस्कृति पर बुरी नजर डालने वालों को ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा और अपनी रक्षा के लिए विस्तारवादी सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. पी.एन. पाण्डेय ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा कि आज दुनिया भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की बात कर रही हो, लेकिन हमारी संस्कृति और संस्कार उससे कहीं आगे हैं।

उन्होंने कहा, मस्तक पर तिलक, चोटी, हाथ में कलावा और प्रात काल बड़ों के चरण वंदन करने के पीछे बहुत गहरे वैज्ञानिक कारण छिपे हैं। पूरा विश्व आज न्याय के लिए भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन अरुण यादव ने किया। इस भव्य आयोजन में हिंदू समाज के विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से विभाग संयोजक धनंजय पाठक, जिला संयोजक/अध्यक्ष आलोक कुमार चतुर्वेदी। राहुल, रामकीर्ति, विजय, हिरेश, रमाकांत, श्यामसुन्दर पाण्डेय, श्रीकांत, महेंद्र, रवि कुमार, सिम्पू पाण्डेय। कलावती जायसवाल, संत बलिराम दास जी महाराज, संदीप, पन्ना लाल, राकेश, रामसेवक खरवार, श्याम बिहारी, अभय जी, राकेश जी, श्याम मोहन पाण्डेय जी, राजेश चौरसिया, विजय यादव, आशुतोष और महेंद्र जायसवाल आदि। सम्मेलन के अंत में उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से हिंदू समाज की रक्षा और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। खलियारी मंडल का यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, जहाँ भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# ललितपुर की बेटी रिया ने रचा इतिहास

**●मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने गोल्ड मेडल से सम्मानित किया**

**एलएलएम में हासिल किए सर्वोच्च अंक**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** जिले की बेटी रिया जैन बड़कुल ने जिले का रौशन किया है। उसने पटियाला स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) में एलएलएम (कानून में स्नातकोत्तर) में सर्वोच्च अंक हासिल करके विश्वविद्यालय में टॉप किया है। बीते रोज उसे दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इतिहास में यह पहली उपलब्धि है कि जब किसी छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एलएलएम जैसी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया हो। रिया जैन बड़कुल शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी निशांत व स्वाति बड़कुल की पुत्री हैं। शुरुआत में रिया का मन नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डाक्टर बनने का था। इसी बीच अचानक उसे वकालत के क्षेत्र में रूचि होने लगी और उसने मात्र तीन महीने की तैयारी में ही क्लेट में क्वालीफाई कर लिया। नागपुर एनएलयू से एलएलबी पास करने के बाद उसने पटियाला स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) में एलएलएम (कानून में स्नातकोत्तर) में प्रवेश किया और यहां अथक परिश्रम की दम पर सर्वोच्च अंक हांसिल किए। बीते विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में उसे भारत की सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। उसकी इस सफलता की सूचना मिलते मित्रों, परिजनों व विभिन्न संस्थाओं ने शुभकामना दीं हैं।

## बढ़ती ठंड के बीच एसडीएम ने किया रैन बसेरा व अलाव व्यवस्था का निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महरौनी।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए महरौनी उपजिलाधिकारी रजनीश बाजपेई ने नगर क्षेत्र में संचालित रैन बसेरों एवं अलाव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठंड से प्रभावित आमजन को राहत पहुंचाने के लिए की गई व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। एसडीएम ने सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्मित रैन बसेरा का निरीक्षण किया, जहां अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों के तीमारदारों के ठहरने तथा अलाव की व्यवस्था को परखा गया। मौके पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

इसके पश्चात ललितपुर रोड स्थित बस स्टैंड पर नगर पंचायत द्वारा संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। यहां आमजन के रुकने की समुचित व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। साथ ही नगर पंचायत द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जलवाए जा रहे अलावों का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर्याप्त मात्रा में लकड़ी उपलब्ध पाई गईह्य। निरीक्षण के दौरान नगरवासी अलाव का लाभ लेते हुए नजर आए। इस अवसर पर सदर लेखपाल धर्मेंद्र कुमार, बृजेंद्र सिंह, शंकर सिंह सहित अन्य राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठंड के मौसम में रैन बसेरा एवं अलाव की व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुचारु रखी जाएं, जिससे जरूरतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## जिलाधिकारी की कुशल कार्यशैली से जनपद के ग्रामीण अंचलों व दूरदराज से आये फरियादियों को मौके पर ही मिल रहा उनकी समस्या का समाधान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृतव व त्वरित निर्देशन से ललितपुर वासियों को उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान मिल रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी प्रतिदिन नियमित जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उनका सम्बंधित अधिकारियों से प्रभावी निस्तारण करा रहे हैं। अधिकतर शिकायतों का निस्तारण वे अपने चैंबर से ही करा देते हैं। वे फरियादियों की समस्या को सुनकर मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तत्काल निस्तारण कराकर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हैं और कुछ मामलों में अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर समस्या का समाधान कराते है। इसी श्रंखला में बुधवार को कुछ फरियादी जिलाधिकारी के समक्ष आये और अपनी समस्या उनके सामने रखी, जिसमें ग्राम भारौन में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री माधुरी शर्मा ने उ0प्र0 ग्रामीण बैंक धौर्रा द्वारा अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवगत कराने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार ग्राम सूरीकलां निवासी ममता ने लेखपाल व कानूनगो द्वारा बिना सूचना के उनकी भूमि का चक परिवर्तन करने की शिकायत की, जिस पर जिला बन्दोबस्त अधिकारी को प्रकरण को स्वयं देखकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नगर के सरदारपुरा निवासी शीलेन्द्र पटैरिया ने उनके मकान को नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नियमानुसार कार्यवाही कर शिकायकर्ता को भी अवगत कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी घनश्याम भारती, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने जाजमऊ और छावनी थानों का किया अरदली रुम



**कानपुर।** आज दिनांक-24.12.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यालय पर थाना जाजमऊ व थाना छावनी के विवेचकों का अर्दली रूम किया गया जिसमें मामलों की प्रगति की समीक्षा की व निर्देश दिए और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए। पुलिस उपायुक्त पूर्वी द्वारा अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए निष्पक्ष ढंग से विवेचना करने व निर्धारित समय सीमा के भीतर विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अर्दली रूम के दौरान भौतिक/इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को विवेचना में समाहित करते हुए विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया । अपराधी किस्म/सांप्रदायिक तत्वों/माफिया लोगों के घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करेगे । ?आपराधिक प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश दिये ।

### हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का नियमित सत्यापन जरूरी - पुलिस उपायुक्त सेंट्रल

**कानपुर।** दिनांक 24 दिसंबर 2025 को पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, श्रवण कुमार सिंह द्वारा सेंट्रल जोन कार्यालय में अपराध नियंत्रण एवं विवेचना की समीक्षा के उद्देश्य से अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा निम्नलिखित प्रमुख निर्देश प्रदान किए गए, क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु प्रभावी एवं ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके अंतर्गत नियमित गश्त, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता तथा पुलिस-जन समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाए। सक्रिय, आदतन, असामाजिक एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का नियमित सत्यापन, निरंतर निगरानी एवं आवश्यकता अनुसार निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही जमानत पर रिहा अपराधियों का अनिवार्य सत्यापन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर नए हिस्ट्रीशीटर खोले जाएँ तथा गुण्डा एक्ट के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाए। लंबित विवेचनाओं, विशेषकर धोखाधड़ी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार करने संबंधी प्रकरणों में विवेचना को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। विवेचना के दौरान ई-साक्ष्य (डिजिटल साक्ष्य) का विधिसम्मत संकलन, सुरक्षित अभिलेखीकरण एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

### कड़ाके की ठंड में हृदय रोग से करे बचाव



**सिद्धार्थनगर ।** जैसे ही सर्दी ने दस्तक दी, हार्ट अटैक के मामलों में भी जबरदस्त वृद्धि देखी जा रही है। 30 से 50 वर्ष की आयु के लोगों में हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा बढ़ रहा है, और बीपी के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। सभी लोग कड़ाके की ठंड में हृदय रोग से बचाव करे। यह सलाह जीएस हैस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अंकित चतुर्वेदी ने दी है। उन्होंने कहा की अस्पताल की ओपीडी में रोज़ाना कई हार्ट मरीज आते हैं। सर्दियों में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अंकित चतुर्वेदी के अनुसार, परिवार में हृदय रोग का इतिहास रखने वाले लोगों को अपनी जांच नियमित रूप से करानी चाहिए। हार्ट अटैक की स्थिति में तुरंत सीपीआर दें और अस्पताल पहुँचाएं। एलर्जी न होने पर एस्पिरिन चबाना भी मदद कर सकता है।सर्दियों में हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। सही खान-पान, नियमित व्यायाम और समय पर दवाओं का सेवन जीवन रक्षा किया जा सकता है।सर्दियों में हार्ट और बीपी से बचने के उपायः पर्याप्त पानी पिएं ,बादाम और अखरोट खाएं ,धूम्रपान और शराब से बचें, रोज़ाना 30 मिनट व्यायाम करें ,धूप निकलने पर ही बाहर जाएं, कमरे का तापमान सामान्य रखें, बीपी और कोलेस्ट्राल की निगरानी करें ,तेल, घी और तैलीय भोजन से दूरी बनाएं।

# शाहपुर चौराहे के बारी मार्केट में दो दुकानों में चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर-** जिले के इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर चौराहे पर स्थित वार्ड नंबर तीन लोहिया नगर, नगर पंचायत डुमरियागंज के बारी मार्केट में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर शटर की गाइड फैला कर दुकानों के अंदर घुसे और नकदी व सामान समेट कर फरार हो गए। चोरी की घटना मंगलवार रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। वार्ड नंबर 9 सुभाष नगर निवासी राकेश सोनी ने बताया कि वह मंगलवार रात अपनी ज्वेलर्स की दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह दुकान के बगल स्थित किराने की दुकान के मालिक विशाल ने फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान का शटर उखड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचकर देखा तो मरम्मत के लिए रखे पुराने पायल और बिछुआ समेत करीब दस हजार रुपये का सामान गायब था। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

इसी मार्केट में स्थित मलिक मोबाइल के मालिक, वार्ड नंबर तीन लोहिया नगर निवासी नबी मलिक ने बताया कि उनकी दुकान से चोरों ने गल्ले में रखे लगभग बीस हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। चोर शटर की गाइड फैला कर अंदर घुसे और नकदी से भरा गल्ला लेकर फरार हो गए। दोनों दुकानें वार्ड नंबर तीन लोहिया नगर में स्थित हैं। सूचना मिलने पर इटवा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर छानबीन शुरू कर दी। इस संबंध में कोतवाल इटवा रविंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है, मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## साफ - सफाई के प्रति किया गया जागरूक



**सिद्धार्थनगर ।** जिले के नगर पंचायत उसका बाजार और उद्धारक इंटरप्राइजेज द्वारा नगर के लोहिया नगर वार्ड के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छ उत्तर प्रदेश मुहिम के अंतर्गत बुधवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में वृहत रूप से बच्चों को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों और उससे जुड़ी हुई कूड़े के सेग्रीगेशन और साफ सफाई से संबंधित जानकारी दी गई । अधिशासी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव ने इस ट्रेनिंग की सराहना की और कहा कि हम इस मुहिम को उद्धारक इंटरप्राइजेज के साथ मिल कर आगे ले जाएंगे। इस ट्रेनिंग में ट्रेनर मधुकर ने भी बच्चों के साथ कूड़े के प्रकरण को लेकर जानकारी दी और उन्होंने इसे जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही। मास्टर ट्रेनर आदित्य शुक्ला ने बच्चों को गेम और टूल के माध्यम से जागरूक किया। इस दौरान आनन्द, अजय, आदित्य ,शक्ति मिश्रा और प्रखर आदि रहे।

## उपजिलाधिकारी घाटमपुर द्वारा देर रात सीएचसी पतारा का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** जनपद कानपुर के घाटमपुर में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों के तहत् घाटमपुर के उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतारा का औचक निरीक्षण किया ,,घने कोहरे और मुख्य हाइवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की आंशका को देखते हुए यह निरीक्षण किया गया,, सीएचसी का औचक निरीक्षण एसडीएम ने डॉक्टर को दिए अलर्ट रहने के निर्देश घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने इमरजेंसी में डाक्टर डियूटी पर तैनात मिले, एसडीएम ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क दुर्घटनाओ में घायल हुए लोगों को तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए,, एसडीएम ने कहा कि अत्याधिक फॉग के कारण हाइवे पर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में सड़क सुरक्षा के द्रष्टि गत सीएचसी पतारा, में 24 घंटे अलर्ट मोड़ पर रखा जाए, इमरजेंसी बार्ड, एंबुलेंस सेवा,और मेडिकल स्टाफ हर समय तैयार रहे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत दी जाए,, आपको बताते चलें कि कानपुर,सागर मुख्य हाइवे पर स्थित होने के कारण सीएचसी पतारा को प्रशासन ने बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र बताया, घाटमपुर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी इस व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी,और सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा।

## श्रद्धा और सम्मान के साथ डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में मनाया गया श्रद्धानंद बलिदान दिवस




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं आर्य समाज के प्रमुख स्तंभ स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान दिवस को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी श्रद्धानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उनके सम्मान में हवन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी श्रद्धानंद जी का जीवन देशभक्ति, सामाजिक सुधार, नारी शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए पूर्णतः समर्पित था। उनका बलिदान हमें सत्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन, विचारों और योगदान पर प्रकाश डालते हुए लघु नाटक प्रस्तुत किए गए। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों से स्वामी श्रद्धानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा एक जागरूक, जिम्मेदार और राष्ट्रहितैषी नागरिक बनने का आह्वान किया।

## विद्युत मीटर की तोडफ़ोड़ करने का आरोप




**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम सिवनीखुर्द में रहने वाली रूपाली राजपूत पत्नी नन्दकिशोर ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसके घर में विद्युत संयोजन है, जिसका मीटर संख्या 2259432000 है। बताया कि गांव के दबंग व्यक्ति सुनील राजपूत पुत्र मैरवान सिंह राजपूत ने उसके घर लगे विद्युत मीटर की तोडफ़ोड़ कर दी। इस कारण उसे विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं दबंग द्वारा उस पर ही आरोप लगाये जा रहे हैं। पीड़िता ने मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

# घाटमपुर में सांसद, एसडीएम और एसीपी ने किया कंबल वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** अकबरपुर रनिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद देवेंद्र सिंह भोले द्वारा ग्राम शीतलपुर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान ग्राम शीतलपुर,राहा व चिल्ली सहित आसपास के गांव में कुल 160,पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराय गए कंबलों का वितरण किया गया ,,इस अवसर पर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि शीतलहर के प्रकोप से गरीब व जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित रखना शासन की प्राथमिकता है, उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर शीतलहर से बचाव के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण परेशान न हों, कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शीतलहरी से बचाव के लिए किए जा रहे, प्रशासनिक उपायों की जानकारी भी दी गई है,, सांसद ने जिलाधिकारी, एवं तहसील प्रशासन द्वारा किए जा रहे कामों की सराहना करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए,इस दौरान उपजिलाधिकारी घाटमपुर अविचल प्रताप सिंह,एसीपी घाटमपुर क्रष्ण कान्त यादव, तहसीलदार घाटमपुर अंकिता पाठक,नायब तहसीलदार शिवम् सहित, राजस्व विभाग की पूरी टीम मौजूद रहीं, कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कंबल पाकर शासन व प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गरीब व असहाय व्यक्तियों में कम्बल वितरण कराए : जिलाधिकारी



**सिद्धार्थनगर** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन अपने कक्ष में जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंचा। अत्यधिक ठंड होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांग व्यक्ति को कम्बल दिया गया तथा सम्बंधित अधिकारी को शिकायत का त्वरित निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत सभी निःशुल्क रैन बसेरों का निरीक्षण करें तथा गरीबों व असहाय व्यक्तियों में कम्बल का वितरण करायें। प्रमुख जगहों पर अलाव जलवायें।

# दृष्टिबाधित लोगों का पुनर्वास पुनीत कार्य -रोशनलाल उमरवैश्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** दिल्ली की राष्ट्रीय संस्था ऑल इंडिया कनफेडरेशन आफ द ब्लाइंड और डीएवी डेनमार्क के सहयोग से दृष्टिबाधितो की क्षमताओं से संबंधित कार्यशाला का आयोजन बुधवार को सभागार क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, अफीम कोठी में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया और आये हुये अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था द्वारा दृष्टिबाधित व्यक्तियों का पुनर्वास बहुत ही पुनीत कार्य है। संस्था ने प्रतापगढ़ जैसे क्षेत्र को अपने प्रोजेक्ट के लिए चुना इसके लिये अपनी तरफ से संस्था को धन्यवाद देता हूं।तत्पश्चात एआईसीबी सीबीआर कार्यक्रम के प्रभारी परियोजना अधिकारी डॉ0 मनीष मिश्र ने सीबीआर कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के फील्ड वर्कर्स क्षेत्र में जाकर दृष्टिहीनों की पहचान करते हैं तथा उनको चलने-फिरने, वस्तुओं को पहचानने, नोट गिनने, सुई में धागा डालने, पुरुषों को दाढ़ी बनाने आदि का प्रशिक्षण देकर उनके पुनर्वास के लिए संस्था द्वारा 15000 रूपये सीड मनी के रूप में दिया जाता है,जिससे कि वह कोई व्यवसाय करके अपने पैरों पर खड़ा हो सके तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से संपन्न हो सके।इसके बाद श्रीमती गौरी सेन,निजी सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, रक्षा मंत्रालय एवं फाउंडर नॉमिनी,एआईसीबी जो जन्म से दृष्टिबाधित हैं, ने संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग सब कुछ कर सकते हैं बस आप अपनी इच्छाशक्ति को मज़बूत बनाए रखिये। कार्यशाला को संबोधित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष द्विवेदी, श्रीमती गौरी सेन निजी सचिव रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन रक्षा मंत्रालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, विशेष लोक अभियोजन देवेंद्र गुप्ता, ग्रामीण बैंक नीरज मिश्र, लीड बैंक मैनेजर नीरज सिंह, जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम सुमन पांडे, एडवोकेसी अधिकारी डॉक्टर मनीष कुमार मिश्र आदि ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए अवसरोचित जानकारियां दिव्यांग जनों को दी।परियोजना अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा आभार ज्ञापन व संचालन लक्ष्मी प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार, प्रसून सक्सेना, वरुण चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन 26 दिसम्बर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में 26 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की 02 कम्पनियों के द्वारा ट्रेनी आपरेटर व सिक्योरिटी गार्ड के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in/ncs.gov.in पर आनलाइन पंजीयन करें।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में फेल होने से परेशान युवक ने किया सुसाइड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं में फेल होने और फसल खराब होने से परेशान होकर 23 वर्षीय युवक ने मफ़लर फंदा लगाकर जान दे दी, बुधवार सुबह मां सो कर उठी तों बेटे का शव लटकता देख बेसुध हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया,सचेडी थाना क्षेत्र के बिनौर, हीरा सिंह का पुरवा गांव निवासी शुभम् 23 वर्ष या संतोषी देवी और छोटा भाई निखिल के साथ रहता था, पिता ज्ञान सिंह की 2003 मैं मौत हो गई थी, इसके बाद वह खेती-बाड़ी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा था,वह दो बार एयरफोर्स का एक्जाम दे चुका था,जीडी की भर्ती में लंबाई कम होने से सलेक्शन नही हो पाया था, भाई ने बताया कि खेतों में पानी भर जाने से गेहूं की फसल खराब हो गई, इससे वह परेशान चल रहा था, उन्होंने बताया कि बीतीं देर रात करीब दो बजें वह खेतों की रखवाली कर घर आया था, जिसके बाद मफलर से बरामदे में फांसी लगाकर जान दे दी, सुबह परिजन सो कर जागे, तो शव लटकता मिला,सचेडी थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि म्रतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा का भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे और अंतिम दिन स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुल 5 खेलो एथलेटिक्स वालीबॉल बैडमिंटन कुश्ती और कबड्डी के सभी विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद अमरपाल मौर्य का जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने पुष्पगुच्छ और उप खेल अधिकारी रंजीत यादव ने बैज लगाकर स्वागत किया।उक्त प्रतियोगिता में विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी,पूर्व जिला अध्यक्ष हरि ओम मिश्रा,राघवेंद्र शुक्ला भाजपा जिला मीडिया प्रभारी और प्रवक्ता,अंशुमान सिंह भाजयुमो जिलाध्यक्ष ,निशित श्रीवास्तव जिला महामंत्री,भाजपा नेता संतोष मिश्रा,कौशलेंद्र पटेल जिला प्रभारी,राम जी मिश्रा जिला मंत्री, आनंद मिश्रा,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह,विद्यासागर शुक्ला, गिरधारी सिंह,अशोक कुमार सिंह,शिवानी मातनहेलिया, प्रमिला शुक्ला, रमा मिश्रा, यशोदा शुक्ला, राहुल मौर्या, चंद्र प्रताप सिंह, विनय सिंह सहित सभी नगर पंचायतों के अध्यक्ष सहित संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सांसद मौर्य ने जनपद के लिए भविष्य में हर संभव मदद करने का आश्वासन देने के साथ साथ खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला और जनपद के लिए विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उक्त प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह एवं सुशील कुमार सिंह जिला स्काउट शिक्षक अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, तलवारबाजी प्रशिक्षक लवली मिश्रा, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, दुर्गेश तिवारी मुन्ना, कपिल, विमल, पवन इत्यादि का आभार प्रकट किया।

## तरुण चेतना ने किया वार्षिक सांस्कृतिक एवं ड्रामा कार्यक्रम का आयोजन

● बच्चों के प्रतिभा की सराहना- सीडीपीओ अपर्णा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** तरुण चेतना संस्था द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत बुधवार को वार्षिक संस्कृति एवं ड्रामा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा समाज में बाल संरक्षण एवं शिक्षा का संदेश फैलाना रहा।कार्यक्रम में परियोजना से जुड़े बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नाटक, गीत और नृत्य के माध्यम से बाल श्रम, बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार, बाल हिंसा और समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और तरुण चेतना संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने में सहायक होता है क्योंकि बच्चे हमारे देश की शान हैं।इस अवसर पर संस्था के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि बाल अधिकार परियोजना का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें शिक्षित करना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करना है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वहीद अंसारी अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण समुदाय के लोग उपस्थित रहे।अंत में परियोजना के कोर्डिनेटर अच्छे लाल बिंद ने बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रिसर्च ऑफिसर श्याम शंकर शुक्ला ने किया।इस कार्यक्रम में संस्था के सह निदेशक हकीम अंसारी, ब्रह्मदेव उपाध्याय, अराध्या सरोज, मोहित, लक्ष्मी सोनी, गरिमा, पल्लवी, उमेश, अमित गौतम,अभिषेक गौतम, प्रिया, माही गुप्ता, शाकिरा, कुसुम आदि लोग शामिल रहे।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध - प्रदर्शन

● हिन्दू संगठन के लोगों ने जन - आक्रोश यात्रा निकाल कर किया पुतला दहन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बांग्लादेश में हिंदू समाज पर लगातार हो रहे अत्याचार, हिंसा और उत्पीड़न के विरोध में बुधवार को सिद्धार्थनगर में हिंदू संगठनों का आक्रोश फूट पड़ा। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। आक्रोश प्रदर्शन की शुरुआत जिला मुख्यालय स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर से हुई। हाथों में भगवा ध्वज लिए कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सिद्धार्थ तिराहे तक पहुंचे, जहां जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शन के दौरान 'हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो ', 'बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करो' जैसे नारे गूंजते रहे। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय ने कहा 'बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार और हिंसा न केवल मानवता के खिलाफ हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत पर भी हमला हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और वहां रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। हम इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला मंत्री शिवाजी, उपाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, महिला उपाध्यक्ष शर्मिला अग्रहरि, सुरक्षा प्रमुख अजय सिंह, गौरक्षा प्रमुख राकेश मिश्र, धर्म प्रसार प्रमुख आशीष सिंह, सह मंत्री जय प्रकाश गुप्ता, प्रसार प्रमुख संदीप मद्धेशिया, विभाग संयोजक अजय प्रताप, दुर्गा वाहिनी संयोजिका मनसा, कनक श्रीवास्तवा, मालती, संगीता, जिला संयोजक सुरेश, मिलन प्रमुख शारदा पाण्डेय, सह संयोजक सौरभ, विद्यार्थी संपर्क प्रमुख मोहित, बर्डपुर नगर अध्यक्ष अर्जुन मद्धेशिया, शोहरतगढ़ अध्यक्ष सचमुच त्रिपाठी, संयोजक हरिश्चंद्र, सह संयोजक अरुण सहित आदि लोग शामिल हुए।

## अतिशय क्षेत्र गिरारगिरी कार्यक्रम की पत्रिका का हुआ विमोचन

●मुनिश्री समत्व सागरजी महाराज के सान्निध्य में हुआ आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** परम पूज्य मुनिश्री 108 समत्व सागरजी महाराज परम पूज्य मुनिश्री शीलसागरजी महाराज के मंगल सानिध्य में मड़ावरा नगर में सिद्धचक्र महामंडल विधान अगाध श्रद्धा भक्ति के साथ चल रहा है। मीडिया प्रभारी डा.सुनील ने बताया कि देश के जाने-माने प्रतिष्ठाचार्य, अतिशय क्षेत्र नवागढ़ के निर्देशक ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत, डा.सनत कुमार, पं.जयकुमार जैन, पं.संतोष शास्त्री आदि विद्वतवर्ग द्वारा अतिशय क्षेत्र गिरार गिरी में 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन किया गया। महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि अतिशय क्षेत्र गिरार गिरी में 16 से 23 जनवरी तक होने जा रहे सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन मुनिश्री समत्वसागर महाराज व मुनिश्री शीलसागर महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण



**हमीरपुर-** पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने बुधवार के दिन प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया और प्रशिक्षण की गुणवत्ता,



अनुशासन, उपस्थिति, प्रशिक्षण सामग्री एवं उपलब्ध संसाधनों की तकनीकी समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में रिक्रूट आरक्षियों से शस्त्र खोलने एवं जोड़ने का अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं प्रशिक्षण से संबंधित सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, समयबद्धता एवं जनसेवा के मूल मूल्यों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया तथा पुलिस सेवा को एक जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व बताते हुए ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया।निरीक्षण के दौरान आई0 टी0आई0/पी0 टी0आई0 व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### राह चलते हुए पीड़ितों की मदद करते हैं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल

**रास्ते में हुए सड़क दुर्घटना में घायलों को अपने निजी साधन से अस्पताल पहुंचा कर बचाते हैं घायलों का जान**



**हलिया, मीरजापुर।** हलिया क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 से हुए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल राह चलते लोगों का करते हैं मदद रास्ते में हुए सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचा कर बचाते हैं उनकी जान सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले दिलीप पटेल ने तमाम लोगों की मदद करते हुए नजर आते हैं जो कि तुरंत अपने निजी साधन से लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचा कर अस्पताल में डॉक्टर से जूझकर तुरंत एडमिट करवा कर दिलाते हैं उचित इलाज कहीं भी कोई भी पीड़ित को समस्या नजर आता है तो तुरंत जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल मौके पर पहुंचकर दिलाते हैं उसको न्याय 2021 में लोगों की मदद से ही मिला था जिला पंचायती का पद लोगों की मदद के लिए तात्पर्य रहते हैं

जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी दिलीप पटेल दिलीप पटेल ने मंगलवार को मिर्जापुर से वापस आते समय एक लालगंज के पास एक्सीडेंट में घायल हुए युवक को तुरंत लालगंज सीएससी में ले जाकर भर्ती करवाए मौके पर डॉक्टर नहीं मिले जिस पर नाराजगी जलते हुए उन्होंने जूझकर पेशेंट को एडमिट करवाया उसके बाद हलिया बरी पेट्रोल पंप के पास रोड एक्सीडेंट में महिला व पुरुष को घायल अवस्था में देखकर उसको भी तुरंत हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल ने बताया कि हमारा नैतिक जिम्मेदारी है लोगों का मदद करना कहीं पर कोई भी पीड़ित परेशान दिखेगा तो उसकी मदद करना हमारा नैतिक जिम्मेदारी बनता है हम जनसेवक हैं और जनता की सेवा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे जनता का इस्नेह प्यार बराबर हमें मिलता है।

# हमीरपुर डिपो में भुगतान अनियमितताओं के आरोप, जांच की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के चित्रकूटधाम क्षेत्र अंतर्गत हमीरपुर डिपो में कार्यरत चालकों एवं परिचालकों के भुगतान को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में एक स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा निगम के उच्चाधिकारियों को शिकायत पत्र भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हमीरपुर डिपो में तैनात वरिष्ठ केंद्र प्रभारी तथा समय व्यवस्थापक द्वारा नियमित एवं संविदा संवर्ग के चालकों और परिचालकों को उनके द्वारा अर्जित वास्तविक किलोमीटर और कार्य दिवसों के आधार पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि भुगतान से संबंधित अभिलेखों में हेरफेर कर कभी कम किलोमीटर को अधिक और कभी अधिक किलोमीटर को कम दर्शाया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक क्षति हो रही है।

बताया गया है कि इस कथित गड़बड़ी से न केवल चालकों और परिचालकों में रोष व्याप्त है, बल्कि निगम को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि वे दिन-रात मेहनत कर यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें उनके वास्तविक परिश्रम का पूरा पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है।

इस मामले को लेकर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सहयोग मंच हरेंद्र सिंह ने वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ को पत्र भेजकर जून 2025 से नवंबर 2025 तक की अवधि में हमीरपुर डिपो में कार्यरत समस्त चालकों एवं परिचालकों के किलोमीटर एवं कार्य दिवसों का भौतिक सत्यापन कराए जाने की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों




के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है।

शिकायत पत्र की प्रतिलिपि प्रबंध निदेशक, प्रमुख सचिव परिवहन, प्रधान प्रबंधक संचालन, क्षेत्रीय प्रबंधक बांदा तथा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक हमीरपुर को भी भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि निगम प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू करता है और पीड़ित कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने किया खाद वितरण केन्द्र का निरीक्षण, किसानों से की बात

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** खाद की किल्लत खबरें लगातार प्रकाशित होने पर जनप्रतिनिधियों ने भी समस्या दूर करने के लिए कमर कस ली है, जिसको लेकर बुधवार के दिन जनपद की जिलापंचायत अध्यक्ष जयंती सन्तराम राजपूत अचानक राठ कस्बा के रामलीला मैदान के पास स्थित सहकारी समिति पहुँची ।जहाँ पर उन्होंने समिति का निरीक्षण कर किसानों से वार्ता की। बातचीत के दौरान उन्होंने किसानों से पूछा कि खाद अधिक मूल्य पर तो नहीं बेंची जा रही है, समिति कर्मचारियों द्वारा सही तरीके से खाद वितरण की जा रही है या नही। निरिक्षण दौरान उन्होंने समिति में स्टॉक रिजिस्टार व विक्री रिजिस्टर







की भी जांच की। समिति में तैनात कर्मचारियों को आदेशित करते हुए कहा कि खाद की विक्री किसानों को सुचारू रूप से तथा सरकार द्वारा तय मूल्य पर उपलब्ध कराई जाय। वही इस दौरान जयंती राजपूत ने कहा कि सरकार द्वारा प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए है कि खाद की ओवर रेटिंग करना यानी किसानों के साथ धोखाधड़ी से कम नहीं है, ऐसी स्थिति में अगर कोई भी व्यक्ति ओवर रेटिंग करता पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाई करवाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने जनपद के सभी प्राइवेट लाइसेंस धारकों को भी हिदायत दी कि निर्धारित मूल्य से अधिक।में खाद न बेंचते हुए पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाई की जाएगी।

## क्रिश्चियन चर्च बुढ़ार में क्रिसमस डे की तैयारी बड़े जोरो शोरो से

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बुढ़ार** नगर में आदर्श कॉलोनी में स्थापित क्रिश्चियन चर्च में 25 दिसंबर को मनाए जाने वाली क्रिसमस डे की तैयारी बच्चों ने बड़ी तेज़ी से नए-नए रंग रोवन बनाकर गुरुवार को25 दिसंबर निर्माताओं ने विभिन्न प्रकार के डिजाइन वाले अनेक रंग रंग बुढ़ार के माने जाने शानदार होटल मार्क में लाइट झूमर स्टार और बहुत ही सुंदर मनमोहक सांता क्लोस का स्टेचू बनकर खड़ा है जो जो आकर्षक रूप एवं सुंदरता का प्रतीक बना हुआ है वही प्रभु यीशु मसीह का जन्म स्थल भी बनाया गया है और चारों तरफ लाइट रंग-बिरंगे कागजों से सजाया गया हुआ ईसाई धर्म के क्रिसमस डे विशेष महत्व यह पर्व हर साल 25दिसबर को प्रभु के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है इस अवसर पर विभिन्न चर्चाओं में अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं क्रिसमस डे के उपलक्ष में रही है मसीह समाज के लोग मसीह समाज के घर घर जाकर यीशु मसीह के जन्म के गीत के माध्यम से खुशीय बांट रहे हैं घरों को भी क्रिसमस ट्री, स्टार,झालर,पेपर डेकोरेशन द्वारा सजाया गया है। क्रिश्चियन चर्च बुढ़ार के द्वारा भी कैराल पार्टी निकाली गई जिसमें लिटिल स्टार एडी और अभिजीत खालको, और,आदिबाबु थे?और क्रिसमस फादर के भेष-भूषा में प्रियेश सभी को चाकलेट बाट रहे थे तथा मारया, कल्पना, गुनगुन, संध्या, सोनिका, निर्मला, सुरेखा, ये सभी गीतों के माध्यम से यीशु के जन्म की खुशीया बांट रहे थे।

प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाते हुए प्रभु यीशु मसीह जी का जहां प्रार्थना का संचालन संजय सहाय के द्वारा किया जाता तथा क्वायर प्रभु के जन्म उत्सव संगीत को गया गया तथा युवा बच्चों जिम शिल्पी कल्पना मारिया संध्या विक्की



जूली और के द्वारा प्रभु के गानों पर संस्कृत कार्यक्रम किए गए तथा रोजलीन नेयर्सिस के द्वारा प्रभु के जन्म के ऊपर शुभ समाचार प्रचार किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि यीशु ने प्रेम दया आज्ञाकारिता दिखाई जबकि नितिन पवन मारथी लवली मिसिस मिंज आदि ने इस सभा में सम्मिलित होकर प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# हम कोई एहसान नहीं माँग रहे, हम न्याय माँग रहे हैं: दिल्ली के शिक्षक अभ्यर्थी अब टूटने की कगार पर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली** महीनों से–दिन नहीं हफ्ते नहीं, बल्कि लगातार महीनों से–दिल्ली के हज़ारों शिक्षक अभ्यर्थी एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रियों के दफ्तर, विधायकों, विभागों और विभिन्न प्राधिकरणों तक- हर जगह से उन्हें सिर्फ़ आश्वासन मिले हैं कहीं 'विचार चल रहा है कहीं समीक्षा हो रही है तो कहीं योजना बनाई जा रही है लेकिन जो आज तक नहीं मिला, वह है स्पष्ट, लिखित और समय-सीमा से बंधा निर्णय। आज ये अभ्यर्थी- जिनमें अधिकांश महिलाएँ के साथ बड़ी संख्या में पुरुष भी शामिल हैं- एक बार फिर जनकपुरी स्थित शिक्षा मंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय पहुँचे हैं अपनी अंतिम अपील के साथ।

यह कोई विरोध प्रदर्शन नहीं है। यह उन लोगों की आवाज़ है जो थक चुके हैं, अनसुने रह गए हैं, और धीरे-धीरे व्यवस्था से विश्वास खोते जा रहे हैं जब महिलाओं को सपनों और ज़िम्मेदारियों के बीच चुनाव करने को मजबूर किया जाता है इन अभ्यर्थियों में बड़ी संख्या उन महिलाओं की है जोः विवाहित हैं कई की गोद में छोटे बच्चे हैं जिन पर परिवार की पूरी ज़िम्मेदारी है वे सुबह सूरज निकलने से पहले घर संभालती हैं।

दिनभर जिम्मेदारियाँ निभाती हैं। और रात को–सब सो जाने के बाद–अपने भविष्य के लिए पढ़ाई करती हैं। वे सिर्फ़ अपने लिए नहीं पढ़ रहीं, वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए पढ़ रही हैं, वे अपने आत्मसम्मान के लिए पढ़ रही हैं। हर एक साल की देरी का मतलब हैः एक और साल की आर्थिक निर्भरता

**एक और साल की स्थिरता का टलना**

एक और साल यह सुनना– 'थोड़ा और इंतज़ार कीजिए ' जिस देश में महिला सशक्तिकरण के नारे सबसे ऊँचे स्वर में लगाए जाते हैं, वहीं ये महिलाएँ आज अनिश्चितता, मानसिक तनाव और खामोश पीड़ा के बीच फँसी हुई हैं। और पुरुष अभ्यर्थियों का क्या? यह संघर्ष



केवल महिलाओं तक सीमित नहीं है।

**हज़ारों पुरुष अभ्यर्थी भी हैं, जोः** अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले हैं बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल कर रहे हैं कर्ज़ और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों का बोझ उठा रहे हैं आज वे भी असहाय होकर देख रहे हैं कि उनके वर्षों की मेहनत बिना किसी स्पष्ट कारण के बेकार होती जा रही है। वर्तमान भर्ती अधिसूचना में *पुरुष अभ्यर्थियों की आयु-सीमा घटा दी गई है,* जिससे वर्षों से तैयारी कर रहे युवाओं की उम्मीदें अचानक समाप्त हो गईं।

**आज वे यह सवाल पूछने को मजबूर हैंः** क्या व्यवस्था पर भरोसा करना हमारी गलती थी एक नीति जो भरोसा तोड़ देती है पिछले चार दशकों से–1980 के दशक से–महिलाओं को 10 वर्ष की आयु-छूट एक स्थापित नीति रही है। आज वही महिलाएँ यह सुन रही हैं कि सरकार एक बार की छूट देने पर विचार कर रही है–और उसके बाद इस व्यवस्था को समाप्त किया जा सकता है।

यह पूरे देश के लिए एक गंभीर सवाल खड़ा करता है क्या 'एक आख़िरी मौका' न्याय है या चुपचाप दरवाज़ा हमेशा के लिए बंद करने की कोशिश यदि सरकार वास्तव में समान अवसर में विश्वास रखती है, तो फिर महिलाओं को दोबारा कार्यबल में लौटने का अवसर देने वाली नीति क्यों हटाई जा रही है?

पुरुष अभ्यर्थियों की आयु-सीमा बिना किसी संक्रमण या सुरक्षा के क्यों घटाई गई? स्पष्टता की जगह असमंजस क्यों दिया जा रहा है? आश्वासन से जिंदगी/घर नहीं चलता

ये अभ्यर्थी कोई शॉर्टकट नहीं माँग रहे।

वे कोई दया नहीं माँग रहे। आश्वासन कोचिंग की फीस नहीं भरते। बैठकें मानसिक तनाव खत्म नहीं करतीं। योजना बन रही है' से खोए हुए साल वापस नहीं आते। आवेदन दिया जा चुका है, उम्मीद अब भी प्रतीक्षा में आशीष सूद, शिक्षा एवं सेवा मंत्री, दिल्ली सरकार* को फिर से एक विस्तृत लिखित आवेदन पहले ही सौंपा जा चुका है, जिसमें साफ़ तौर पर बताया गया हैः नीतिगत विरोधाभास, लैंगिक और सामाजिक प्रभाव, भावनात्मक एवं आर्थिक संकट, इसके बावजूद-आज तक कोई ठोस उत्तर नहीं। यह क्षण क्यों महत्वपूर्ण है यह केवल शिक्षक भर्ती का मुद्दा नहीं है।

यह जुड़ा हैः शासन पर विश्वास से महिलाओं को निष्पक्ष अवसर से कामकाजी उम्र के पुरुषों की गरिमा से और देश की कक्षाओं व छात्रों के भविष्य से जब योग्य शिक्षक सत्ता के गलियारों में भटकने को मजबूर होते हैं, तो शिक्षा व्यवस्था स्वयं हारने लगती है।

**व्यवस्था से अंतिम प्रश्न**

एक लोकतंत्र अपने नागरिकों से बिना उत्तर दिए कब तक प्रतीक्षा करवा सकता है? महिलाओं और पुरुषों को कब तक सिर्फ़ 'उम्मीद' के सहारे रखा जाएगा, न्याय के बजाय? आज फिर से शिक्षा मंत्री कार्यालय एवं मुख्यमंत्री कार्यालय पहुँचना कोई प्रदर्शन नहीं है यह एक अंतिम, शांतिपूर्ण और गरिमामय अपील है।

अभ्यर्थी न नारे लगा रहे हैं, न सड़कें रोक रहे हैं। वे बस इतना कह रहे हैं- बहुत देर होने से पहले, कृपया हमारी आवाज़ सुनिए

### सिलापथार में जर्जर पथ निमार्ण और तेज रफ्तार डंपर नियंत्रण के लिए आसू का प्रदर्शन। जिला आयुक्त को भेजा ज्ञापन



**धेमाजी असम।** अखिल असम छात्रा संघ के सिलापथार और माधुरीपथार आंचलिक समिति ने आज दुपहर को खानामुख में अकाजान लिकाबली रोड को ब्लक कर प्रदर्शन किया। असम और अरुणाचल प्रदेश को जोड़ने वाली लिकाबाली सड़क के साथ इलाके की पुकिया सबसे बिज़ी सड़क की तुरंत मरम्मत की भी मांग की। सड़क में तेज रफ्तार से चलाने वाली डंपरों को नियंत्रण के मांग में प्रदर्शन किया। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की ख़बर को चिंता जताते हुए प्रदर्शनकारियों ने सीसीबरगांव तहसीलदार के जरिए जिला आयुक्त एक ज्ञापन भेजा। प्रदर्शनकारियों ने इन मांगो को जल्द पूरा करने एवं सड़क का मरम्मत शुरू करने के लिए समय पर कदम नहीं उठाए गए तो वे ज़ोरदार आंदोलन करने की बात कही।

# तेरहवीं संस्कार से लौट रही वृद्धा को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत, दो घायल





**● पुलिस पर अभद्रता का आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** बुधवार सुबह लगभग ग्यारह बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर इंगोहटा के पास अरतरा तिराहे पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कबरई की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर पीछे बैठी वृद्धा सड़क पर गिर पड़ीं और ट्रक उन्हें कुचलते हुए निकल गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।सड़क दुर्घटना में बाइक चालक और मृतका के पति गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महावीर वर्मा (62) अपनी पत्नी किशोरी (60) और धनपुरा निवासी चंद्रपाल के साथ बाइक से मंगलवार को ग्राम अरतरा में रामऔतार वर्मा के तेरहवीं संस्कार में शामिल होने गए थे। बुधवार को लौटते समय अरतरा तिराहे पर लघुशंका के बाद जैसे ही वे बाइक पर बैठे, तभी कबरई की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक यूपी 32 एलएन 0489 ने पीछे से टक्कर मार दी।दुर्घटना में वृद्धा ,किशोरी सड़क पर गिर पड़ीं और ट्रक के कुचलने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बाइक चालक चंद्रपाल और मृतका के पति महावीर वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सुमेरपुर से जिला अस्पताल रेफर किया। ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के रिश्तेदार एवं आजाद समाज पार्टी के मंडल सचिव संतोष वर्मा ने आरोप लगाया कि परिजनों के पहुंचने तक शव न ले जाने की मांग पर पुलिस ने उनके साथ अभद्रता की और जबरन शव ले गई। उन्होंने इस मामले को लेकर जिला मुख्यालय पर विरोध दर्ज कराने की चेतावनी दी है। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

**● चार बकरियों की मौत, लाखों की गृहस्थी जलकर राख**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के बिरखेरा गांव में रविवार रात एक हृदयविदारक घटना घटी, जहाँ शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग से एक गरीब परिवार का भारी नुकसान हो गया। इस अग्निकांड में चार बकरियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई अन्य दो जानवर झुलस गए और घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिरखेरा निवासी बालेंद्र पाल पुत्र लाली पाल के मकान में मंगलवार की रात करीब नौ बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से चिंगारी उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर के अंदर बंधी चार बकरियों को बाहर निकालने का मौका तक नहीं मिला और वे





जिंदा ही जल गईं। जबकि एक गाय और एक भैंस को जान जोखिम में डालकर बाहर निकाला लेकिन वह झुलस गईं उनका उपचार कराया जा रहा है,आग ने मकान की अटारी को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखा भारी मात्रा में भूसा राख हो गया। इसके अलावा, घर में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर और अन्य आवश्यक सामान जलकर खाक हो गया। ग्राम प्रधान अशोक यादव ने बताया कि आग लगने से पूरे गाँव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुँची और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रात एक बजे आग पर काबू पाया जा सका। इस आपदा ने बालेंद्र पाल के परिवार को खुले आसमान के नीचे ला दिया है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। राजस्व विभाग की टीम नुकसान का आकलन कर रही है ताकि परिवार को उचित मुआवजा मिल सके। ग्राम प्रधान ने बताया कि आग से पीड़ित परिवार की भारी क्षति हुई है।

## आपदा मित्र सम्मेलन में, शोषण का मुद्दा उठाया, पहले वेतन की गारंटी मांगी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बा के एक गेस्ट हाउस में बुंदेलखंड आपदा मित्र सम्मेलन का आयोजन किया गया , जहां आपदा मित्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आपदा मित्रों का वर्षों से शोषण किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपदा मित्रों को न तो कोई मासिक मानदेय दिया जाता है और न ही आज तक किसी प्रकार का प्रोत्साहन या पुरस्कार मिला है।

प्रदीप कुमार ने कहा कि आपदा मित्रों को केवल बाढ़, आगजनी, सर्च एंड रेस्क्यू (क्र्क्र) जैसे संकट के समय ही याद किया जाता है, जबकि सामान्य दिनों में उनकी कोई सुध नहीं ली जाती। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के बयान का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में आपदा मित्रों की मदद से लगभग 78,000 लोगों की जान बचाई गई, जिससे सरकार को लाखों-करोड़ों रुपये की बचत हुई है। इसके बावजूद यदि एक आपदा मित्र को मात्र 25 से 26 हजार रुपये मासिक मानदेय भी दिया जाए, तो सरकार यह जिम्मेदारी निभाने को तैयार




नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार चाहे किसी भी दल की रही हो–बीजेपी, सपा, कांग्रेस या बसपा–किसी ने भी आपदा मित्रों को अपना 'मित्र' नहीं समझा। आपदा आने पर जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू करना पड़ता है, लेकिन बदले में न सम्मान मिलता है और न ही आर्थिक सुरक्षा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने दो टूक शब्दों में कहा कि 'पहले वेतन की गारंटी होगी, उसके बाद ही काम की गारंटी दी जाएगी। यह लड़ाई अब आर-पार की होगी और सरकार को आपदा मित्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

सम्मेलन में ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आपदा मित्र) मौजूद रहे। उनके साथ विवेक मणि त्रिपाठी (प्रदेश उपाध्यक्ष), प्रवीण कुमार पटेल (प्रदेश सचिव), महेंद्र कुमार (जिला अध्यक्ष, महोबा), शिवदास जी (जिला उपाध्यक्ष, हमीरपुर), ऋषभदेव यादव (जिला अध्यक्ष, हमीरपुर), रोहित कुमार (जिला सचिव), पूनम जी (जिला कोषाध्यक्ष), रीना जी (आपदा सखी), सहित गौरव सोनकर, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, अरविंद कुमार, धीरेंद्र तिवारी, नारायण दास, करणपाल, रोहित कुमार, शैलेंद्र कुमार, भूपत कुमार, रवि कुमार, विपिन कुमार राय, प्रकाश, सत्येंद्र कुमार, कृष्ण गोपाल, वीरू कुमार सहित बड़ी संख्या में आपदा मित्र उपस्थित रहे।

# दीनदयाल पाल इंटर कॉलेज में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को मिले पुरस्कार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** मुख्यालय के शीतलपुर में स्थित दीनदयाल पाल इंटर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए दौड़, कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक हेमन्त कुमार एवं प्रधानाचार्य रामबाबू द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिससे उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के समस्त विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। विभिन्न खेलों में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और खेल भावना का माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं



तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल और अधिक बढ़ा। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि कॉलेज में प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि छात्र-छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारा जा सके। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का महत्व भी उतना ही है, क्योंकि इससे विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त अध्यापकगण एवं कर्मचारियों का



सहयोग सराहनीय रहा। खेलकूद प्रतियोगिता ने छात्रों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। विद्यालय के अध्यापकगणों एवं समस्त कर्मचारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अध्यापकों में अशोक कुमार, कैलाश सिंह, कमलेश सिंह, सुरेश सिंह, कुंवर सिंह, श्याम चरण, रवेंद्र कुमार, अजीत कुमार, अंकित कुमार सहित विद्यालय परिवार और समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।